e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 331
शनिवार
07.12.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
जीवन एक ऐसा रंगमंच है, जहां किरदार को खुद पता नहीं की अगला द्रश्य क्या होगा!

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी सहित दिग्गज नेताओं ने दी बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भुवनेश्वर के एजी स्कायर पर जाकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की. इसके बाद वह हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गईं. वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने गृह जिले मयूरभंज का दौरा करने का भी कार्यक्रम बनाया है. पीएम मोदी ने शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि आज जब देश उनके योगदान को याद कर रहा है तो वे उनकी दृष्टि को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराते हैं. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,महापरिनिर्वाण दिवस पर, हम अपने संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. बाबासाहेब को नमन करते हैं.पीएम मोदी ने कहा, समानता और मानवीय गरिमा के लिए डॉ. आंबेडकर का अथक संघर्ष पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 11° |

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को दिया निर्देश

# 2 महीने में विभागों की समीक्षा कर दें रिपोर्ट : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी मंत्रियों को उनके विभागों की दो महीने में समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। पदाधिकारी से मंत्री तक तय किए गए हैं। आने वाले समय में राज्य को बेहतर दिशा कैसे दें, इसमें कुछ 15-16 प्वाइंट बनाये गये हैं, जो आगे की रूपरेखा तय करेंगे। सोरेन ने कहा कि रांची ही नहीं बाकी जिला कार्यालयों तक बैठक होगी और मंत्री समीक्षा करेंगे। इसमें सभी चीजों को देखा जायेगा। सभी विभागों में प्रमोशन भी होंगे। जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान होगा। कुल मिलाकर बहुत से विषय हैं। मंत्रियों को विभागों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है। हेड क्वार्टर से लेकर जिला कार्यालय तक समीक्षा करने को कहा गया है। दो महीने में सभी विभागों की समीक्षा मंत्री करेंगे और पदधिकारियों के कार्यकुशलता का भी ध्यान रखेंगे। फिर सभी चीजों से उन्हें भी अवगत कराने कहा गया है।

### कैबिनेट में लिए गए 17 प्रमुख निर्णय

- मंत्रिपरिषद में भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर स्वयं संतुष्ट हो लें। वित्त विभाग, विधि विभाग, कार्मिक विभाग से भी सम्पर्क करें ताकि ससमय मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्ताव आ सके।
- **सभी मंत्रीगण अपने-अपने विभागों के सभी जिला के क्षेत्रीय कार्यालय में जाकर विभागीय कार्यकलाप की समीक्षा करें तथा विभागीय योजनाओं के लाभुकों से मुलाकत कर फीडबैक लें।**
- विभागीय कार्यकलाप का समीक्षा करें। सभी योजनाओं को समझ कर उसके गुण-दोष का अध्ययन करें।
- **वैसी योजनाएं जो बहुत दिनों से लम्बित हैं, उसके लम्बित रहने के कारण की समीक्षा करें और उसको पूरा कराने के लिए कार्रवाई करें।**
- कई योजनाएं ऐसी हैं, जिसमें आज की पृष्ठभूमि में बदलाव अपेक्षित है या फिर कुछ प्रावधान के कारण क्रियान्वयन में कठिनाई होती है उसके निराकरण का प्रस्ताव प्राप्त कर कार्रवाई करें।
- **राज्य में आपके विभाग के योजना से यदि कोई क्षेत्र छूटा हुआ है, खासकर दूर-दराज के क्षेत्र, एससी-एसटी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र उसके लिए योजना के प्रस्ताव पर विचार करें।**
- वैसे विभाग जिनमें राजस्व प्राप्ति की बेहतर संभावनाएं हैं, वे राजस्व स्रोत की समीक्षा कर राजस्व प्राप्ति की बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव तैयार करें।
- **भवन जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर वाली योजना की विशेष समीक्षा करें ताकि बना हुआ भवन का वास्तविक इस्तेमाल हो सके। अनावश्यक भवन आदि की योजना न लिया जाय।**
- वर्ष 2025-26 में ली जाने वाली योजनाओं की रूपरेखा तैयार करें।
- **अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी के प्रोन्नति की स्थिति की समीक्षा करें और प्रोन्नति प्रदान करें।**
- पदस्थापना की समीक्षा करें और आवश्यकता या कम जरूरी के आधार पर एडजस्टमेंट करें।
- **आप्त सचिव तथा निजी स्टॉफ रखते समय उसकी पृष्ठभूमि जरूर देख लें ताकि विवादित कर्मी मंत्री कार्यालय में स्थान नहीं पायें।**
- कोर्ट केस मामले की भी समीक्षा करें ताकि सरकार केस कम से कम हारे।
- **अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर भी हर जिला में भ्रमण करें और लोगों से मिलकर वहां की समस्या (खासकर अपने विभाग से संबंधित) के निपटारा के लिए प्रयास करें।**
- क्षेत्रीय पदाधिकारियों के बारे में क्षेत्र भ्रमण के क्रम में फीडबैक प्राप्त करें और मुख्यमंत्री को समय-समय पर अवगत कराएं।
- **स्थानीय जन प्रतिनिधियों से मिलने के लिए तिथि का निर्धारण कर दें, ताकि सभी को सहुलियत हो।**
- सभी मंत्री समय-समय पर अपने विभाग की उपलब्धियों के विषय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी उपलब्ध कराते रहेंगे।




**मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आने वाले समय में राज्य को बेहतर दिशा कैसे दें, इसमें कुछ 15-16 प्वाइंट बनाये गये हैं, जो आगे की रूपरेखा तय करेंगे।**

## हेमंत मंत्रिमंडल : मंत्रियों के बीच हुआ विभागों का बंटवारा

### राधाकृष्ण किशोर को वित्त, वाणिज्य कर विभाग व संसदीय कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** हेमंत मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा हो गया है. मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पास कार्मिक प्रशासनिक सुधार, गृह कारा, पथ निर्माण, भवन निर्माण, मंत्रिमंडल निगरानी विभाग समेत वैसे तमाम विभाग जो दूसरे किसी मंत्री को आवंटित नहीं हुए हैं अपने पास रखे हैं.जारी अधिसूचना के अनुसार मंत्री राधाकृष्ण किशोर को वित्त विभाग के अलावा वाणिज्य कर विभाग, संसदीय कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. दीपक बिरुवा को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अलावा परिवहन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. मंत्रिमंडल में चमरा लिंडा को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग दिया गया है. वहीं संजय प्रसाद यादव को श्रम विभाग के साथ-साथ उद्योग विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के साथ-साथ निबंधन विभाग की जिम्मेदारी रामदास सोरेन को दी गई है.

**असर्फी हॉस्पीटल**
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलबध
- बाईपास सर्जरी / ओपन हार्ट सर्जरी
- हृदय वाल्व की रिपेयर या रिप्लेसमेंट

7808368888 www.asarfihospital.com



# टीएसपीसी की सक्रिय सदस्य जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर नौड़ीहा बाजार पुलिस ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू पुलिस अधीक्षक के सूचना मिली की ज्ञस्क्ष के सक्रिय सदस्य जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ मंत्री जी उर्फ़ अभियंता जी उम्र 28 वर्ष पिता स्व अदरु सिंह ग्राम सैलया खुर्द थाना नौड़ीहा बाजार जिला पलामू सुबह मे नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के बाराखाड डैम के पास आने की भनक थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व मे टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा त्वरित करवाई करते हुए ग्राम बाराखाड़ डैम के पास पहुँचा तो देखा कि एक आदमी भोवराहा पहाड़ी के तरफ से चला आ रहा है। जो पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन साथ मे गये पुलिस टीम के द्वारा दौड़ा कर पकड़ लिया गया। पूछताछ के क्रम मे अपना नाम पता टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य जितेंद्र सिंह उर्फ़ मंत्री जी उर्फ़ अभियंता जी पिता स्व अदरु सिंह ग्राम सैलया खुर्द थाना नौड़ीहा बाजार जिला पलामू बताया। उन्होंने विभिन्न कांडों ने अपना अपराध स्वीकार किया। कई थानें जितेंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज है, गत माह 20 मई 2024 को ग्राम सैलया खुर्द मे आपसी विवाद मे ग्रामीणों के साथ बेहरमी से मारपीट, 24/10/2024 को तिरुदाग़ पहाड़ी पर पुलिस बल के साथ गोली बारी, छतरपुर थाना अंतर्गत राजडेरवा मे टावर कर्मियों के साथ मारपीट मे शामिल है। जितेंद्र सिंह के पास एक vivio कंपनी फोन भी बरामद की गई। गठित टीम मे थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक टुनटुन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अजय कुमार राय के अलावा रिजर्व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# विवाह पंचमी को आकर्षक झांकी के साथ राम सीता की निकली बारात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** पलामू जिले के केतात गांव स्थित प्रसिद्ध रमजानकी मंदिर में विवाह पंचमी के दिन कई धार्मिक अनुष्ठान हुआ. जिसके बाद आकर्षक झांकी के साथ मंदिर प्रांगण से बारात निकली गई. बैंड बाजा के साथ निकली बारात को पूरे गांव का भ्रमण कराया गया. बारात पंचमुखी हनुमान मंदिर से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंचा. जहां पूरे विधि विधान के साथ भगवान राम व माता सीता का विवाह संपन्न कराया गया. इस अलौकिक धार्मिक अनुष्ठान से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया. मौके पर पूर्व डीएसओ सह मंदिर निर्माण के प्रणेता शशि नाथ चौबे, डॉ प्रकाश परिमल, आलोक चौबे, दिनेश्वर चौबे, शिक्षक राजेश चौबे, बच्चा चौबे, मुकेश चौबे, आयुष चौबे, शोभित चौबे सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## गढ़वा में 76 वां एनसीसी दिवस मना



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय में 76वां एनसीसी दिवस बड़े धूमधाम और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई, जिससे पूरे वातावरण में दिव्यता का संचार हुआ।इस मौके पर गढ़वा जिला उपायुक्त शेखर जमुआर और एवं पुलिस अधीक्षक दीपक पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दोनों अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी न केवल अनुशासन और नेतृत्व सिखाता है, बल्कि यह युवाओं को देशभक्ति और समाजसेवा की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि वह भी एक एनसीसी कैडेट रहे हैं, और यह अनुभव उनके जीवन में अनुशासन और समर्पण की भावना लेकर आया।पुलिस अधीक्षक दीपक पाण्डेय ने भी एनसीसी के प्रति अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एनसीसी उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। यह प्रशिक्षण युवाओं को शारीरिक और मानसिक मजबूती प्रदान करता है।खुशी कुमारी और पूर्णिमा कुमारी को उनके उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। नागपुरी ग्रुप डांस में शिमल कुमारी, अरुणा टोप्पो, अमृता सिंह, खुशबू कुमारी और सोनम कुमारी को उनकी प्रतिभा के लिए पुरस्कृत किया गया।रोहित कुमार, आदित्य कुमार, अजीत कुमार, हसनैन कुमार, कार्तिक मेहता, प्रिया कुमारी, आंचल कुमारी और शिमल कुमारी को गार्ड ऑफ ऑनर में शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।पूर्व एनसीसी कैडेट शशांक कुमार चौबे को एनसीसी में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सीनियर अफसर सूरज कुमार तिवारी को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने कहा कि एनसीसी केवल शारीरिक प्रशिक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह शारीरिक प्रशिक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समाजसेवा की भावना को विकसित करने का माध्यम है। एनसीसी अधिकारी डॉ. सतीश कुमार पाण्डेय ने इसके राष्ट्रीय महत्व और कैडेट्स के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। आयोजन में डॉ. जगदीश्वर पाण्डेय, डॉ. नीता वर्मा, डॉ. राम कुमार, प्रेम प्रकाश, मनीष सिंह, धीरेन्द्र मिश्रा, सूबेदार दिलीप साहनी, हवलदार राजू मुंडा, और हवलदार ज्योति मोहन टीयू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे प्रोफेसर मनोज कुमार पाठक ने प्रस्तुत किया। यह आयोजन न केवल एनसीसी की गरिमा को बढ़ाता है, बल्कि युवाओं को राष्ट्रसेवा और समाजसेवा की दिशा में प्रेरित करता है।

## मनाई गयी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के चोरडंडा मे बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 69 वीं पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मीना देवी और संचालन विधालय के प्रधानाध्यापक रामगोविन्द राम ने किया। मौके पर समाज सेवी अजय कुमार व पत्रकार विश्वप्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद थे। उक्त कार्यक्रम मे प्रधानाध्यापक रामगोविंद राम ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर संयोजिका उर्मिला देवी, बाल सांसद के प्रधानमंत्री सहित अध्यनरत छात्र -छात्राओं काफी संख्या मे मौजूद थे।

## राधाकृष्ण किशोर को मंत्री बनने पर दी बधाई

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र (78) के नवनिर्वाचित लोकप्रिय विधायक राधा कृष्ण किशोर राम उर्फ चुनु राम को झारखंड राज्य को वित विभाग वाणिज्य कर विभाग योजना एंव विकास विभाग ससंदीय कार्य विभाग मंत्री बनाए जाने पर हुसैनाबाद प्रखंड किसान मोर्चा अध्यक्ष घूरा प्रसाद पाल झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव सैयद हसनैन जैदी मशुरूर अहमद नवल पाठक शैलेश कुमार सिंह अर्जून सिंह अंबिका सिंह जुल्फिकार अलि सहित अन्य लोग ने दी बधाई।

## आपसी विवाद में गोलहना गांव में मार पीट, एक गंभीर

**हैदरनगर,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के बभंडी पंचायत के गोल्हना गांव में आपसी विवाद में मार पीट की घटना घटी है। गोलहना निवासी बलवंत सिंह अपने खेत में धान की फसल काटने गए थे, इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जिससे बलवंत सिंह की स्थिति गंभीर हो गई है। उसके सिर में 10 टांके लगे है। उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बलवंत सिंह का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में कर, उन्हें मेदनीनगर रेफर कर दिया गया है। भुक्तभोगी द्वारा दिए गए बयान में कुल नौ लोगों पर मार पीट का आरोप लगाया गया है। बलवंत सिंह के अनुसार आरोपियों में 5 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल हैं, जो जान से मारने के इरादे से उनपर बार किया। जब बलवंत सिंह के परिवार के सदस्यों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों द्वारा गोलियां चलाने का आरोप है। बलवंत सिंह व उनके परिजन अपनी जान बचाकर भागे। उन्होंने तुरंत पुलिस को हैदरनगर सूचना दी। पुलिस ने आरोपियों के घर को घेर लिया था, लेकिन आरोपियों ने घर के अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। पूर्व मे भी इस संबंध में हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी को सूचना दी गई थी। प्रशासन 2- 3 बार उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी मानने को तैयार नहीं हैं। इस घटना के बाद आरोपी द्वारा दरवाजा न खोलने पर पुलिस वापस लौट गई है। लोगो ने प्रशासन की रवैया पर सवाल खड़े किए हैं। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। कई बार समझाया बुझाया भी गया है। उन्होंने बताया कि बलवंत सिंह के भाई छोटू सिंह ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छान बीन कर रही है। मामले में दोषी लोगों पर कार्रवाई होगी।

# ख़बर का असर: मध्यान भोजन में अनियमितता की डीएसई ने की जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के भड़गांवा पंचायत के टोला चमरदोहरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक रामेश्वर पासवान द्वारा छात्र छात्राओं को मध्यान भोजन देने में अनियमितता बरती गई थी। वहीं शिक्षक द्वारा मेनू के अनुसार मध्यान भोजन में गुरुवार को चावल दाल हरी सब्जी चोखा और भुजिया देना था। जबकि बच्चों को रसोईया द्वारा चावल दाल और चोखा ही दिया गया था। इसी मामले की खबर को विगत गुरुवार 6 दिसंबर को दैनिक प्रभात मंत्र अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने पर जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार ने विद्यालय पहुंचे तथा मामले की जांच किया। उन्होंने बताया कि दैनिक अखबर में प्रकाशित मामले के अनुसार सत्य पाया गया। साथ ही बताया कि हमारे द्वारा जांच करने पर मध्यान भोजन में बच्चों को अंडा नहीं दी गई थी। और कहा कि जांच में सत्यता पाई गई है। जिला अधिकारी को जांच रिपोर्ट सौंपेंगे।

# सीओ ने अवैध रूप से भंडारण किये पंद्रह ट्रैक्टर बालू किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी ने शुक्रवार को अवैध रूप से भंडारण किए गए लगभग पंद्रह ट्रैक्टर बालू जब्त किया.बालू का यह अवैध भंडारण बिश्रामपुर थाना क्षेत्र स्थित राजगुरवा पहाड़ के पास हरहेपा गांव किनारे आबादी से दूर सुनसान जगह पर खाली पड़े भूमि में किया गया था.सीओ राकेश तिवारी ने जब्त बालू को तत्काल पुलिस के हवाले कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गए. मिली जानकारी के अनुसार माफियाओं द्वारा रेहला व बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में बालू का अवैध उत्खनन, ढुलाई, भंडारण धड़ल्ले से किया जा रहा है. इसके लिए सारी रात दर्जनों ट्रैक्टर रेहला कोयल नदी के विभिन्न घाटों से बालू का उत्खनन व उठाव कार्य में लगे रहते हैं. जिसे ऊंचे दामों पर बेचा जाता है. अगर ग्राहक से सौदा तय हो गया तो उसके बताए जगह पर रात में ही बालू गिरा दिया जाता है. ग्राहक नहीं मिला तो उसे वीरान जगह डंप कर जमा किया जाता है. जिसे बाद में वहां से उठाकर बेचा जाता है. बिश्रामपुर सीओ को भंडारण की आज गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद सीओ बालू डंप किए गए स्थल पर पहुंचे. वहीं से उन्होंने इसकी सूचना रेहला व बिश्रामपुर पुलिस दोनों को दी. पहले तो दोनों थाना के पदाधिकारी यह यह कहते रहे कि स्थल हमारे थाना क्षेत्र में नहीं आता. लगभग 45 मिनट बाद रेहला व बिश्रामपुर पुलिस एक साथ पहुंची. भंडारण स्थल बिश्रामपुर थाना के क्षेत्राधिकार में ही था. पुलिस के विलंब से पहुंचने पर सीओ राकेश तिवारी नाखुश और आहत दिखे. उन्होंने कहा कि बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गढ़वा में सहिजना मोड़ पर डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दिया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में सहिजना मोड़ स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर डॉ. अंबेडकर को नमन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि आज डॉ. अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के अनुसार चल रहा है।उन्होंने डॉ. अंबेडकर को संविधान निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान के लिए याद किया। उमेश कश्यप ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सर्वजन के उत्थान के लिए जीवनभर काम किया। उन्होंने वर्तमान समय में अंबेडकर के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों की आलोचना करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हमेशा समाज को एकजुट कर राष्ट्र के उत्थान का कार्य किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री राकेश शंकर गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता अरविंद तुफानी, महामंत्री सुरेंद्र राम, संतोष राम, रितेश दुबे, धनंजय गौड़, और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश को लेकर छतरपुर में रैली का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं में लोगों की जाने जा रही है। लोग गंभीर रूप से जख्मी होकर अस्पतालों में पड़े हैं, कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता जब इलाके में दुर्घटना ना होती हो, इसी को देखते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश देने के लिए छतरपुर के सीओ के नेतृत्व में छतरपुर में जागरूकता रैली और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार ने नुक्कड़ सभा में कहा कि जागरूकता रैली का उद्देश्य लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी करना है और साथ ही साथ लोगों को यह बताना है कि ट्रैफिक नियमों को पालन करने के क्या फायदे हैं। छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने कहा कि छतरपुर मे दुर्घटनाएं बढ़ी है लोग की बड़ी तादाद में जानें जा रही है, ऐसे में लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन करे ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके, इस जागरूकता रैली में सैकड़ो की संख्या में छात्र और स्थानीय लोग मौजूद थे। सीओ छतरपुर ने कहा की सड़क सुरक्षा को ले कर इलाके में लगातार अभियान के रूप में कार्यक्रम चलाया जाएग दीर्घटनाओं के संभावित जगहों का चिन्हित कर रहा। इस कर्यक्रम मे अविन्द गुप्ता, रविन्द्र राम, रामजन्म राम, कामेश्वर पासवान ने भी लोगों से रोड सेफ्टी की अपील की। रैली के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों ने नारे लगाए, वहीं सड़क पर बिना सीट बेल्ट और हेलमेट के वाहन चलाने वाले बाइक और कार सवारों को माला पहना कर हेलमेट और सीट बेल्ट लगा कर गाड़ी चलाने की नसीहत दी गयी। स्थानीय सभी लोगों ने इस रैली और नुक्कड़ सभा के कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। वहीं इस अवसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम में समाजिक कार्यकर्ता सह छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता चुनमून, मुखिया राजेश्वर राम, पत्रकार रिंकू सिंह, असगर हुसैन, सुरेन्द्र सिंह, चराई के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड उपाध्यक्ष रविन्द्र राम, किसान बिग्रेड के कामेश्वर पासवान, रामजन्म राम, रुदवा, चिरु सिलदाग, कालापहाड़, पिण्डराही हूटकदाग, मुरुमदाग के मुखिया साथ ही स्थानीय नवल गुप्ता, शिवनाथ, श्याम सांवरिया, दीपू पांडेय, यूनिवर्सल आइडिया सेवा समिति की दर्जनों छात्राएं सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।

# सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू बाल गृह यौन शोषण मामले के खुलासे के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई जारी है. कार्रवाई के बीच बाल गृह व बालिका गृह के बच्चों को घर भेजना बड़ी चुनौती बन गया है. बाल गृह व बालिका गृह से लड़कियों को घर भेजने में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की भूमिका होती है।सीडब्ल्यूसी ही किसी लड़के या लड़की को घर भेजने का आदेश देती है. पलामू बालिका गृह की लड़कियों को रांची बालिका गृह में शिफ्ट कर दिया गया है. अब रांची बालिका गृह में रह रही लड़कियों को वापस घर भेजने में रांची सीडब्ल्यूसी की भूमिका होगी।पलामू बालिका गृह में यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया है और कार्यालय नहीं जा रहे हैं. वहीं, एक सदस्य फरार है. काउंसलर को बर्खास्त कर दिया गया है. पलामू डीसी शशि रंजन का कहना है कि मामले में विभाग से बात कर समाधान निकाला जाएगा. एक-दो दिन में समस्या का समाधान हो जाएगा। बाल गृह से अपने बच्चों को घर ले जाने के लिए परिजन लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं. पलामू बाल गृह में फिलहाल 26 बच्चे हैं. इनमें 14 नियमित हैं, जबकि 12 को बाल श्रम के मामले में मुक्त कराया गया है. इनमें कुछ दिन पहले रेलवे सुरक्षा बल की ओर से चलाए गए अभियान में 9 बच्चों को बरामद किया गया था. सभी बच्चों को पलामू के मनातू से तस्करी कर पंजाब ले जाया जा रहा था. सभी बच्चों को पलामू बाल गृह में रखा गया है. बाल गृह से बच्चों को निकालने के लिए परिजन लगातार जिला बाल संरक्षण कार्यालय और सीडब्ल्यूसी का चक्कर लगा रहे हैं। मनातू निवासी चंद्रधन ने बताया कि उनका पोता भी पकड़ा गया था, वे पिछले कई दिनों से कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन बच्चों को मुक्त नहीं कराया जा रहा है. उनकी तरह गांव के सभी लोग बच्चों को मुक्त कराने के लिए लगातार चक्कर लगा रहे हैं।

# बराही धाम में बनेगा विश्व का सबसे ऊंचा मां दुर्गा का मंदिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** झारखंड का ऐतिहासिक बराही धाम अब विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने जा रहा है। यहां 351 फीट ऊंचा मां दुर्गा मंदिर और 151 फीट ऊंचा नवग्रह मंदिर बनाया जाएगा। यह मां दुर्गा का विश्व का सबसे ऊंचा मंदिर होगा। इसकी आधारशिला 14 अप्रैल 2025 को भूमि पूजन के साथ रखी जाएगी। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम समिति ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इस भव्य परियोजना की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने की। इस मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह, सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, संजय कुमार सिंह, अयोध्या सिंह टिकैत, कुश कुमार सिंह, हीरा सिंह , मुखिया सुदामा यादव, मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने बताया कि बराही धाम में विश्व की सबसे बड़ी माँ भगवती की मंदिर बनाने का निर्णय शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा लिया गया है। साथ ही यंहा 151 फिट की नवग्रह का मंदिर बनाया जाएगा।कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि इससे क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह ने बताया कि 105 फीट ऊंची हनुमानजी की प्रतिमा पहले ही बराही धाम को विशिष्ट बनाती है। यह प्रतिमा विश्व की पहली दक्षिणमुखी हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित है। उन्होंने बताया कि 105 फीट की हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान खुदाई में शेर पर सवार मां दुर्गा की प्रतिमा प्राप्त हुई थी। इसके बाद ही विश्व की सबसे ऊंची मां दुर्गा मंदिर बनाने का ट्रस्ट के लोगों ने संकल्प लिया था। इस धाम में विगत दो वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया जाता है।

**धार्मिक महत्व और वैदिक शिक्षा का केंद्र**

बराही धाम पहले से ही झारखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। यहां श्रद्धालु देश के विभिन्न हिस्सों से दर्शन के लिए आते हैं। इस मंदिर परिसर में वैदिक शिक्षा केंद्र भी संचालित है। जो धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को और बढ़ाता है।

**भूमि पूजन में रामभद्राचार्य महाराज होंगे शामिल**

विश्व के सबसे ऊंचे माँ भगवती के मंदिर की आधारशिला 14 अप्रैल 2025 को रखी जायेगी।इस ऐतिहासिक मंदिर के भूमि पूजन के अवसर पर प्रसिद्ध संत रामभद्राचार्य स्वामी जी महाराज के अलावा देश के कई साधु संत शामिल होंगे। ट्रस्ट के सदस्यों का कहना है कि इस मंदिर का निर्माण बराही धाम को वैश्विक धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करेगा। यह मंदिर धार्मिक आस्था को नया आयाम देगी साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

**कई धर्मप्रेमियों के अलावा ग्रामीण रहे मौजूद**

मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम के सदस्यों के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे मौके पर मुख्य रूप से आचार्य शिव कुमार झा, कमला सिंह, राजेश्वर सिंह, धनंजय सिंह बब्लू सिंह जितेन्द्र कुमार सिंह धर्मप्रेमी मनोज कुमार गुप्ता, पिंटू सिंह, प्रभात कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मंगल यादव, बलि यादव के अलावा कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### जमीअतुल हवारी पंचायत की हुई बैठक

**रांची।** जमीअतुल हवारी पंचायत डोरंडा रांची के पदाधिकारी जिसमें सदर जफर आलम साहब , नायब सदर जनाब हाफिज इम्तियाज , सेक्रेट्री मिन्हाज , ज्वाइंट सेक्रेटरी अमजद , खजांची तौफीक आलम( बारी) मुबारक (बबलू) आप सभी को बहुत बहुत मुबारक। हमे उम्मीद है आप लोग पंचायत और समाज को एक अच्छे और ऊंचे मुकाम पर ले कर जायेंगे ताकि सभी एक दूसरे के तरक्की में भागीदार बने और एक दूसरे के सुख दुख का साथी बने । इस बैठक में सभी मेंबरान ने मिल के नए ओहदेदारों को मुबारकबाद पेश की और और सोसाइटी की भलाई की उम्मीद की है और दुआ की है के इनकी कयादत में।

### आरपीएफ ने भारी मात्रा में शराब बरामद किया

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। जब्त शराब की कीमत लगभग 47 हजार 910 रुपये है। एसआई दीपक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि रांची रेल मंडल में आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 18624 की जांच की। जांच के दौरान देखा कि ट्रेन के जनरल कोच के बाथरूम के पास 05 लावारिस बैग रखे हुए थे। जांच करने पर बैगों के अंदर कुल 74 बोतलें बियर और शराब विभिन्न कंपनियों के बरामद किये गए। आरपीएफ टीम ने सभी शराब को जब्त कर उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

# चार कुंतल गांजा के साथ दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची:** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली कि उडीसा से राँची की ओर कंटेनर ट्रक रजि सं0 एनएल01न-6915 में गांजा लोड करके ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली राँची के नेतृत्व एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए राँची रामगढ़ मार्ग में उकरीद नकवाटोली के पास कंटेनर ट्रक रजि सं0 एनएल01न-6915 को पकड़ा गया। पकड़ाये ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक के केबीन के अंदर ड्राईवर सीट के पीछे बने बॉक्स से कुल 16 प्लास्टिक के बोरा में करीब 406.79 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए ट्रक का चालक एवं उप-चालक को गिरफ्तार किया गया। बरामद गांजा के सम्बन्ध में पकड़ाये चालक एवं उपचालक से पूछताछ करने पर इनलोगों द्वारा बताया गया कि ये बरामद गांजा सम्बलपुर से ला रहे हैं, जिसे टॉल गेट के आगे रामगढ़ में देना था। इस घटना के सम्बन्ध में उक्त कांड दर्ज की गयी है। बरामद गांजा का अनुमानित मुल्य लगभग 02 करोड (दो करोड़) रूपया है। कांड में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अपराधियों का नाम एवं पता:** धर्मवीर सिंह और राजेन्द्र सिंह शामिल हैं।

**बरामद सामान का विवरण:** कुल 16 प्लास्टिक के बोरा में करीब 406.79 किलोग्राम गांजा, 2000/- रुपया नगद,2 मोबाईल फोन, कंटेनर ट्रक न0-एनएल01न-6915

**छापामारी दल में शामिल:** अनुज उराँव, पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली राँची, पु0नि0 अनिल कुमार तिवारी, थाना प्रभारी ओरमांझी, पु0अनि0 नितीश कुमार, ओरमांझी थाना 4 पु0अ0नि0 मनोज करमाली, ओरमांझी थाना, गृहरक्षक अनिल कुमार, ओरमांझी थाना शामिल हैं।


## डॉ. अंबेडकर समाज सुधारक ही नहीं बल्कि एक कुशल राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री भी थे : डॉ रविंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** भारतीय संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने पूरा जीवन दलितों, शोषितों और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग व महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। दलितों के मसीहा अंबेडकर महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद व अर्थशास्त्री भी थे।भीमराव आंबेडकर की विरासत आज भी देशभर में प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के क्षेत्र में जो क्रांति शुरू की, वह हमेशा प्रासंगिक रहेगी। उनके विचार और योगदान वंचितों के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित हुए।भारत में जब-जब संविधान और लोकतंत्र की बात होगी, बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर का नाम तब तब प्रमुखता से लिया जाएगा. यही वजह है कि 6 दिसंबर का दिन भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण तारीख के रूप में दर्ज है. इस दिन देश भर में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी जाती है. इस दिन भारत के संविधान निर्माता, समाज सुधारक और दलितों के मसीहा कहे जाने वाले आंबेडकर का 1956 में निधन हुआ था।डॉ. अंबेडकर समाज सुधारक ही नहीं बल्कि एक कुशल राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री भी थे। साथ ही आज भी वो लाखों संघर्षशील युवाओं के लिए प्रेरणा की मशाल हैं। लगातार अभाव, भेदभाव और संघर्ष से जूझते हुए जीवन में सफल होने का साहस बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन से सीखा जा सकता है। उन्होंने लगातार संघर्ष से बीए, एम.ए.,एम.एस.सी, पीएचडी, बैरिस्टर आदि के साथ लगभग 32डिग्रियां हासिल की तथा 9 भाषाओं में महारथ हासिल की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेमंत दास,रामचन्द्र नायक,जोगेन्द्र लाल,रंजन पासवान,सुबोध कांत,खुदा राम,कमलेश राम,राजीव राज लाल,राकेश राम,गोविंद बाल्मिकी, मनोज राम,संजय चौधरी, प्रेम मित्तल,सूरज चौरसिया, बबीता वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## हटिया डैम से शव मिला



रांची, 06 दिसंबर (हि.स.)। शहर के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित हटिया डैम में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने हटिया डैम में शव को देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, आसपास के लोगों से पहचान कराने पर युवक की शिनाख्त धुर्वा निवासी आतिश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने इसके गुमशुदगी का मामला धुर्वा थाने में दर्ज कराया था। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शिबू सोरेन और रूपी सोरेन से किया मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** झारखण्ड सरकार की नवनियुक्त मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रूपी सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। मुलाकात के दौरान सोरेन दंपति ने श्रीमती तिर्की को राज्य के लोगों की खुशी और उनके हित में समर्पित होकर काम करने को कहा। तिर्की ने कहा कि झारखण्ड अलग प्रदेश के निर्माता और बेहद अनुभवी होने के साथ-साथ झारखण्ड की हर जरूरत और आकांक्षाओं को गहराई तक समझने वाले शिबू सोरेन का आशीर्वाद और रूपी सोरेन द्वारा उन्हें दिया गया आशीर्वाद उनके लिए हमेशा बहुमूल्य है। यह आशीर्वाद



उनके दिल-दिमाग में हमेशा धरोहर के रूप में सुरक्षित और संरक्षित रहेगा।

## बालिका गृह घटना की हो न्यायिक जांच दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि मेदिनीनगर बालिका गृह में बच्चियों के शोषण के मामले में बाल संरक्षण आयोग के अधिकारियों की भूमिका बेहद निंदनीय है। कहा कि सीडब्ल्यूसी सदस्य द्वारा बालिका गृह में रह रहीं बच्चियों की तस्वीर खींचना और गलत कार्यों के लिए दबाव डालना बेहद गंभीर विषय है। कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है बल्कि यह घटना प्रशासनिक तंत्र की असफलता और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करती है। कहा कि जिन लोगों के उपर सुरक्षा और न्याय के संरक्षक होने की जिम्मेदारी है, वही शर्मनाक कृत्य में लिप्त पाए गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री राज्य के मुख्यमंत्री से उक्त मामले में न्यायिक जांच करा के सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आग्रह किया ताकि पीड़ित बच्चियों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## ब्राउन शुगर के साथ दो युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** सुखदेवनगर पुलिस ने 40 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बाइक और दो मोबाइल फोन जब्त किया गया है। एस एसपी चंदन कुमार सिन्हा को सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड नंबर एक के पास ड्रग्स का काला धंधा होता है। पढ़ने-लिखने वाले लड़के-लड़कियों को यह ड्रग्स बेचा जाता है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता की देखरेख में कोतवाली डीएसपी प्रकश सोय के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी और नशे के सौदागरों को दबोचने का टास्क दिया गया। गठित टीम को



लेकर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताये गये ठिकाने पर छापे मारी की और दो युवकों को धर दबोचा। इनके नाम सन्नी कुमार राय और प्रदीप कुमार यादव उर्फ चीकू यादव बताये गये। तालाशी लेने पर सन्नी की पॉकेट 28 और चीकू के पॉकेट से 12 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। दोनों के मोबाइल फोन और बाइक को जब्त कर लिया गया। पुलिस को दिये अपने बयान में दोनों ने खुलासा किया कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर इलाके के रहने वाले कन्हैया कुमार यादव उर्फ कन्हैया राय से ब्राउन शुगर खरीदते हैं और फिर ग्राहकों के बेचते हैं। दोनों ड्रग्स तस्करों के खिलाफ सुखदेवनगर में मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। दोनों को दबोचने में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेवनगर थानेदार इंस्पेक्टर मनोज कुमार, एसआई उमेश चंद्र महतो, सिपाही मुन्नालाल गुप्ता, दीपक गगराई और रमेश कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## राज्यपाल से मिला सैनिक कल्याण निदेशालय का शिष्टमंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को सैनिक कल्याण निदेशालय का एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट कर 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के उपलक्ष्य में बैज लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि हमारे वीर जवानों के शौर्य, सतर्कता और समर्पण के कारण ही देश की सीमाएं



एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं के जरिये युद्धकाल और आपदा के समय निभाए गए अतुलनीय कर्तव्यों और साहसिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा और बलिदान से हमारा राष्ट्र सदैव गौरवान्वित हुआ है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे। राज्यपाल ने राज्य के सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमता के अनुसार %सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष% में योगदान देकर उन वीर सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति आभार प्रकट करें, जिन्होंने देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। इस शिष्टमंडल में सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर निरंजन कुमार, सैनिक कल्याण निदेशालय के अपर निदेशक कर्नल एसपी गुप्ता और सैनिक बाजार के राज्य प्रबंधक ले. कर्नल प्रदीप झा आदि मौजूद थे।

## निजी अस्पताल अगर 20 प्रतिशत छूट पर नहीं किया इलाज तो होगा कारवाई : इरफान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जो जिम्मेदारियां मिली है स्वास्थ्य विभाग और खाद आपूर्ति विभाग इन दोनों महत्वपूर्ण विभाग है और सोमवार को पद ग्रहण करूंगा और सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करूंगा । कहां क्या खामियां हैं इसे दुरुस्त करने का प्रयास करूंगा। साथ ही कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निर्देश दिया है कि सभी मंत्री अपने-अपने क्षेत्र में जायेंगे वहां दो महीना ग्रामीणों के बीच रहेंगे और उनसे राय मशवरा करके बजट तैयार करेंगे । उक्त बातें स्वास्थ्य चिकित्सा एवं खाद आपूर्ति विभाग मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कैबिनेट के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन सभी निजी अस्पतालों को दिया गया है कि 20त्न छूट पर गरीबों का इलाज करें। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो ऐसे अस्पताल को सील कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा अस्पताल की गुणवत्ता पूर्ण इलाज में किसी तरह का कोताही ना हो इसको सुनिश्चित किया जाएगा। मेरी मां भी ऑक्सीजन की कमी के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी, ऐसा और किसी के साथ ना हो इस पर जोर दिया जाएगा। जहां तक खाद आपूर्ति की बात है अभी विभाग मिला है, इस पर समीक्षा करूंगा। इसके बाद आगे के रणनीति तैयार करूंगा । विश्वास दिलाता हूं कि किसी के साथ गलत नहीं होगा हर गरीब मजबूर के साथ डॉक्टर इरफान अंसारी हमेशा खड़ा है।

### कल्पना सोरेन से लोगों ने की मुलाकात, दी बधाई



**रांची :** विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में गांडेय, गिरिडीह, सरायकेला-खरसांवा सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात की। लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक कल्पना सोरेन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

# 14 एवं 15 दिसंबर को होगा आदिवासी युवा महोत्सव का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आदिवासी युवा महोत्सव का आयोजन राँची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में किया जा रहा है । यह कार्यक्रम 14 एवं 15 दिसंबर 2024 को सम्पन्न होगा । इस साल कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसका अध्यक्ष, युवा समाजसेवी सह जिलापरिषद नामकुम पूर्वी बिपिन टोप्पो को तथा कार्यकारी अध्यक्ष समाजसेवी सह युवा नेता शशि पन्ना को चुना गया है । इस कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य है आदिवासी समाज के युवाओं में अपने भाषा-संस्कृति, विशिष्ट जीवन-शैली तथा प्रकृति प्रेम के प्रति और जागरूक करना । साथ ही इस मंच के माध्यम से सांस्कृतिक कला और कलाकारों के साथ-साथ मॉडर्न आर्ट फॉर्म और कलाकारों को बढ़ावा देना । इस महोत्सव में राज्य के 33 आदिवासी समुदाय एकसाथ भाग लेंगे, और पारंपरिक नृत्य, पारंपरिक गान, पारंपरिक खान-पान, रॉक बैंड शो, फैशन शो, सामाजिक मुद्दों पर म्यूजिकल ड्रामा, ट्राईबल एंटरप्रेन्योर मेला सह पैनल डिसकसन, लीडरशिप डेवलोपमेन्ट प्रोग्राम, कैरियर कॉउंसलिंग इत्यादि का हिस्सा बनेंगे । झारखण्ड के दर्जनों मशहूर कलाकार इसमें परफॉर्म करेंगे जिनमें नितेश कच्छप, एल्विन रोजारियो, दीपक तिर्की, अमन कच्छप, दीपक लोहार, साउंड ऑफ झारखंड बैंड, राजू मुर्मू एवं बैंड इत्यादि मुख्य भूमिका में दिखेंगे । इसबार आदिवासी परिधानों के साथ दो फैशन शो होंगे, एक युवा मॉडल्स के द्वारा और दूसरा बच्चों (10 साल से कम उम्र के मॉडल्स ) के द्वारा । मुख्य आदिवासी समुदायों से सांस्कृतिक नृत्य एवं गायन कला का प्रदर्शन करने के लिए राजधानी के विभिन्न कॉलेज के युवा टीमों को निमंत्रण दिया गया है ।

हमारे इस इवेंट की ब्रांड एंबेसेडर माननीय मंत्री महोदया श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की जी हैं, उनकी निगरानी में ही हर वर्ष इस इवेंट का आयोजन होता आ रहा है 7 इस वर्ष उनके माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को मुख्य अतिथि बनाने का प्रस्ताव देने हेतु ऑर्गनाइजिंग कमिटी में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया है ।

# नगर आयुक्त संदीप सिंह ने मुख्यमंत्री को दिया बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नगर आयुक्त-सह-प्रशासक रांची नगर निगम संदीप सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।

### मुख्यमंत्री से मिले एसपी सीआईडी अनुरंजन किस्पोट्टा, दिया बधाई



**रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नगर आयुक्त- सह-प्रशासक रांची नगर निगम संदीप सिंह, उपायुक्त देवघर विशाल सागर, आईजी दुमका क्रांति कुमार गढ़देशी, डीआईजी सीआईडी संध्या रानी मेहता, एसपी सीआईडी अनुरंजन किस्पोट्टा ने शिष्टाचार भेंट की।**

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को सीआईडी संध्या रानी मेहता ने मिलकर दिया बधाई



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डीआईजी सीआईडी संध्या रानी मेहता ने मिलकर दी बधाई।

## एनटीपीसी स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब ने विस्कासन वृद्धाश्रम को किया सहायता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड, रांची की स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने रांची स्थित विस्कासन वृद्धाश्रम को ऊनी कंबल और आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान कर अपनी हार्दिक सहायता दी।यह नेक पहल स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष स्मिता रेखा जैन के मार्गदर्शन में की गई। कार्यक्रम के दौरान, जैन ने क्लब की समाज कल्याण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें शामिल थीं शिखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष और कल्याण प्रभारी, दीपा केशरी, महासचिव, परमेश्वरी डी, संयुक्त सचिव, अनिता प्रसाद, सांस्कृतिक सचिव, स्निग्धा रानी माझी, कोषाध्यक्ष। इस




पहल के माध्यम से स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से साबित किया, विशेष रूप से उन बुजुर्गों के जीवन में जिन्हें देखभाल और सहारे की आवश्यकता है।

# बोनस की मांग को लेकर असंगठित मजदूरों ने छः घंटे बंद रखा बचरा साईडिंग का कामकाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों ने शुक्रवार की सुबह बोनस भुगतान की मांग को लेकर साईडिंग का कामकाज बंद करा दिया।इस दौरान असंगठित मजदूरों ने साइडिंग परिसर मे जमकर नारेबाजी करते हुए कंपनी के प्रति अपना आक्रोश प्रकट किया।इस संबंध में असंगठित मजदूरों ने बताया कि दुर्गापूजा से पूर्व जेबीसीसीआई की बैठक मे संगठित मजदूरों के साथ असंगठित मजदूरों को भी बोनस देने का निर्णय लिया गया था,दुर्गापूजा के दौरान संगठित मजदूरों के बीच बोनस का भुगतान कर दिया गया,लेकिन दो माह बीत जाने के बावजुद अभी तक असंगठित मजदूरों के बीच बोनस का भुगतान नहीं किया गया है।असंगठित मजदूरों ने बताया कि बचरा साईडिंग मे संचालित हेम्स कंपनी के अधीन सभी असंगठित मजदूर कार्य करते हैं और मजदूरों ने कंपनी से बोनस को लेकर बात भी की लेकिन कंपनी के द्वारा इस पर कोई पहल नहीं की गई, जिसके कारण आक्रोशित मजदूरों ने शुक्रवार की सुबह छः बजे से बचरा साईडिंग का काम काज पूरी तरह से बंद करा दिया।इधर साईडिंग बंद होने की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी और हेम्स कंपनी के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर असंगठित मजदूरों के साथ वार्ता की।इस वार्ता में कंपनी के द्वारा 10 दिसंबर तक सभी असंगठित मजदूरों के बीच बोनस का भुगतान करने का आश्वासन दिया गया।मजदूरों ने कहा कि यदि 10 दिसंबर तक बोनस का भुगतान नहीं किया गया तो फिर से बचरा साईडिंग का कामकाज बंद कराया जाएगा।वार्ता में सहमति बनने के बाद मजदूर शांत हुए और करीब 6 घंटे के बाद बचरा साईडिंग का कामकाज चालू हो सका। इस मौके पर कई सीसीएल अधिकारी,हेम्स कंपनी के प्रतिनिधि एवं काफी संख्या में स्थानीय असंगठित मजदूर उपस्थित थे।

# पिपरवार मे मनाया गया संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आम्बेडकर की पुण्यतिथी

○ सिस्टा पिपरवार द्वारा परिनिर्वाण दिवस के रूप मे मनायी गई पुण्यतिथी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के इलाकों में शुक्रवार को भारतीय संविधान के रचयिता और समाज सुधारक व भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथी परिनिर्वाण दिवस के रूप मे मनायी गई।इस मौके पर कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा बचरा चार नंबर स्थित आंबेडकर चौक में एक सादे समारोह आयोजित कर बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंद्रिका प्रसाद और संचालन उमेश मेहता ने किया।कार्यक्रम मे बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया,साथ ही एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।मौके पर मौजूद वक्ताओ ने कहा कि 6 दिसंबर 1956 को बाबा साहब का निधन हुआ था।उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था।बाबा साहब का पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित था।उन्होंने अपना पूरा जीवन दलित वर्ग को समाज में समानता दिलाने के लिए संघर्ष में लगा दिया।उनके विचारों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है।उनका स्पष्ट कहना था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह स्वतंत्रता हमें अपनी सामाजिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मिली है। बाबा साहब को जानने की जरूरत नहीं पढ़ने की जरूरत है।बाबा साहब सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचार है,जिन्होंने समाज को हमेशा राह दिखाया है।वर्तमान मे उसके बताये मार्ग पर चलना है,तभी हम स्वच्छ भारत का निर्माण कर सकते है।इस मौके पर मुंद्रिका प्रसाद, कामेश्वर राम, बाबूलाल राम, राजीत राम, लखेश्वर लाल, ललिंदर कुमार, बसंत राम, तीरथ पासवान, गणेश राम, उमेश मेहता, हिमांशु चाटर, मोहम्मद कमरुद्दीन, शिवलाल महतो, मुन्ना कुमार, मोहम्मद मुमताज, मुंशी राम, हरीलाल महतो, चमन महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

# जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा किया गया प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर आज जिला के मुरहू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सुमन सिंह द्वारा किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति, सेवाओं की गुणवत्ता और बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने केंद्रों में बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, टीकाकरण, साफ-सफाई और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया।जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने केंद्रों पर उपलब्ध पोषण आहार की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया की जांच की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी बच्चों को समय पर पोषक तत्व युक्त भोजन मिले। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की भी जानकारी ली और उन्हें जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

# आभार सह अभिनंदन सभा में भाजपा पिपरवार मंडल के कई लोग को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी के पतरातू स्थित आवास में शुक्रवार को बड़कागांव विधानसभा का आभार सह अभिनंदन सभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में भाजपा पिपरवार मंडल से मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता शामिल हुए।सभा में सबसे पूर्व बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रौशनलाल चौधरी का अभिनंदन किया गया एवं लोगों के प्रति मतदाताओं के प्रति आभार जताया गया। साथ ही पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार शर्मा, अनिल पांडे सहित सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी,बूथ अध्यक्ष,संयोजक को भी विधायक रौशनलाल चौधरी के द्वारा सम्मानित किया गया।इसके पश्चात पिपरवार के कार्यकर्ताओं ने भी नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी को सम्मानित किया।सम्मानित करने वालों में पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, अनिल पांडे, राघवेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, माधुरी देवी, अरुण कुमार सिंह, मुकेश राणा, प्रकाश लोहार, दिलेश्वर महतो, मंगल साव, वीरेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोशनलाल चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनकी जीत में कार्यकर्ताओं का सबसे बड़ा योगदान रहा है।इसके लिए उन्होंने आम जनता के साथ कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया।मौके पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता संपन्न



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में सोशल इनसेटिव ग्रोथ एंड नेटवर्किंग के सौजन्य से जनजातीय छात्र छात्राओं में सी एन टी एक्ट, पेशा एक्ट, पाँचवी अनुसूची विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने में सोशल इनसेटिव ग्रोथ एंड नेटवर्किंग के राज्य संयोजक राकेश रोशन किड़ो, जिला संयोजक प्रकाश केरकेट्टा का विशेष योगदान रहा। मौके पर कॉलेज प्राचार्या सिस्टर मेरी बागे ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता आयोजन का मुख्य उदेश्य छात्र - छात्रों में व्यक्तित्व निर्माण और आत्मविश्वास का विकास कराना है इस आयोजन में सहयोग के लिए सोशल इनसेटिव ग्रोथ एंड नेटवर्किंग के पदाधिकारों का आभार ब्यक्त करते हैं भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान संजना लकड़ा, द्वितीय स्थान लिसी रिया लकड़ा,और तीसरा स्थान अर्जुन कुजूर को प्राप्त हुआ। छात्र - छात्रों के भाषण को आकलन करने के लिए वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर, रश्मि तिर्की, सबीना तिर्की जज के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

# महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह पिपरवार के बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने शुक्रवार को झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मिलकर उन्हें प्रचंड बहुमत से जीत पर बधाई दी।साथ ही मंत्रिमंडल के विस्तार एवं कांग्रेस के विधायकों को विभाग और मंत्री पद दिए जाने को लेकर शुभकामना दी।इस दौरान कई ज्वलंत समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया गया।इस संबंध मे गुंजन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर झारखंड में प्रचंड बहुमत मिलने एवं इंडिया गठबंधन की पुनः सरकार बनने पर उन्हें बधाई दी।उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व महागठबंधन के द्वारा राज्य की जनता से जो वादा किया गया था उसे पूरा किया जाएगा।राज्य सरकार राज्य की सभी जनता को उनका हक और अधिकार देने का काम करेगी।राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर तक लोगों तक पहुंचाया जाएगा।वही उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार में शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को भी बधाई दी है।

# सड़क दुघर्टना में एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना अंतर्गत शुक्रवार को रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग के बुढ़ाम के समीप सड़क दुघर्टना में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों रांची के धुर्वा निवासी कृष्णा कुमार उम्र 35 वर्ष के लगभग एवं जयप्रकाश कुमार उम्र 38 के लगभग एक ही बाइक से सवार होकर कहीं जाने के लिए निकले थे,अचानक बुढ़ाम के समीप बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी की एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान एक की मौत की पुष्टि कर दी। मृतक का नाम जयप्रकाश कुमार एवं घायल का नाम कृष्णा कुमार बताया जा रहा है।

# छोटानागपुर रोप्स वर्कस प्रां लिं के बकाया पीं एफं, ग्रेजुटी एवं बोनस भुकतान होने तक यूनिट टू बन्द रहेगा : सुमित झारखंडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के आरा गेट स्थित छोटानागपुर रोप्स वर्कस के मालिक सिद्धार्थ झावर ने बड़ी चालाकी से अन्य जगह फेक्ट्री स्थापित कर पुराने युनिट को पिछले आठ महीने पूर्व बन्द कर दिया। जिसमें 74 परमानेंट मजदूर सहित करीब 250 मजदूर कार्यरत थें। फैक्ट्री बन्द होने के कारण 40 साल से काम पर लगे मजदूरों के सामने करो या मरो की स्थिति उत्पन्न हो गई। कारण यह है कि मालिक ने फैक्ट्री बन्द करने से पूर्व ना मजदूरों के हितों का ध्यान रखा और ना ही श्रम मंत्रालय के गाईड लाईन का। जिस कारण मजदूरों का मासिक वेतन से कटने वाला पीं एफं फंड, ग्रेजटी फंड सहित 2017 से लंबित बोनस का भुकतान की मांग पर टाटीसिलवे स्थित युनिट टू पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन लगातार आठ महीने तक करते रहें। इस बीच श्रम मंत्रालय, एसडीओ रांची, सहित लमाम आला अधिकारी /जनप्रतिनिधि को अपनी आपबीती भूखमरी का दुखड़ा सुनाया। सभी ने इनके मांग को जायज बताया ।लेकिन किसी ने



संतोषजनक पहल नहीं की। अंततः भूखमरी, परिजनों की पढ़ाई-लिखाई एवं परिजनों के बिमारियों को झेलते हुए मजदूरों ने नाम बदल कर चला रहे युनिट टू के गेट में ताला मार विगत सोमवार 2 दिसंबर से उत्पादन ठप्प कर दिया। जिसका समर्थन के लिए झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति के केन्द्रीय सचिव सह टाईगर जयराम महतो की नव उदित पाटी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय महामंत्री ने पुर्ण समर्थन दिया है और कहा है कि झारखंड के किसी भी प्रोडक्शन यूनिट में मजदूरों पर अन्याय होता है तो जेएलकेएम उसे संज्ञान में लेगी और सड़क से लेकर विधान सभा के पटल तक आवाज बुलंद किया जायेगा। क्योंकि चौबीस साल तक झारखंड बहुत बर्दाश्त किया है और उसी किसान, मजदूर , छात्र हितों की रक्षा के लिए टाईगर जयराम महतो का उदय हुआ है।

# असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठंड को देखते हुए जिप सदस्य शाल्या परवीन व मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी की ओर से असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिप सदस्य शाल्या परवीन ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। ठंड को देखते हुए खलारी पूर्वी क्षेत्र में कंबल का वितरण कर रही हूं। शाल्या ने बताई की अभी तीन सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। आगे भी जरूरतमंदों को कंबल दिया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों के समस्या से भी अवगत हुए।

# तमाड़ में मनाया गया अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस



**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित मैदान में अखिल भारतीय अनुसूचित महासभा के बैनर तले डॉ भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाहण दिवस धूमधाम से मनाया गया। एवं उनके विचारों आदर्शों और कर्तव्य को आम जनमानस तक पहुंचने के लिए समर्पण, त्याग, संकल्प के साथ विचार विमर्श किया गया। आवंटित जमीन पर आवासीय अनुसूचित जाति बालिका विद्यालय खुलवाने के लिए सभी लोग ने आंदोलन करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आरपी रंजन, पूर्व रिटायर कमिश्नर रांची डीसी दास, रांची जिला बीएसपी अध्यक्ष अवधेश बैठा, नीलमोहन स्वासी, भीम मछुआ, उमेश कुमार नायक, मुरली कुमार सेठ, रेशमी देवी, अशोक सेठ, महावीर सेठ, अजय सेठ, समता सैनिक के कमांडर, मुनिया देवी, श्यामचंद स्वासी, राकेश मोहन, अजय सेठ चतूर सेठ आदि उपस्थित था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं नंदकुमार राम ने धन्यवाद भाषण देते हुए कहा है कि तमाड़ से उल्लिहातु के लिए संकल्प यात्रा स्कूल खुलवाने के लिए पैदल मार्च पूरे तमाड़,सिल्ली विधानसभा के अनुसूचित जाति के लोग शामिल होंगे।और ज्ञापन झारखंड सरकार के राज्यपाल को सौंपने का काम अनुसूचित जाति के लोग करेंगे।

# पिपरवार मे हुई कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन जेनरल बॉडी की बैठक

○ कोयला अधिकारियो की कई ज्वलंत समस्याओ पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब मे कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन पिपरवार क्षेत्र की जेनरल बॉडी की बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रिय अध्यक्ष डीपी राय और संचालन क्षेत्रिय सचिव सुभोजित हलदर ने किया।बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार और विशिष्ट अतिथि मे अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह उपस्थित थे।बैठक मे क्षेत्रिय अध्यक्ष डीपी रोय ने अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया। साथ ही एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पर्यवेक्षक के रूप मे डीके शर्मा ने एसोसिएशन के सदस्यो से गुप्त मतदान कराया।उपाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार अतुल अंजन और सन्नी कुमार उम्मीदवार थे।जिसमे अतुल अंजन को 70 प्रतिशत और सन्नी कुमार को 30 प्रतिशत वोट प्राप्त हुआ,जिसमे अतुल अंजन उपाध्यक्ष पद पर मनोनित किये गये।बैठक मे कोयला अधिकारियो की कई ज्वलंत समस्याओ पर चर्चा की गई, जिसमे मुख्य रूप से अधिकारियो के क्वाटर आवांटन,क्वाटर मरम्मति, कॉलोनी की साफ सफाई, शुध्द पेयजल,पार्किंग, सेवानिवृत अधिकारियो को रिटायरमेन्ट के बाद मिलने वाली सुविधा, सीएमओएआई का कार्यालय आवांटन कराने सहित अधिकारियो की कई समस्या पर चर्चा की गई।बैठक मे क्षेत्रिय स्तर से मुख्यालय स्तर तक समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया गया।जीएम संजीव कुमार ने एसोसिएशन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।साथ ही अधिकारियो की समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया।उन्होंने सभी अधिकारियो से मिल जुलकर काम करने और पिपरवार एरिया को अच्छे मुकाम पर ले जाने की अपील की।बैठक मे मुख्य रूप से डीके शर्मा, पीके सिंह, नागेश गोपाल, आरएन गौतम, अरूण महतो ,रूपिन्द्र सिंह,हीराधन मांझी, किशन अवस्थी,अजय कुमार सिंह, अतुल अंजान, सुनील कुमार सिंह,मुकेश तोषांण, रंजीत सिंह, जगदीश मंडल, मोहनलाल सिंह, राजेन्द्र कश्यप, हेमचन्द महतो, शुभम कुमार, धीर प्रताप सिंह, एमामउल हक, शिशिर गर्ग, मिथिलेश कुमार,संदीप कुमार, उज्जवल कुमार, नीरज कुमार, पवन कुमार, धन्यावाद ज्ञापन किशन अवस्थी ने किया।

# गुम हुआ मोबाइल बरामद कर महिला को सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी निवासी लक्ष्मी सागर जो रोजाना मुरी स्टेशन में सफाई का काम करती है,काम करते समय 24/09/2024 सितम्बर को उनका मोबाइल फोन गुम हो गया। लक्ष्मी सागर ने तुरंत इसकी सुचना राजकीय रेल थाना मुरी को लिखित रुप में दिया। पुलिस द्वारा खोजबीन के दौरान 06/12/2024 शुक्रवार को थाना परिसर में लक्ष्मी सागर को उनका मोबाइल सही सलामत सौंप दिया गया।इस तरह के सरहानिय कार्य का महिला ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

## गोदरेज इंटीरियो द्वारा जमशेदपुर में घरों का होम डेकोर आधुनिक बनाया जायेगा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोदरेज एंटरप्राइज़ेस ग्रुप की ओर से गोदरेज एंड बॉयस की अग्रणी होम एंड ऑफिस फर्नीचर बिज़नेस यूनिट, गोदरेज इंटीरियो ने जमशेदपुर में अपना नया स्टोर खोला है। 5,000 वर्गफीट में फैला यह स्टोर पूर्वी भारत में ब्रांड की रिटेल पहुँच बढ़ाएगा। मरीन ड्राइव स्थित बिंदल मॉल में खुले स्टोर में होम फर्नीचर, गद्दे, डाइनिंग फर्नीचर और होम स्टोरेज उत्पाद उपलब्ध हैं। उद्घाटन की खुशी में गोदरेज इंटेरियो द्वारा अपने होम फर्नीचर उत्पादों पर 35 प्रतिशत तक की छूट और मुफ्त फर्नीचर जीतने का मौका दे रहा है। इस नए स्टोर के उद्घाटन के बारे में गोदरेज इंटीरियो के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड, कंज्यूमर बिज़नेस, डॉ. देव नारायण सरकार ने कहा, जमशेदपुर में हमारा यह नया स्टोर अपने ग्राहकों के घरों को प्रीमियम गुणवत्ता, फ़ंक्शनलिटी और सुंदरता प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हमें उम्मीद है कि वित्तवर्ष 2025 तक इस स्टोर का वार्षिक राजस्व बढ़कर 5 करोड़ रुपये तक पहुँच जाएगा। हम वित्तवर्ष 2025 के अंत तक राज्य में 15 अन्य आउटलेट खोलने की योजना बना रहे हैं, और अगले तीन सालों में हमारा उद्देश्य 25 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करना है।

## ईस्टमैन ने भारत में सबसे बड़ी इन्वर्टर बैटरी रेंज किया लॉन्च, 70 से ज्यादा नये मॉडल पेश




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पॉवर सॉल्यूशंस के मुख्य प्रदाता, ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने आज अपने इन्वर्टर बैटरी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 170+ स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) के साथ ईस्टमैन ब्रांड के अंतर्गत 100 से ज्यादा और एडीडीओ ब्रांड के अंतर्गत 70 से ज्यादा नए मॉडल पेश किए। इस विस्तार के साथ ईस्टमैन इन्वर्टर बैटरी बाजार में सबसे बड़ा पोर्टफोलियो पेश करने वाली कंपनी बन गई है, जो पॉवर की हर जरूरत को पूरा करने के लिए समाधान प्रदान कर रही है। इसके विस्तृत पोर्टफोलियो में अब 100 एएच से लेकर भारत में पहली बार पेश किए गए 400 एएच तक के उत्पाद शामिल हैं। ये उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक और उद्योग जगत के हर प्रयोग के लिए ऊर्जा समाधान प्रदान करेंगे। ग्राहकों को 3 महीने से लेकर 20 साल तक की लंबी वॉरंटी प्रदान करके ईस्टमैन अपने उत्पादों की गुणवत्ता में अटूट विश्वास प्रमाणित कर रहा है।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन से वर्षों पुराने वाद को सुलझाया



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरायकेला के मध्यस्थता केंद्र के माध्यम वर्षों पुराने एक केस को सफल किया गया। इस केस में एक निशक्त महिला का विवाद उसके पति के साथ वर्ष 2017 से चला आ रहा था। अलग अलग न्यायालयों में लंबित पाँच मामलों में आज के मध्यस्थता के माध्यम से सुलह किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरायकेला के प्रयास से आज इस मेट्रोमोनियल वाद में सफलता मिली। इस मध्यस्थता का कार्य डीएलएसए के मीडिएटर देबाशीष ज्योतिषि को दिया गया था।

## सुकिंदा सबल सेंटर में तीन दिवसीय कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम संपन्न



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा स्टील फाउंडेशन ने जयपुर फुट ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से सुकिंदा स्थित सबल सेंटर में तीन दिवसीय कृत्रिम अंग वितरण शिविर का सफल आयोजन किया। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सुकिंदा, बामनीपाल, कलिंगानगर और मेरामंडली क्षेत्रों के 38 लाभार्थियों को अनुकूलित कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। वितरण समारोह में टाटा स्टील के फेरो अलॉयज और मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के एग्जीक्यूटिव-इन-चार्ज, पंकज सतीजा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल ने कहा, यह पहल एक समावेशी समाज की दिशा में हमारा छोटा सा प्रयास है, जहां दिव्यांगजन स्वतंत्र और सार्थक जीवन जीने के लिए सशक्त हों।

## अंतराष्ट्रीय वालंटियर दिवस पर टीम पीएसएफ के एसडीपी रक्तवीर योद्धा सम्मानित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के इतिहास में पहली बार किसी सामाजिक संस्था प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के द्वारा, किसी दूसरे राज्य में एसडीपी रक्तदान का महाअभियान सफलता का परचम लहराते हुए एक मिसाल पेश कर दिया. जहां दुर्गा उत्सव के दौरान भी जिलें के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक ने भी ऐसे मानव जीवनदाई कल्याणकारी कार्य को सर्वोपरि रखते हुए, टीम पीएसएफ को सम्मानित कर चुके हैं. वहीं जमशेदपुर के स्थानीय अखबार प्रभात खबर ने भी पुरे रक्तवीर योद्धाओं के फौज को अपना कार्यालय में बुलाकर जीवनदाई मानव सेवा सम्मान से सम्मानित किया.

## इंटक बिष्टुपुर प्रखंड कमिटी का गठन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इंटक बिष्टुपुर प्रखंड कमिटी का गठन प्रखंड अध्यक्ष शिबूचरण करुवा के द्वारा किया गया, जिसकी मान्यता जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राजेश सिंह राजू द्वारा दे दिया गया। जिसमें उपाध्यक्षङ्क बबलू मुखी, बोयार करुवा, राकेश मुखी, सूरज नारायण करुवा, महासचिवङ्कसूरज मुखी, सचिवङ्कआनंद करुवा, किशन कुमार मुखी, संगठन सचिवङ्कमुकेश मुखी, उमाकांत मुखी, कोषाध्यक्षङ्ककविता मुखी, सदस्य ङ्कपूर्णिमा बेहरा, सिवनी लोहार, रमेश करुवा, ईशु करूवा, मोहन करुवा कमिटी गठन पर बिष्टुपुर के प्रभारी संतोष सिंह एवं रौशन सिंह ने शिबुचरन करूवा एवं अन्य पदाधिकारियों को बधाई दी

## पटमदा इंटर कॉलेज के जमीन दाता बिरिंची महतो को मातृशोक

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला के जमींदाता बिरिंची महतो की माता भादूवाला महतो का गुरुवार की शाम करीब 7 बजे 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें पिछले करीब एक सप्ताह पूर्व लकवा मार दिया था और घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। शुक्रवार की सुबह उनका अंतिम दर्शन के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे और सुबह 9 बजे उनकी शवयात्रा निकाली गई। वह अपने पीछे एकमात्र पुत्र बिरिंची महतो, पुत्रवधु व दो पोता समेत पूरा संसार छोड़ चल बसीं।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, आक्रोशित लोगों ने घंटों रखा सड़क जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला थाना अंतर्गत दुगनी कोल डीपी के पास सरायकेला कांड्रा मुख्य सड़क पर एक मालवाही 407 वाहन ने सामने से आ रहे बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर लगभग ढाई बजे का बताया जा रहा है। निरंतर क्षेत्र के हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को घंटों जाम रखा गया। दुर्घटना की सूचना के साथ ही सरायकेला पुलिस वहां पहुंच गई थी। पुलिस प्रशासन द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों को समझा कर संध्या समय सड़क जाम हटाया गया। मिली जानकारी अनुसार मृतक का नाम चंदन नापित था। वह सीनी बाँकसाही गांव का निवासी था तथा रामकृष्ण फॉर्जिंग कोलाबिरा में काम करता था। घर से ड्यूटी जाने के क्रम में वह 407 वाहन की चपेट में आया।

## प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार तृतीय अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल माचा, पटमदा में किया गया। इस दौरान अधिक से अधिक अभिभावक सम्मिलित होकर विद्यालय के जरिए छात्राओं के अपार आईडी बनवाने का निर्णय हुआ। इससे प्रत्येक छात्राओं को सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं और आने वाली वार्षिक परीक्षा, माध्यमिक रजिस्ट्रेशन कक्षा नवम और दशम की जानकारी दी गई। अभिभावकों से आग्रह किया गया कि ससमय रजिस्ट्रेशन करवाने में विद्यालय की सहायता की जाए। दैनिक उपस्थिति, परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ पास करने की तैयारी, विद्यालय का विकास किस प्रकार हो इसके बारे में चर्चा की गई।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ बीआर आंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भारत के संविधान निर्माता डॉ बीआर आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। जमशेदपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता सह सोनारी थाना शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू ने आज उनके आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सुधीर कुमार ने कहा कि यह दिन खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने सामाजिक समानता, न्याय और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया और कर रहे है। डॉ. अंबेडकर का जीवन केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। गौरतलब हो कि बाबासाहेब आंबेडकर का निधन 6 दिसंबर 1956 को उनके दिल्ली स्थित आवास पर हुआ था। बाबा भीमराव आंबेडकर को अपने शुरूआती जीवन में काफी भेदभाव का सामना करना पड़ा था और उन्होंने तभी ठान लिया था कि वो समाज को इस कुरीति से मुक्ति दिलाने के लिए हमेशा ही तत्पर रहेंगे। डॉ भीमराव आंबेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के महू में 14 अप्रैल सन् 1891 को हुआ था। हर वर्ष डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

## डुमरिया ने कासिदा बी को 6 विकेट से हराया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित 17वां विजय बोस क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा मैच धालभुमगढ़ की मेजबानी में नरसिंहगढ़ हाई स्कूल प्लस टू मैदान में कासिदा बी बनाम डुमरिया के बीच खेला गया। कासिदा बी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने की निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवर में कासिदा की टीम 9 विकेट खो कर 166 रन बना पाई। हिमेश महतो 36 रन एवं रजत शर्मा 34 रन बनाए। डुमरिया की ओर से गेंदबाजी में कप्तान राजाराम हांसदा और रोहित गिरी ने 2- 2 विकेट चटकाऐ। जवाबी पारी खेलने उतरी डुमरिया की टीम 16.4 ओवर में ही चार विकेट खो कर 167 रन बनाते हुए यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। हेमंत मार्डी ने तूफानी पारी खेलते हुए 48 गेंद में 8 छक्के और 9 चौके की मदद से 97 रन बनाए, रूपेश कुमार ने 24 रन बनाया। कासिदा बी के में ऋषभ सिन्हा ने 2 विकेट लिये। इस मैच में मैन ऑफ द मैच हेमंत मार्डी को चुना गया। मैच का अंपायर अरशद अहमद और आसिफ अली जबकि स्कोरर की भूमिका में शेख समीम थे। शनिवार का मैच करणडीह और धालभुमगढ़ के बीच खेला जाएगा।

## राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव से मिले विधायक सविता, क्षेत्र के विकास पर हुआ विचार विमर्श



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ के राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव से शुक्रवार को ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने उनसे मिले और उन्हें जीत का बधाई दिया। राजा श्री आदित्य देव के परसुडीह खासमहल स्थित आवास पहुंचकर मुलाकात किया। इस दौरान राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव नें विधायक सविता महतो को पुष्प गुच्छ देकर जीत का बधाई व शुभकामना दिया। इस दौरान राजा प्रशांत कुमार के परिजनों नें विधायक सविता महतो को सॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक सविता महतो काफी देर उनके आवास में रुककर विभिन्न मुद्धे पर विचार विमर्श किया। विधायक सविता महतो ने कहा कि सबको साथ लेकर विकास कार्यों को गति देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजा साहब से मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए मार्गदर्शन देने और आगे भी सहयोग करने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर सपन सिंह देव, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, उदय आदित्यदेव व उनके परिजन उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी मेघनाथ महतो के शोकाकुल परिजनों से मिलने पहुंचे मंगल कालिंदी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के जाल्ला गांव निवासी रहे झारखंड आंदोलनकारी मेघनाथ महतो के निधन की सूचना पाकर शुक्रवार को उनके पटमदा स्थित आवास पहुंचे जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। मौके पर विधायक ने कहा कि मेघनाथ बाबू का असामयिक निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। इसके अलावा विधायक ने लावा गांव पहुंचकर दोलगोविंद सिंह को हुई पुत्रशोक की घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढ़स बंधाया। बताते हैं कि मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में दोलगोविंद सिंह के 16 वर्षीय पुत्र की मृत्यु हो गई थी। विधायक ने पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहने का भरोसा दिलाया। वहीं बांगुड़दा गांव के प्राणकृष्ण महतो का निधन होने की सूचना पर शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, ईशान चंद्र गोप व संजय सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## यूरेनियम उत्पादन प्रक्रिया को सुरक्षा संगीत में पिरोकर लोगों को किया गया जागरूक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** खान सुरक्षा निदेशालय चाईबासा रीजन के नेतृत्व में यूसिल की जादूगोड़ा यूनिट में खान सुरक्षा सप्ताह ( 2-7 दिसंबर) के पांचवे दिन को कई कार्यक्रमों के जरिए कंपनी यूसिल कर्मियों को सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया ताकि सुरक्षित व शून्य दुर्घटना के साथ यूरेनियम उत्पादन संभव हो सके। इस दौरान सुरक्षा संगीत ने कंपनी कर्मियों को खूब झुमाया। इस मौके पर यूसिल की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट की सुरक्षा संगीत टीम ने कार्य बंटवारा से लेकर सुरक्षित यूरेनियम उत्पादन तक के आवश्यक सुरक्षा को वाद्य यंत्र संगीतों में पिरोकर उसकी प्रस्तुति ने खूब वाहवाही लूटी व माइंस सुरक्षा के प्रति लोगों को संगीतो के जरिए जागरूक किया। इसके पूर्व कंपनी की सुरक्षा में जुटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों के जवानो ने विभिन्न तरह के आग से निपटने के उपाय व डेमो कर दिखाया। अंत में सुरक्षा भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जहा नरेंद्र कुमार (माइनिंग फोरमैन) सुवेंद्र परिदा, व अजीत राय ने भूमिगत खदानों में एसओपी के महत्व, आवश्यक सेफ्टी प्लान व घटना से पूर्व दुर्घटनाओ को भांपने के अपने अनुभव को साझा किया। इस मौके पर जादूगोड़ा के नए खान प्रबंधक एमवीवीएस बाबू ,माइंस सेफ्टी अधिकारी अंकित श्रृंगी, आर बी सिंह, राजेश प्रसाद,प्रदीप कुमार, आर के मोदी, भास्कर मुर्मू समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## गम्हरिया शिव बांध के समीप सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** महिला मंडली शिवपुरी की ओर से बड़ा गम्हरिया स्थित शिव बांध के समीप सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम मंडली की ओर से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं ने शिव बांध से कलश में जल लेकर यज्ञ स्थल पर उसे संकल्पित कर स्थापित किया। तत्पश्चात पूजा अर्चना कर कथा सह यज्ञ की शुरुआत की गई। इस अवसर पर वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक श्रद्धेय अनुपानंदजी महाराज को आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संसार मे जो भी है सब सत्य है। सत्य ही सुंदर है। किंतु मनुष्य के जीवन मे कोई भी धार्मिक कथा श्रवण करना परम सत्य है। उन्होंने लोगों को सदा सत्य बोलने, दीन-दुखियों की सहायता करने के साथ साथ भगवान का कथा श्रवण करने की सलाह दी। इस मौके पर उपस्थित कलाकारों द्वारा भगवान कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति भी की गई जिससे श्रोता भाव विह्वल हो उठे। इस मौके पर काफी संख्या में भक्त श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भारत आदिवासी पार्टी ने दी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** भारत आदिवासी पार्टी की ओर से शुक्रवार को महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को मउभंडार अंबेडकर चौक में डॉ. उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को संविधान का जनक कहा जाता है। हर साल 6 दिसंबर के दिन को बाबा साहब की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे का कारण है बाबा साहेब को सम्मान और श्रद्धांजलि देना। भारतीय संविधान के निर्माता, समाज सुधारक, बुद्धिजीवी और चिंतक डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को जो दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर मदन मोहन सोरेन, कार्तिक मुखी, इंद्रजीत मुंडा, अनिल मुखी, लालीन मुखी व आदिवासी हो समाज महासभा पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन पूर्ति आदि उपस्थित थे।

## खरसावां विधायक दशरथ गागराई को लड्डू से तौल किया गया अभिनंदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया।** छोटा गम्हरिया स्थित दुर्गापूजा मैदान में नागरिक समन्वय समिति की ओर से खरसावां विधायक दशरथ गागराई का अभिनंदन समारोह आयोजित की गयी. इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा श्री गागराई को लड्डू से तोलकर लगातर तीसरी बार विधायक बनने पर अभिनंदन किया गया. इस दौरान विधायक श्री गागराई ने कहा कि क्षेत्र का विकास ही हमारी प्राथमिकता है. इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से इसका लाभ लेने की अपील की. समारोह को गणेश चौधरी, गणेश माहली, डब्बा सोरेन, जगदीश महतो, सोखेन हेंब्रम, मंगल माझी आदि ने भी संबोधित किया. साथ सरकारी योजनाओं के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया. इस मौके पर दलबीर सिंह, एसएन मिश्रा, जवाहर लाल माहली, रामू मुर्मू, सिद्धनाथ सिंह, शैलेश तिवारी समेत समिति के सदस्य शामिल थे.

संपादकीय

## केजरीवाल हमले की सियासत

**आम** आदमी पार्टी ( आप ) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर एक बार फिर किसी ने हमला किया। एक नाराज नागरिक ने पूर्व मुख्यमंत्री पर पानी फेंका, जिसे 'आप' नेताओं ने 'स्प्रिट' करार दिया। कुछ ने तेजाब जैसा ज्वलनशील माना। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बेहद उत्तेजित, पर भ्रामक आरोप चस्पा किया कि भाजपा समर्थक व्यक्ति ने केजरीवाल को जिंदा जलाने की कोशिश की, क्योंकि हमलावर के हाथ में माचिस भी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने हमले का पूरा आरोप भाजपा और केंद्र सरकार पर मढ़ दिया। यह हास्यास्पद और सवालिया है कि केंद्र सरकार एक चर्चित विपक्षी नेता की मौत पर राजनीति क्यों करेगी? क्या ऐसा साबित होने से देश भर में भाजपा के खिलाफ आम आदमी का रोष और गुस्सा नहीं भडक़ेगा? क्या 'आप' के नेता अतिशयोक्तिवाद की ही राजनीति के आदी हैं? बहरहाल केजरीवाल पर हमला कोई सामान्य घटना नहीं मानी जा सकती और न ही उसे हल्के में लिया जा सकता है। एक पूर्व मुख्यमंत्री की सुरक्षा में सेंध लगाई गई है। एक सुरक्षा-व्यवस्था की दरारें स्पष्ट हुई हैं। केजरीवाल पर काली स्याही फेंक कर भी हमला किया गया था। किसी ने उन पर जूता भी उछाला था। शायद एक विक्षुब्ध नागरिक ने उन्हें थप्पड़ मारने की भी कोशिश की थी! ये तमाम हमले 'मुख्यमंत्री केजरीवाल' पर किए गए थे। वे आरोपी कौन थे? किसी साजिश का हिस्सा थे? अथवा केजरीवाल की राजनीति से असंतुष्ट थे? इन सवालों के ठोस जवाब हमारे सामने नहीं हैं। दरअसल पहले केजरीवाल प्रधानमंत्री मोदी को गरियाया करते थे, अब उनके निशाने पर गृहमंत्री अमित शाह हैं। दिल्ली में सुरक्षा-व्यवस्था की पूरी जवाबदेही गृहमंत्री की ही है, बेशक दिल्ली 'अपराध की राजधानी' बन चुकी है। अपराध के आंकड़े खुलासा करते हैं कि औसतन 3 महिलाएं हररोज बलात्कार का शिकार होती हैं। यह तो दर्ज आंकड़ों का सच है। जो वारदात दर्ज नहीं होतीं, उनके सच की कल्पना ही की जा सकती है। राजधानी में खुलेआम और अक्सर गोलियां चलती हैं, हत्याएं की जाती हैं, कुछ हत्याएं बेहद बर्बर और राक्षसी तरीके से की गईं, फिरौती-वसूली का धंधा सरेआम चल रहा है और खासकर व्यापारियों को धमकियां दी जाती हैं। आजकल कुछ आपराधिक गिरोहों के नाम भी सुर्खियों में हैं। बहरहाल केजरीवाल पर हमले की शुरुआती जांच में पुलिस ने खुलासा किया है कि एक बोतल में करीब 500 एमएल पानी भर कर उससे हमला किया गया था। बोतल में न तो स्प्रिट थी और न ही कोई अन्य ज्वलनशील द्रव्य था। हमलावर पूर्व बस मॉर्शल था। ये सभी अपनी पक्की नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 'आप' और पुलिस जांच में बिल्कुल विरोधाभास हैं। चूंकि अगले दो माह के दौरान दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं, लिहाजा केजरीवाल और 'आप' की टीमें पदयात्रा कर रही हैं, घर-घर जा रही हैं। केजरीवाल की राजनीति 10 साल की सत्ता के बाद दांव पर है। जो मुद्दे 2020 के चुनावों में थे और जिन कामों, बदलावों पर केजरीवाल जनादेश मांगते रहे हैं, आज 2024-25 में भी वही मुद्दे सामने हैं। लगभग मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य, मुहल्ला क्लीनिक, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा आदि। केजरीवाल की ये रेवडियां 2015 से हिट साबित हुई हैं। कमोबेश विधानसभा चुनाव में 'आप' को एकतरफा जनादेश मिलता रहा है। अब केजरीवाल और उनकी 'आप' पर कई सवाल हैं। दरअसल अब केजरीवाल जनता की अदालत में मौजूद हैं और उन्हें आरोपों का बिंदुवार स्पष्टीकरण देना है। दिल्ली में अपराध बढ़ रहे हैं, पर उनकी सुरक्षा पुख्ता होनी चाहिए।

> दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बेहद उत्तेजित, पर भ्रामक आरोप चस्पा किया कि भाजपा समर्थक व्यक्ति ने केजरीवाल को जिंदा जलाने की कोशिश की, क्योंकि हमलावर के हाथ में माचिस भी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने हमले का पूरा आरोप भाजपा और केंद्र सरकार पर मढ़ दिया। यह हास्यास्पद और सवालिया है कि केंद्र सरकार एक चर्चित विपक्षी नेता की मौत पर राजनीति क्यों करेगी? क्या ऐसा साबित होने से देश भर में भाजपा के खिलाफ आम आदमी का रोष और गुस्सा नहीं भडक़ेगा? क्या 'आप' के नेता अतिशयोक्तिवाद की ही राजनीति के आदी हैं? बहरहाल केजरीवाल पर हमला कोई सामान्य घटना नहीं मानी जा सकती और न ही उसे हल्के में लिया जा सकता है। एक पूर्व मुख्यमंत्री की सुरक्षा में सेंध लगाई गई है। एक सुरक्षा-व्यवस्था की दरारें स्पष्ट हुई हैं। केजरीवाल पर काली स्याही फेंक कर भी हमला किया गया था। किसी ने उन पर जूता भी उछाला था।

### देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं

## भारत में सहकारिता आंदोलन को सफल होना ही होगा

प्रह्लाद सबनानी

> सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को भी सफल बनाना ही होगा।

**भारत** में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को भी सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब "सहकार से समृद्धि" की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है। भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है।




ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। उक्तवर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिति लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के कई नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यतः निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी बैंकों की कार्य प्रणाली को दिशा देने एवं इनके कार्यों को प्रभावशाली तरीके से नियंत्रित करने के लिए अपेक्स स्तर पर कोई संस्थान नहीं है। जिस प्रकार अन्य बैकों पर भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थानों का नियंत्रण रहता है ऐसा सहकारी क्षेत्र के बैकों पर नहीं है। इसीलिए सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं। इसके विपरीत सरकारी क्षेत्र के बैंकों का प्रबंधन बहुत पेशेवर, अनुभवी एवं सक्रिय रहा है। ये बैंक जोखिम प्रबंधन की पेशेवर नीतियों पर चलते आए हैं जिसके कारण इन बैंकों की विकास यात्रा अनुकरणीय रही है। सहकारी क्षेत्र के बैंकों में पेशेवर प्रबंधन का अभाव रहा है एवं ये बैंक पूंजी बाजार से पूंजी जुटा पाने में भी सफल नहीं रहे हैं। अभी तक चूंकि सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव था केंद्र सरकार द्वारा किए गए नए मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने में कसावट आएगी एवं इन संस्थानों का प्रबंधन भी पेशेवर बन जाएगा जिसके चलते इन संस्थानों की कार्य प्रणाली में भी निश्चित ही सुधार होगा। सहकारी क्षेत्र पर आधरित आर्थिक मोडेल के कई लाभ हैं तो कई प्रकार की चुनौतियां भी हैं। मुख्य चुनौतियां ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रही जिला केंद्रीय सहकारी बैकों की शाखाओं के सामने हैं। इन बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने की स्कीम बहुत पुरानी हैं एवं समय के साथ इनमें परिवर्तन नहीं किया जा सका है। जबकि अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में आय का स्वरूप ही बदल गया है। ग्रामीण इलाकों में अब केवल 35 प्रतिशत आय कृषि आधारित कार्य से होती है शेष 65 प्रतिशत आय गैर कृषि आधारित कार्यों से होती है। अतः ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रहे इन बैकों को अब नए व्यवसाय माडल खड़े करने होंगे। अब केवल कृषि व्यवसाय आधारित ऋण प्रदान करने वाली योजनाओं से काम चलने वाला नहीं है। भारत विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। अब हमें दूध के पावडर के आयात की जरूरत नहीं पड़ती है। परंतु दूध के उत्पादन के मामले में भारत के कुछ भाग ही, जैसे पश्चिमी भाग, सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। देश के उत्तरी भाग, मध्य भाग, उत्तर-पूर्व भाग में दुग्ध उत्पादन का कार्य संतोषजनक रूप से नहीं हो पा रहा है। जबकि ग्रामीण इलाकों में तो बहुत बड़ी जनसंख्या को डेयरी उद्योग से ही सबसे अधिक आय हो रही है। अतः देश के सभी भागों में डेयरी उद्योग को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। केवल दुग्ध सहकारी समितियां स्थापित करने से इस क्षेत्र की समस्याओं का हल नहीं होगा। डेयरी उद्योग को अब पेशेवर बनाने का समय आ गया है। गाय एवं भैंस को चिकित्सा सुविधाएं एवं उनके लिए चारे की व्यवस्था करना, आदि समस्याओं का हल भी खोजा जाना चाहिए।

दृष्टि कोण

## सांप्रदायिक सद्भाव की रक्षा करिए

**हम** भाजपाई हो सकते हैं या कांग्रेसी, या समाजवादी या बहुजनवादी। वाम हो सकते हैं या दक्षिण, किन्तु अंत में हम सब भारतीय हैं, और भारत की सुरक्षा, समृद्धि और आपसी सद्भाव से ही हमारा भविष्य जुड़ा है। हम कुछ भी होकर सोचें, भारत के भविष्य से हमारा भविष्य अलग नहीं हो सकता। हमें विकास चाहिए तो उसको भोगने के लिए शांतिपूर्ण माहौल भी चाहिए, जो आन्तरिक और बाह्य दोनों प्रकार से वांछित है। एक देश के अंदर हम समुदायों, संप्रदायों की भिन्नता के कारण उलझते रहें या देशों के आपसी विवादों के कारण, अंत में आम आदमी को ही इन विवादों का शिकार होना है। अधिकांश विवाद प्रभुत्व की भूख के चलते ही होते हैं। फिर चाहे बहाना आप सांप्रदायिक बना लें या आर्थिक, विस्तारवादी बना लें, विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता का बना लें, निचोड़ तो प्रभुत्व की भूख ही है। प्रभुत्व के बजाय समानता को लक्ष्य बना लें तो अपने आप निष्कर्ष ऐसे आने लगेंगे जिनमें टकराव की जरूरतें ही कम होती जाएंगी। यह विश्लेषण जितना भारत के लिए प्रसंगिक है, उतना ही वैश्विक पटल के लिए भी है। फिलहाल बात तो भारत की कर लें। आजकल बड़ी दुविधाजनक स्थिति में से हम गुजर रहे हैं। विकास की दौड़ में हमें अच्छी सफलताएं मिल रही हैं तो हम सभी मिल कर उसका फल उपभोग करें, यह सर्वमान्य लक्ष्य होना चाहिए, किन्तु सरकार के यह बार-बार कहने के बाद भी उसी सरकार का दूसरा चेहरा हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहता है। राजनीतिक दलों की ऊपरी परत कुछ और कहती है और नीचे की परतें कुछ और कहती नजर आती हैं। पत्रकारिता अर्धसत्य अनुगामी होती जा रही है और उसे नियंत्रित करने के राजनीतिक और प्रशासनिक प्रयास सामने दिखने लग जाते हैं। टीवी पर जिस तरह की बहसें मुद्दों को लेकर दिखाई जाती हैं, उनसे स्पष्ट तौर पर पता चलता है कि ये आपसी भेदभाव, खासकर हिन्दू-मुस्लिम भेदभाव को बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही हैं। उनमें जिस तरह के लोगों को ज्यादातर बुलाया जाता है उनमें से नगण्य ही समाधानमुखी दृष्टिकोण लेकर बैठते हैं। चाहे हिन्दू जानकार हों या मुस्लिम, सभी ढूंढ ढूंढ कर विवाद बढ़ाने वाली बातों को उछालते दीखते हैं। अधिकांश चैनल ऐसे ही कार्यक्रम लेकर आते हैं। मुसलमान नेतृत्व में छुपे तौर पर यह भावना काम करती दिखती है कि वे तो इस देश के हुक्मरान रहे हैं, इसलिए हमारा स्तर तो कुछ विशेष ही होना चाहिए। अभी तक भी उनमें से कई 'गजवा-ए-हिन्द' जैसे अप्रासंगिक विचारों के अनुगामी दीखते हैं। और हिन्दू नेतृत्व इस हीनभावना से ग्रस्त दीखता है कि क्योंकि मुस्लिम आक्रान्ताओं ने हिन्दुओं के साथ अन्याय और अत्याचार किया, इसलिए अब हमारे हाथ में बागडोर आई है, तो हम उसका बदला अब पूरा करेंगे। ये दोनों ही विचार खतरनाक हैं। क्योंकि ये दोनों विचार हमें भूतकाल में जीने की ओर ले जाते हैं, जबकि असल जिन्दगी तो वर्तमान में चलती है। हमें तो अपने वर्तमान को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करना है। और यह संघर्ष सारे भारत वासियों का सांझा संघर्ष है। जो हमें आपस में नहीं करना है, बल्कि वैश्विक, आर्थिक, पर्यावरणीय, तकनीकी, राजनीतिक, जलवायु परिवर्तन जनित चुनौतियों से करना है, और इसकी उपलब्धियों के फल हम सभी को सांझा करने हैं। यह बात समझना कोई कठिन बात तो नहीं है, बल्कि इससे अलग दिशा की बात को समझने के लिए ज्यादा तिकड़म और बनावटी कहानियां घडऩे और समझने की जरूरत होगी। देश में बीस करोड़ के लगभग मुस्लिम आबादी है, जिसे विकास का हिस्सेदार बनाए बिना देश का विकास संभव नहीं। विकास का हिस्सेदार बनाने का यह अर्थ नहीं कि वे अपनी शर्तों पर जो चाहे वह करने का प्रयास करें, और यह भी नहीं कि हिन्दू जो बहुमत में हैं, वे अपनी मनमानी सोच को लागू करने की दिशा में बढऩे का सोचने लगें। हम सभी धर्मों-पंथों, भाषाओं, क्षेत्रों के लोग बराबर के हिस्सेदार हैं। इसलिए कोई विशेषाधिकार न मांगें, यही न्यायपूर्ण विकास का मार्ग है। इसमें कोई शक नहीं कि मुस्लिम आक्रान्ताओं ने हमारे हिन्दू मंदिरों को तोड़ा किन्तु उन घटनाओं को हम आज के वातावरण को खराब करने का कारण नहीं बना सकते। जहां भी विवाद की स्थिति आती है तो देश के कानून और न्याय व्यवस्था से मामले हल हों। राम मन्दिर विवाद में दोनों पक्षों ने आरंभिक दुराग्रहों के बावजूद अंत में न्याय व्यवस्था पर अनुकरणीय रूप से सद्भावना स्थापित करने में योगदान दिया। अब हर जगह नए नए विवाद ढूंढने के प्रयास न किए जाएं। हम मुसलमान या हिन्दू होकर सोचना बंद करें, बल्कि भारतीय होकर सोचें तो समाधान आसानी से उपलब्ध हो सकते हैं।

कुछ अलग


## जहं-जहं पांव पड़े संतन के...

**देवभूमि** में सत्ता पक्ष और विपक्ष में आजकल ख़ूब नूराकुश्ती चल रही है, घाटे में चल रहे हिमाचल प्रदेश विकास निगम के अठारह होटलों को लेकर। उच्च न्यायालय के सिंगल बैंच ने निगम के घाटे में चल रहे अठारह होटलों को बंद करने का निर्णय दिया तो डबल बैंच ने उसे उलट दिया या पलट दिया। पता नहीं क्या कहना ठीक होगा। अकेले जज साहिब को जो ठीक लगा उसे दो जजों ने मिलकर उलट दिया। शायद इसे ही 'एक और एक ग्यारह' होना कहते हैं। भला, यह भी कोई बात हुई कि एक अकेले जज साहिब ही इतने होटलों को बंद करने का आदेश दे दें। करोड़ों का घाटा झेलने के बाद जो हिम्मत राज्य सरकारें वर्षों से नहीं जुटा पाई, उसे अकेले जज साहिब दिखा कर क्या साबित करना चाहते थे। आखिर इन छोटे-मोटे फैसलों से प्रदेश का क्या भला होगा? अकेले जज साहिब को राज्य को हो रहा घाटा या पर्यटन विकास निगम की अकर्मण्यता बुरी लगी तो लगी। पर डबल बैंच ने साबित कर दिया कि सरकार तो होती ही घाटा उठाने के लिए है और सरकारी विभागों, निगमों या बोर्डों से कुशलता की उम्मीद करना बेकार है। जब इतने सालों से घाटा खा रहे हैं तो थोड़े बरस और सही। की फर्क पैंदा है। जित्थे इन्ने हज़ारां करोड़ दा घाटा हैगा, उत्थे पैंती-चाली करोड़ और सही। ज़्यादा से ज़्यादा क्या होगा, घाटा एक लाख करोड़ तक जऱा जल्दी पहुंच जाएगा। पर देसी घी मिलता रहना चाहिए। भले कज़र्. लेकर सही। घी खाकर सेहत ठीक रही तो कज़ऱ् भी चुका लेंगे। फिर घाटा तो तभी होगा जब सरकारी कर्मचारी पूरी ईमानदारी के साथ निकम्मे बने रहेंगे। ऐसा न होता तो न्यायालयों में सालों से करोड़ों केस क्यों बांझ पड़े रहते? ऐसे में पर्यटन निगम राज्य सरकार से अपने कर्मचारियों के बकाए को चुकता करने के लिए कुछ करोड़ की मांग कर रहा है तो क्या बुरा है? कहीं और से उधार लेगा तो चुकता करने के लिए मेहनत करनी होगी, जो प्रदेश की सरकारी कार्य संस्कृति की परिपाटी के खिलाफ होगा। फिर सरकार ने हाल ही में मंत्रियों के साथ दो-दो सोशल मीडिया समन्वयक नियुक्त करने का जो निर्णय लिया है, वह ऐतिहासिक है। बेचारे मंत्री कहीं तो काम करते दिखें। भले सोशल मीडिया पर ही सही। यूं भी दिन में अठारह-अठारह घंटे काम करते-करते उनकी काया इतनी घिस गई है कि उनकी परछाईं उनके अपने विधानसभा क्षेत्रों से बाहर नहीं जा पाती। पता ही नहीं चलता कि वह राज्य के कैबिनेट मंत्री हैं या अपने विधानसभा क्षेत्र के। यूं भी वर्तमान सरकार ने जिस तरह अपने चहेतों को कैबिनेट रैंक बांटे हैं, उससे लगता है कि अब कोई भी अपने नाम के साथ कैबिनेट रैंक लिख सकता है। यथा-पंजू मोची कैबिनेट रैंक, नत्थू राम हलवाई कैबिनेट रैंक, छक्कू राम सब्ज़ी वाला कैबिनेट रैंक या पीए सिद्धार्थ व्यंग्यकार कैबिनेट रैंक। होटलों में कम ऑक्युपेंसी को वजह बताते हुए हाईकोर्ट ने जब उन्हें बंद करने का फैसला सुनाया तो निगम ने कहा कि अगर होटल बंद हुए तो उसकी छवि ख़ऱाब होगी। उसने यह भी कहा कि चूंकि वह ख़ुद होटलों को चलाने में समर्थ है, उन्हें निजी हाथों में देने की ज़रूरत नहीं। पर उससे किसी ने पूछा नहीं कि भय्या अगर छवि इतनी अच्छी है और अगर वह उन्हें स्वयं चलाने में समर्थ है तो फिर घाटा क्यों? निगम से ये सवाल कोई सरकार या सरकारी अधिकारी तो पूछने से रहे। वजह साफ है माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम। राज्य की हवाओं में कई किस्से तैरते रहते हैं, निगम के कर्ताओं-धर्ताओं की ऐयाशियों के। कभी सुनने में आता है कि फलाने कर्ताधर्ता का घर निगम के संसाधनों की देन है तो कभी सुनने में आता है कि ढिकाने कर्ताधर्ता अपने मित्रों के साथ निगम के होटलों में मौज़ करते रहे। चंदन मुफ्त का हो तो सभी घिसते हैं।

देश दुनीया से

## ट्रंप के राष्ट्रवाद की जीत

**राष्ट्रवाद** वैश्वीकरण, आतंकवाद और धार्मिक उन्माद, युद्ध और आर्थिक उथल-पुथल के चलते पूरी दुनिया में राष्ट्रवाद उभार पर है। वर्तमान अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे भी उसी तर्ज पर माने जा सकते हैं। गौरतलब है कि ट्रंप जब पहली बार राष्ट्रपति बने थे, तो उन्होंने चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी इस बात को बार-बार दोहराया था कि वे चीनी वस्तुओं के अंधाधुंध आयात के कारण जंग खाती फैक्ट्रियों को दोबारा शुरू करना चाहते हैं। वे अमरीका की अप्रवासी नीतियों में भी आमूलचूल परिवर्तन चाहते हैं ताकि अमरीकियों के रोजगार की रक्षा हो सके। उन्होंने तो यहां तक कहा कि वे मैक्सिको से हो रही गैर-कानूनी घुसपैठ को रोकने के लिए पूरी सीमा पर दीवार खड़ी करना चाहते हैं। उनका इस बात पर जोर रहा था कि अमरीका को दूरदराज के देशों में सशस्त्र दखल रोकना है, ताकि अमरीका को गैर जरूरी खर्चों से बचाया जा सके। रूस जैसे देश जिसके साथ अमेरिका के संबंध कभी भी मधुर नहीं रहे, उसके साथ भी ट्रंप ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ उनकी मित्रता भी काफी चर्चा में रही। अपनी इन्हीं नीतियों के कारण ट्रम्प बहुसंख्यक अमरीकियों में अपनी लोकप्रियता के चलते पुनः राष्ट्रपति बनने में सफल हो सके। अमेरिका प्रथम ट्रंप प्रशासन का मूल मंत्र रहा है। यानी कुल मिलाकर अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रवाद का जादू सिर चढक़र बोल रहा है।



**उधर यूरोप में भी राष्ट्रवाद पुनः** उभार ले रहा है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोपीय देशों में पहले उदारवाद और बाद में भूमंडलीकरण और यहां तक कि खुली अप्रवासी नीति भी अपनाई जाने लगी थी। लेकिन आज यूरोपीय देश राष्ट्रवाद पर सवार होकर अपनी अर्थव्यवस्था और समाज की चिंता कर रहे हैं। सबसे पहले ब्रिटेन ने ब्रेक्सिट के माध्यम से स्वयं को यूरोपीय समुदाय से अलग किया। हालांकि ब्रिटेन के अलावा यूरोपीय समुदाय के सभी देश भी समुदाय में बने हुए हैं, लेकिन सभी देशों में जहां पूर्व में उदारवादी सरकारों का बोलबाला था, अब राष्ट्रवाद का ज्वार बढ़ता दिख रहा है। छह प्रमुख यूरोपीय देशों इटली, फिनलैंड, स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोएशिया और चेक गणराज्य में तो राष्ट्रवादी सरकारें पहले से ही स्थापित हो चुकी हैं, कई अन्य देशों में राष्ट्रवादी पार्टियां काफी ताकतवर हो रही हैं। स्वीडन में सरकार का अस्तित्व राष्ट्रवादी दल नेशनलिस्ट स्वीडेन डेमोक्रेट के समर्थन पर टिका है। नीदरलैंड में इस्लाम विरोधी ग्रीट वाइल्डर का दल सत्ता में महत्वपूर्ण भूमिका में है। जर्मनी और फ्रांस में भी राष्ट्रवादी राजनीतिक दलों का प्रभाव अभूतपूर्व रूप से बढ़ रहा है, और वो सत्ता के काफी नजदीक पहुंच रहे हैं। इन सब बदलावों का असर यूरोपीय समुदाय के चुनावों पर भी दिख रहा है। पंथनिरपेक्षता के नाम पर जैसे जैसे अल्पसंख्यक समुदायों का तुष्टिकरण बढ़ा, और तुष्टिकरण के साथ ही साथ अतिवाद भी बढ़ा। साथ हाल ही में फ्रांस और इंग्लैंड में इस अतिवाद के भयानक दृश्य भी सामने आए। इन सब घटनाओं से भी यूरोप और अमरीका में ही नहीं पूरी दुनिया में जनमानस का मूड बदला है।

**राष्ट्रवाद की जीत के मायने :** चाहे यूरोप हो या अमरीका, राष्ट्रवाद की जीत के कई निहितार्थ हैं। सबसे पहले समझना होगा कि यह अतिवादी ताकतों की एक बड़ी हार है। ट्रम्प ने अपने चुनावी भाषणों में हिंदुओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की है और अमरीका में उनकी भूमिका को सराहा है, और यहां तक कि स्वयं को हिंदुओं का बड़ा प्रशंसक तक बताया है। इससे पहले किसी अमरीकी राष्ट्रपति ने ऐसा नहीं किया। उधर हालांकि ट्रम्प मुस्लिमों के खिलाफ तो नहीं, लेकिन उन्होंने साफ-साफ कहा है कि जो मुस्लिम अप्रवासी हमास का समर्थन करेंगे, वे उन्हें अमरीका से बाहर कर देंगे। यानी ट्रम्प किसी भी प्रकार के अतिवाद के विरोधी हैं। गौरतलब है कि बाईडेन प्रशासन ने अतिवादी ताकतों का समर्थन करने वाली कनाडा सरकार का समर्थन किया था। आने वाला ट्रम्प प्रशासन ऐसा नहीं करेगा। महत्वपूर्ण है कि जहां अतिवादी, वामपंथी, वोक, समलैंगिक मानवाधिकार समर्थक एक तरफ खड़े दिखाई देते हैं, ट्रंप ने स्पष्ट रूप से अमरीकी राष्ट्रवाद ( अमेरिका प्रथम ) का जो नारा दिया और जीत हासिल की, वह इस बात का प्रमाण है कि ट्रंप की जीत एक प्रकार से अतिवादी, वामपंथी, वॉकिज़्म आदि ताकतों की भी हार है।

**एलन मस्क की भूमिका :** अमेरिकी चुनावों में अमेरिका के एक बड़े उद्योगपति और अरबपति एलन मस्क की भूमिका भी अमेरिकी चुनावों में महत्वपूर्ण रही। समझना होगा कि एलन मस्क निजी तौर पर वॉकिज़्म शिकार हुए हैं। अमेरिका खास तौर पर कैलिफोर्निया राज्य में विद्यालय वॉकिज़्म इस कदर शिकार हैं कि पांच वर्ष के बच्चे से भी कहा जाता है कि वो स्वयं के बारे में निर्णय करने के लिए स्वतंत्र है कि वो किस लिंग को अपनाना चाहता है। बच्चों को लिंग बदलने के लिए प्रेरित ही नहीं प्रोत्साहित भी किया जाता है। इसी प्रकार एलन मस्क के पुत्र को भी बरगलाया गया और एलन मस्क से भी धोखे से सहमति ले ली गई और उनके पुत्र को हार्मोन्स देकर बालिका में बदल दिया गया। वॉकिज़्म की शिकार पुत्र से परिवर्तित पुत्री ने एलन मस्क से अपने रिश्ते भी तोड़ दिए। ऐसे में खिन्न एलन मस्क ने वॉकिज़्म के खिलाफ काम करने का निर्णय ले लिया। यह महज संयोग नहीं कि चाहे एलन मस्क पहले तो ट्रंप के विरोधी थे, लेकिन बाद में वो उनके समर्थक हो गए। ट्विटर सोशल मीडिया प्लेटफार्म को खरीदने के बाद ट्रम्प को ट्विटर पर बहाल किया और यही नहीं अपने उदासीन रुख को छोडक़र वे सीधे सीधे ट्रंप के समर्थन में आ गए। ट्रंप की जीत में एलन मस्क की महत्वपूर्ण भूमिका बतायी जा रही है। यह भी समझा जा सकता है कि यह चुनाव वॉकिज़्म के खिलाफ भी एक चुनाव है। हम समझते हैं कि यह चुनाव आर्थिक मुद्दों के अलावा वोकिज्म, अतिवाद, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनाम सेंसरशिप के मुद्दों पर लड़ा गया था, जहां ट्रम्प घरेलू व्यवसायों की रक्षा और बढ़ावा देकर, अप्रवास को प्रतिबंधित करके और अनिर्दिष्ट अप्रवासियों को निर्वासित करके, अमेरिकियों के लिए नौकरियों की रक्षा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में काम करके अमेरिका को फिर से महान बनाने के अपने संकल्प को दोहरा रहे थे।

आप का नजरीया

## कालेजों का हुलिया बदले

**अंततः** शिक्षा का हुलिया किससे पूछा जाए। छात्रों को संख्या में ढूंढा जाए या रोजगार में देखा जाए। ऊंची इमारतों में क्षेत्रीय अपेक्षाओं के मकसद खोजे जाएं या सफल भविष्य की रफ्तार में प्रासंगिकता के सवाल खड़े किए जाएं। जो भी हो शिक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए अब छात्र नहीं, बल्कि इसके साथ जुड़े संपूर्ण समुदाय से पूछा जाए। पूछा जाना चाहिए कि हम पढ़ा क्या रहे और किस तरह पढ़ा रहे। पढ़ क्या रहे और कर क्या रहे। रोजगार के बाजार में हम किस डिग्री को ओढ़े और किस भाषा के बोले पर गोले लगा रहे हैं। स्कूल-कालेज परिसर से इतर हमारे पास अध्ययन व ज्ञान की अधोसंरचना व अवसर हैं क्या। मुकाबला तो यह भी है कि सरकारी व गैरसरकारी संस्थानों के बीच खाई क्यों बढ़ रही है। सरकारी शिक्षण पद्धति के आचरण में आखिर गिरावट के कारण क्या और समाधान क्या। विभागीय पक्ष हमेशा बचाव की मुद्रा में क्यों रहता है और क्यों वार्षिक व अवसर विशेष के अवकाशों में शिक्षा विभाग की माथापच्ची आज भी जारी है। बेशक प्राथमिक सीढियों में हिमाचल को मात्रात्मक शिक्षा की आवश्यकता थी और इसकी बदौलत जागरूकता व समृद्धि आई, लेकिन यही पहचान राजनीतिक कारणों से इतनी बिखर रही है कि दर्जनों इमारतें अपनी प्रासंगिकता खोने लगी हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा में बदलाव लाने की एक चेष्टा शिमला में दिखाई दी, जहां सबसे बड़ा सवाल कालेजों में घटती छात्रों की संख्या से उत्पन्न हुआ। आश्चर्य यह कि हिमाचल ने 138 सरकारी कालेज बना दिए जो राष्ट्रीय औसत और पंजाब के मुकाबले भी बहुत अधिक हैं, जबकि इनमें 55 की काबिलीयत सौ छात्रों के प्रवेश को भी संभव नहीं बना पा रही। यह दीगर है कि मंडी में 5681 और धर्मशाला जैसे कालेजों में 5459 छात्र पढ़ रहे हैं, अतः जरूरत को समझने के लिए शिक्षा परिसर की गुणवत्ता अहम हो जाती है। ऐसे बहुत सारे कालेज हैं जिन्हें एक दूसरे में कलस्टर के आधार पर समाहित किया जा सकता है या इन्हें देश के चर्चित शिक्षा प्रतिष्ठानों को पीपीपी मोड के तहत आबंटित कर देना चाहिए। विडंबना यह है कि कालेजों को स्नातकोत्तर का दर्जा देने में भी यह नहीं सोचा कि पाठ्यक्रम से इतर ज्ञान के स्रोत हैं कहां। उदाहरण के लिए घुमारवीं के कालेज में दस-ग्यारह विषयों में स्नातकोत्तर पढ़ाई तो शुरू हो गई, लेकिन वांछित सुविधाएं, फैकल्टी व वातावरण नहीं दे पाए। इतना ही नहीं, अब तो मंडी विश्वविद्यालय खुलने के बाद कालेजों के आबंटन तक में शिक्षा बिखर रही है। होना यह चाहिए था कि हिमाचल विश्वविद्यालय के ही चार या पांच अध्ययन केंद्र बना कर वहां विषयों के आधार पर स्नातकोत्तर अध्ययन करवाया जाता। इसके अलावा कुछ महाविद्यालयों को राज्य स्तरीय दर्जा देकर, कालेज ऑफ इक्नोमिक्स, कालेज ऑफ लैंग्वेज, कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, कालेज ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स, कालेज ऑफ साइंसेज, स्टेट बिजनेस स्कूल, कालेज ऑफ ट्राइबल स्टडीज, कालेज ऑफ फिशरी स्टडीज, कालेज ऑफ म्युजिक तथा राज्य खेल महाविद्यालय का दर्जा देकर अध्ययन व शोध की परिपाटी को नए आयाम तक पहुंचाया जा सकता है। इस दौरान दो तरह की पढ़ाई हो रही। एक वही पुराना सरकारी ढर्रा जहां घोषणाओं पर शिक्षा को राजनीतिक उद्देश्यों पर लाद कर बर्बाद किया जा रहा और समूचा छात्र समुदाय भटक रहा है।

# ककहिया गांव पहुंचें विधायक, ग्रामीणों की सुनी फरियाद

## विधायक के पहुंचते ही फूट फूटकर रोने लगी महिलाएं

- कहा वन विभाग ने कर दिया बेघर, खुले आसमान के नीचे रहने को हैं विवश
- डीएफओ पर जमकर बरसे विधायक, जेल भेजवाने तक को कह डाला, विधानसभा सत्र में उठाएंगे आवाज
- न रहने को है छत है न खाने को है अनाज आखिर कैसे रहें हम सब ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** ईन दिनों प्रखंड के ककहिया गांव सुर्खियों में बना हुआ है।वन विभाग के कार्रवाई से जहां चौतरफ़ा निंदा हो रही है तो वहीं प्रतिनिधी व पदाधिकारी गांव पहुंच कर पीड़ितों की हालचाल ले रहे हैं।शुक्रवार को प्रखंड के ककहिया गांव विधायक जनार्दन पासवान ने पहुंच कर वन विभाग के द्वारा तोड़े गए प्रधानमंत्री आवास सहित खपरैल घर का जायजा लिया और वहां के पीड़ितो से मिलकर फरियाद सुनी।गांव के ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष रो रोकर अपनी व्यथा सुनाई, विधायक के गांव में पहुंचते ही लिपट कर फूट फूट कर रोने लगी महिलाएं। पीड़ित ग्रामीण ने बताया की मंगलवार को वन विभाग के द्वारा बिना सूचना बिना नोटिस के हम लोगों का घर उजाड़ दिया गया। विधायक ने देखा कि घर टूटने के बाद गांववासी खुले आसमान में पेड़ के सहारे रह रहे हैं।विधायक वस्तु स्थिति से अवगत हुवे।वही विधायक ने डीएफओ राहुल कुमार मीणा पर जमकर बरसे और सबसे भ्रष्ट और जेल भेजवाने तक कह डाला,वही खुले आसमान में रह रहे पीड़ित परिवार के लिए अनाज व टेंट की व्यवस्था करने को लेकर बीडीओ को निर्देश दिया। वही विधायक ने कहा विधानसभा के विशेष सत्र में इसे उठाएंगे और सरकार व सदन को इस बर्बरतापूर्ण कार्रवाई से अवगत करवाएंगे। इस प्रभागीय वन पदाधिकारी पर कार्रवाई को लेकर मांग करेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता, जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, मुखिया मनोज कुमार साहू, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, महामंत्री मनोज कुमार यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र यादव, मुखिया प्रतिनिधी अखिलेश प्रसाद यादव, विनोद साव, जितेंद्र शौंडिक, घनश्याम यादव, दिव्या भोक्ता समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पिपरवार जूनियर ने बीसीए जूनियर को 1 विकेट से हराया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के जवाहर फुटबॉल मैदान में जिला क्रिकेट का चौथा मैच पिपरवार जूनियर बनाम बीसीए जूनियर के बीच शुक्रवार को खेला गया। जिसमे बीसीए जूनियर ने ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 6 विकेट खोकर 206 रन बनाये। जिसमें अर्पित कुमार ने सर्वाधिक 76 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने पिपरवार जूनियर की टीम ने 27 ओवर में 9 विकेट खो कर 207 रन बनाकर एक विकेट सेजीत दर्ज की। जिसमें रोशन गोस्वामी ने सर्वाधिक 75 रन बनाए। रोशन गोस्वामी को मैन ऑफ द मैच घोषित कर सम्मानित किया गया। अंपायर की भूमिका चंदन कुमार व रिशु कुमार तथा स्कोर की भूमिका दीपक कुमार ने निभाई। मौके पर एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह उपाध्यक्ष शुभम सिंह सचिव मनोज सहाय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा मौजूद थे।

## सीओ ने किया प्रज्ञा केंद्र का औचक निरीक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत भवन में संचालित प्रज्ञा केंद्र कंचन अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने शुक्रवार को औचिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रज्ञा केंद्र संचालक को बेहतर सेवा देने का निर्देश दिया। साथ ही पीएम किसान योजना समेत अन्य योजनाओं को ऑनलाइन करने में अवैध वसूली नहीं करने का निर्देश दिया है।इस दौरान सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने बताया कि बीते 5 दिसंबर को प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक में प्रज्ञा केंद्र संचालकों के द्वारा पीएम किसान योजना ऑनलाइन करने में लाभुकों से अवैध वसूली करने का मामला उठाया गया था। जिसे लेकर निरीक्षण कर कई निर्देश दिए।मौके पर मुखिया जगदीश यादव, सीआय प्रामोद कुमार सिन्हा, संचालक रियाज अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

## संगीत महाविद्यालय के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए भाजपा किसान मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष संजय कुमार सुमन



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संगीत महाविद्यालय के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष सह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव संजय कुमार सुमन उपस्थित हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में संगीत महाविद्यालय के संस्थापक राजू कुमार साहू एवं संगीत शिक्षक कुमार अखिलेश ने कहा कि संगीत के माध्यम से लोगों को भाव विभोर कर एक से बढ़कर एक संगीत प्रस्तुत किया। वही दूसरी ओर क्षेत्रीय कलाकार ने अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने कहा कि चतरा के लिए सुनहरा अवसर है अब हमारे बच्चों संगीत सीखने के लिए रांची और पटना नही जाना होगा। आज से संगीत महाविद्यालय में ही सभी सुविधाएं उपलब्ध होगा। संगीत सीखने से शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। इस कार्यक्रम में बबलू सिन्हा, देवनन्दन, जमुना साहू समेत कई लोग उपस्थित थे।

# कुन्दा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का हुआ शुभारंभ

## खेल से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : जनार्दन पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** शुक्रवार को कुन्दा प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक जनार्दन पासवान ने फ़िता काटकर किया। विधायक सहित अन्य ने जनता हाई स्कूल खेल मैदान के दान दाता महावीर साव के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। विधायक पासवान ने क्रिकेट मैच का शुभारंभ बल्ला चलाकर किया वही मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को खेल भावना और उत्साह के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने ने कहा की इस तरह खेल का आयोजन क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।खेलकूद का जीवन में बड़ा महत्व है खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक हैं। वही इस तरह के क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन करवाने के लिए आयोजक सह मुखिया मनोज कुमार साहू को धन्यवाद दिया।वही शुभारंभ मैच पिंक पैंथर व मैथन स्टील के बीच खेला गया।जिसमें मैथन स्टील ने 136 रन बनाकर पिंक पैंथर को लक्ष्य दिया वही पिंक पैंथर ने 10 ओवर में ही मैच में जीत दर्ज कर ली।वही पिंक पैंथर के कप्तान आशीष कुमार वर्मा ने 29 बॉल में सर्वाधिक 88 रन बनाकर मैन ऑफ दी मैच अपने नाम कर लिया। शुभारंभ कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, भाजपा नेता मनोज यादव, सीओ दीपक मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, समाजसेवी जयराम भारती, मुखिया मनोज कुमार साहू, नवादा मुखिया भरत यादव, बौधाडीह मुखिया प्रतिनिधी बिनोद साव, अखिलेश यादव समेत समिति के अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से इस आयोजन में भाग लिया।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर धूल फांकने को मजबूर

# महीनों से धूल फांक रहा है आरोग्य मंदिर


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के रेफरल अस्पताल के प्रांगण में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर इन दिनों धूल फांकने को मजबूर है। वहीं आरोग्य मंदिर में महीनों से ताला लटका पड़ा है। हालांकि यह आरोग्य मंदिर आयुर्वेदा जिला आयुष समिति चतरा से संचालित किया जा रहा है। एक तरफ सरकार आयुर्वेद दवाइयों के माध्यम से बीमार लोगों को स्वस्थ कराने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इसके लिए सभी जगहों पर एक डॉक्टर और एक व्यक्ति को सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है किंतु यहां ना डॉक्टर हैं ना सहायक मुख्य गेट पर महीनों ताला लटका पड़ा है । वैसे में सरकार का सारा जन उपयोगी कार्य महज कागजों पर सिमट कर रह जा रहा है। आपको बता दें कि आयुष्मान




आरोग्य मंदिर योजना के अंतर्गत सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंद और गरीब लोगों तक पहुंचाने का कार्य करती है। इसका संचालन विभिन्न तरीकों से किया जाता है जैसे में पंजीकरण प्रक्रिया, लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के तहत पंजीकृत किया जाता है। लाभार्थी परिवारों का चयन सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (SECC) डेटा के आधार पर किया जाता है। परिवारों को एक विशिष्ट आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जाता है।आयुष्मान आरोग्य केंद्र (मंदिर) का निर्माण ,स्थानीय अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में स्थापित किया जाता है। केंद्र सभी प्रकार के मरीजों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं और आयुष्मान भारत योजना के तहत उपचार प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना आयुष्मान भारत योजना के तहत, लाभार्थियों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इसमें गंभीर बीमारियों, सर्जरी, दवाइयों और डायग्नोस्टिक टेस्ट की सुविधा शामिल होती है। सरकारी निगरानी और प्रबंधन योजना का संचालन केंद्र और राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभागों द्वारा किया जाता है।

## अनुमोदन व अनुश्रवण समिति, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित बैठक संपन्न



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 मे ई-कल्याण पोर्टल पर प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं के आवेदन अनुमोदन एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित बैठक की गई। बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में अनुसूचित जाति - 167, अनुसूचित जनजाति -44, पिछड़ी जाति-863 के कुल 1074 एवं राज्य के बाहर 74 (चौहत्तर) कुल - 1148 छात्र/छात्राओं को सर्वसम्मति से पारित करते हुए भुगतान करने का निर्णय लिया गया। वहीं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित जिला स्तरीय बैठक में प्राप्त आवेदनों में से पिछड़ा वर्ग के 94, अनुसूचित जाति 17, अनुसूचित जनजाति के 46 कुल 157 लाभुकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से लाभान्वित करने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित समेत संबंधित सदस्य समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन में लाये तेजी : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माननीय उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से सम्बंधित वादों में प्रति शपथ पत्र दायर किये जाने की विभागवार समीक्षा किया गया। विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त महोदय ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, विधि शाखा प्रभारी अनिल मिंज, अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

## आपकी ईमानदारी के बदौलत चुनाव जीते हैं, गद्दारों के बदौलत नहीं : प्रकाश राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** आप सभी कार्यकर्ताओं के ईमानदारी बदौलत यह चुनाव जीता हूं इस चुनाव में एक-एक वोट का महत्व पता चला है। सरकार में नहीं होने के बावजूद भी मेरा कोशिश रहेगी कि मैं जनहित की समस्या को दूर करूं और हर जनहित की समस्या को सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाऊंगा। उपरोक्त बातें लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रकाश राम ने शुक्रवार को बालूमाथ गोपाल सिंह के कलसाइन फैक्ट्री में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि समीक्षा के दौरान या बात स्पष्ट खुलकर आया कि हमारे बीच बैठे कुछ पदाधिकारी खुलकर गद्दारी किए हैं। और चुनाव हराने में पूरी ताकत लगाए हैं ।मैं वैसे लोगों को नसीहत देना चाहता हूं कि वह भारतीय जनता पार्टी को स्वयं छोड़ दे ।ताकि भारतीय जनता पार्टी को और नुकसान नहीं उठाना पड़े ।वही संजीव सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव में जो लोग पार्टी से गद्दारी कर चुनाव हारने का कार्य किए थे वैसे लोगों को भी बालूमाथ भाजपा मंडल में जगह दे दिया गया है। और इस बार भी वह लोग चुनाव हारने का कार्य करने में जुटे हुए थे।

## जन शिकायत निवारण का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक - एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, जमीन संबंधी, अनुकंपा एवं मुआवजा राशि संबंधी जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि आज के जन शिकायत में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये , जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने लोगो को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

## कांग्रेस उपाध्यक्ष साजन कुमार ने दी नवगठित मंत्रीमंडल को बधाई



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष साजन कुमार ने झारखंड सरकार के नवगठित मंत्रीमंडल को बधाई दी है। उन्होंने सभी मंत्रियों को उनके मंत्री पद संभालने के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि वे राज्य के विकास और जनहित में बेहतर कार्य करेंगे। श्री कुमार ने विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी से मंत्रीमंडल में शामिल चारों मंत्रियों को बधाई दी और इसे पार्टी के लिए गर्व का क्षण बताया। श्री कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य ने विकास के कई आयाम देखे हैं और जनता को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम झारखंड को एक नई दिशा देने में सफल होगी। उन्होंने अपील की कि मंत्रीगण राज्य के प्रमुख मुद्दों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास कार्यों पर प्राथमिकता से काम करें। उन्होंने कहा कि इस नई सरकार से झारखंड की जनता को अपार उम्मीदें हैं, और यह टीम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी।

# लातेहार के तीन खिलाड़ियों का 68वां राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** एसजीएफआई के तहत दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित 68वां स्कूल नेशनल गेम प्रतियोगिता में लातेहार जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में श्रीराम रतन, मो0 मोजाहिद रजा और विशाल उरांव शामिल हैं। उक्त तीनों खिलाड़ियों का चयन विगत 25 सितंबर को राजधानी रांची के बैडमिंटन खेल गांव में राज्य स्तर प्रतियोगिता में आयोजित हुआ था। शुक्रवार को तीनो खिलाड़ियों को समाहरणालय प्रवेश द्वार से जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार के द्वारा रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता आगामी 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक खेला जाना है। इस संबंध में जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने तीनो बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि अपना प्रदर्शन को इसी तरह बरकरार रखें और आने वाले समय में देश, राज्य और जिले का नाम रौशन करें। वहीं जिला परिषद विनोद कुमार ने कहा कि जिला स्तर पर बच्चों को खेल को लेकर बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी ताकि दूसरे बच्चे भी खेल से जुड़ सकें और बेहतर प्रदर्शन करें। रवाना करने पूर्व चयनित खिलाड़ियों के परिजनों से अपने बच्चे के उज्जल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि पूरे राज्य से पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें तीन खिलाड़ी लातेहार जिले के ही हैं। मौके पर राजन तिवारी, पंकज तिवारी, पिंटु रजक समेत कई लोग मौजूद थे।

# विधायक प्रकाश राम ने किया प्रतिमा का अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद चौक में शुक्रवार स्व.रामकुमार भगत प्रतिमा का अनावरण लातेहार के विधायक प्रकाश राम ने किया। मौके पर उन्होंने स्व. रामकुमार भगत को याद करते हुए कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1977 में अपराधियों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी। क्योंकि उन्होंने एक आदिवासी युवती के साथ हुए बलात्कार का विरोध किया था। और इस मामले को लेकर उस समय के पलामू के एसपी मिलकर अपराधियों पर केस दर्ज करवाया था। स्व.रामकुमार भगत गरीबों शोषितों की लड़ाई लड़ते रहते थे। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ और अन्याय के खिलाफ हम लोग भी स्व.रामकुमार भगत की पदचिन्ह पर चलने का काम करें। उनके द्वारा किये गए कार्यो को हम आज भी



नमन करते है। वहीं मो. जुबेर, प्रेम प्रसाद गुप्ता, मोतिउर रहमान, रामनाथ सिंह, संजीव सिन्हा, राजू भगत समेत कई लोगों ने संबोधित करते हुए स्व.रामकुमार भगत के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके पदचिन्हों पर चलने की बात कही। मौके पर लक्ष्मण कुशवाहा मुन्ना जयसवाल अशोक गुप्ता सुदामा प्रसाद देवनंदन प्रसाद, त्रिवेणी साहू, रामजी सिंह, देवेंद्र सिन्हा, शिव साहू, विनोद साव, विजय यादव, रंजीत जयसवाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

## धीमा पड़े मनरेगा कार्य में तेजी लाने को लेकर बीडीओ नें किया बैठक



**पत्थलगड़ा/चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को मनरेगा योजनाओं को लेकर क्रियान्वयन की बैठक की गई बैठक के अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींदर साहू व संचालन बीपीओ राजेश्वर कुमार ने किया। बैठक में महत्वाकांक्षी योजनाओं पर चर्चा की गई। बीडीओ कलीन्द्र साहू ने बताया कि मनरेगा कर्मियों द्वारा हड़ताल की गई थी और बीच में विधानसभा चुनाव होने के कारण कार्यो में धीमी आ गई थी। इस बीच लाभुकों योजनाओं को लेकर भी काफ़ी परेशान थें। अब कार्य गति में तेजी लाई जाएगी। मौके पर बीपीओ राजेश्वर कुमार ने बताया कि अभी मनरेगा में डोभा, इसीबी, कुंवा, दीदी बाड़ी, लूज बोल्डर का योजना चलेगी। सभी योजनाओं में आवश्यक दस्तावेज लगाना अति आवश्यक है। इस मौके पर जाई मनोज कुमार। सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी, मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, पंचायत सचिव राकेश प्रसाद, मोहम्मद असलम, पूर्व मुखिया मेघन दांगी, दुर्गेश कुमार के अलावे कई पंचायत के रोजगार सेवक उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# हजारीबाग मे बेलगाम हुये अपराधी, गोली मारकर फिर हुई एक हत्या, 37 दिन में चौथी घटना






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले में एक बार फिर अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस बार की घटना गिद्दी थाना क्षेत्र की है, जहां 30 वर्षीय दीपक सिंह को गोली मार दी गई। दीपक सिंह, जो मूल रूप से गिद्दी रैलीगढ़ा, दोतल्ला का निवासी था, उसका शव दामोदर नदी के किनारे साधु मंदिर के पास से बरामद हुआ। घटना के बारे में बताया जाता है कि दीपक सिंह को दो गोली लगी थीं। एक गोली आंख में और दूसरी गोली पेट में लगी। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। दीपक सिंह मजदूरी करता था और उसके परिवार में उसका बड़ा भाई अमर, जो ओडिशा में काम करता है, और एक बूढ़ी मां है। घटना के बाद दीपक की मां का हाल बेहाल है। इस घटना ने हजारीबाग के प्रशासन पर फिर से सवाल खड़ा कर दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसे परिजनों को सौंप दिया है। यह घटना हजारीबाग जिले में पिछले 37 दिनों में चौथी हत्या की घटना है।

**पिछले 37 दिनों में हजारीबाग जिले में गोली मारकर चार हत्याएं हुई हैं**

1. 29 अक्टूबर को रामनवमी महा समिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव की हत्या।
2. इसके बाद बड़कागांव के प्रकाश ठाकुर की हत्या।
3. हजारीबाग के कटकमदाग के पूर्व मुखिया उदय साव की हत्या।
4. अब दीपक सिंह नाम के युवक की हत्या।

स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग पर लगातार हो रही इन घटनाओं के कारण जनता में रोष बढ़ता जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने वादा किया है कि वे दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ेंगे और उन्हें सख्त सजा दिलाएंगे। लेकिन, इन घटनाओं ने लोगों की सुरक्षा पर गहरा सवाल खड़ा कर दिया है और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर संदेह उत्पन्न कर दिया है। इस हत्या के बाद स्थानीय लोग भी काफी गुस्से में हैं और उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दीपक सिंह के गांव में शोक की लहर है और लोग प्रशासन से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। इस प्रकार की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि समाज में कानून और व्यवस्था की स्थिति कितनी कमजोर है। इस घटना ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि प्रशासन को अपनी कार्यशैली में सुधार लाना होगा और जनता की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। हजारीबाग में हो रही इन घटनाओं ने एक बार फिर से समाज और प्रशासन दोनों के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन घटनाओं पर कैसे काबू पाता है।

# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हज़ारीबाग डॉ. शशि जायसवाल के संयुक्त निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा मेसर्स हेमकूट राइस मिल डेमोटांड, मे.पूजा होटल सदर, मेन रोड , मे.जय माता दी स्वीट्स, अनंदा चौक,मे. साल्ट एंड पेपर रेस्टोरेंट मटवारी, मे. कैनरी इन, सदर,में.हजारीबाग आरोग्यं हॉस्पिटल, मे. चिल्ली वेरीला, मे. राजश्री निमकी एवं मे. चंद्रावती राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड मोरंगी का निरीक्षण किया गया। सभी प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में सुधार के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने खाद्य पदार्थों के साथ साथ पानी की गुणवत्ता की भी जांच की तथा इन प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता एवं परिसर की समुचित साफ सफाई रखने का निर्देश दिया एवं बिना PSSAI लाइसेंस नंबर एवं लोगों का सामान उपयोग में नहीं लाना को कहा उन्होंने आमलोगों से खाद्य पदार्थों के निर्माण तिथि एवं उपयोग तिथि देखकर ही सामान खरीदने की बात कही। उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालकों से लाइसेंस की कॉपी परिसर में लगाने व अखाद्य रंग का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया।

## हॉस्पिटल चौक के कूड़ेदान में लगी आग,पान गुमटी को नुकसान



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के अस्पताल चौक में अगल-बगल परिसर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से जाली युक्त कूड़े दान का निर्माण कराया गया था,परन्तु कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा उसमें आग लगा दी गई।जिससे आग की वजह से बगल की एक पान गुमटी को आंशिक रूप से नुकसान पहुँचा। इस कुकृत्य को कतई सराहा तो नही जा सकता परन्तु यह भी सत्य है,कि इस कूड़े के निष्पादन की व्यवस्था नही है,जिसकी वजह से कुछ महीनों में यहाँ कूड़े का अंबार लग गया था। आप इसे ऐसे समझ सकते हो कि यह अभी के समय मे विष्णुगढ़ का सबसे बड़ा बाजार है,परन्तु इसके सीने पर गंदगी का अंबार लगा हो,या यूं कहें जैसे चाँद में काले निशान के जैसे। इन सब बातों से एक ही निष्कर्ष निकाला जा सकता है,विष्णुगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन का ढोल फटा पड़ा है,जहाँ से बजबजाती गंदगी,बदबू और कूड़े फैले दिखाई पड़ते है। गाँधी जयंती के दिन जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों में स्वच्छ भारत मिशन को लेकर फ़ोटो खिंचवाने की होड़ सी लगी रहती है,इसके बाद इन बातों से इनका कोई सरोकार नही रहता।

## आंगनबाड़ी केंद्रो में गड़बड़ी की सूचना पर प्रमुख और उप प्रमुख ने किया औचक निरीक्षण



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर प्रखंड प्रमुख बीना देवी और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही अनियमितताओं की सूचना पर सख्त रुख अपनाते हुए कई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार और प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान केशुरा आंगनबाड़ी केंद्र 1 और 2, अमृत नगर और शेखा आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंताजनक पाई गई। केशुरा आंगनबाड़ी केंद्र में 11:30 बजे तक एक भी बच्चा मौजूद नहीं था, जबकि बाकी केंद्रों में रजिस्ट्रार का सही तरीके से रखरखाव नहीं किया जा रहा था।इसके साथ ही, शेखा प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। वहां की पठन-पाठन व्यवस्था पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरिया और चंदवार तथा पशुपालन विभाग चंदवार का निरीक्षण किया गया। जांच में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कई अनियमितताएं सामने आई, और पशुपालन विभाग में नियमित कर्मचारी उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा, खाता संचालन में भी खामियां पाई गईं। प्रमुख बीना देवी ने संबंधित विभागों को सख्त हिदायत दी कि जल्द से जल्द सभी खामियों को दूर किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण से प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## हजारीबाग में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए ईसीसीई प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**हजारीबाग :** पोषण भी पढ़ाई भी ईसीसीई नई पाठयक्रम की रूपरेखा विषयक पर दिनांक-02.12.2024 से 21.12.2024 तक सुबह 10 से 5 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन सूचना भवन, हजारीबाग में किया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभांरभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा द्वारा किया गया है। प्रत्येक 6 बैच में 100-100 आँगनबाड़ी सेविकाआ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें कुल 600 आँगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित किया जाना है। प्रांरभिक बचपन की शिक्षा एवं पोषण में सुधार के उद्देश्य से पोषण भी पढ़ाई भी अभियान की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर आँगनबाड़ी सेविकाओं को स्कूल पूर्व शिक्षा के दौरान तमाम जानकारियाँ प्रदान की जा रही है, जैसे सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप्प म लाभुकों को शत्-प्रतिशत प्रविष्टि, आधार सत्यापन, आधारभूत संरचना की प्रविष्टि, कम जगह में पोषण वाटिका का निर्माण, केन्द्रों की साफ-सफाई, बच्चों के प्रांरभिक बाल्यवस्था में देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने में उनकी क्षमता का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर निपसीड, लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत शून्य से 6 वर्ष वर्ग तक के बच्चें को केन्द्रित किया जा रहा है। अभियान के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में एक मजबूत नींव विकसित बुनियादी तोर पर किये जाने को लेकर प्राथमिकता तय की गई है। इसके लिए बेहत्तर बुनियादी ढ़ांचे के साथ आँगनबाड़ी केन्द्रों को भी से ब्रांडिग करना, आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और सहायकों को बाल देखभाल कार्यकर्ताओं के रूप में नामित करना, तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए शिशु गृह सुविधाएँ प्रदान करना, विभिन्न मॉडलों में एक सामान्य पाठ्यक्रम विकसित करना और बच्चे की मातृभाषा में शिक्षा पर जोर दिया जाना है। साथ ही बताना है कि आँगनबाडी केन्द्र बाल दखभाल सुविधओं के अलावा सरकार और ग्रामीण समुदायों के बीच एक आवश्यक कड़ी के रूप में काम करती है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 6 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को इससे जोड़ा गया है। आँगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से गावों में रहनेवाली महिलाओं और बच्चों को मौलिक स्वास्थ्य देखभाल, पोषण और प्रारंभिक बचपन की शिक्षा सेवाएँ प्रदान करना है। प्रार्थामक बाल संरक्षण और शिक्षा के तहत प्राथमिक स्कूल के लिए बच्चों को तैयारो से आग जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चे के सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और शारीरिक आवश्यकताओं का समग्र विकास है। इस अभियान के तहत संकल्प 4.2 का लक्ष्य 2030 तक सभी बालक-बालिकाओं को गुणवत्ता युक्त प्राथमिक बाल विकास, देखभाल और पूर्व प्राथमिक शिक्षा की पहुंच प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुभा श्वेता होरो सहित अन्य महिला पर्यवेक्षिकाएँ शामिल है।

# आरोग्यम अस्पताल में नि:शुल्क स्त्री एवं शिशु रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 9 दिसंबर को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले का प्रतिष्ठित एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल द्वारा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को समर्पित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिविर 09 दिसंबर दिन सोमवार समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आरोग्यम अस्पताल परिसर में संचालित रहेगा। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच रक्तचाप बी.पी,प्लस, ब्लड शुगर, मुफ्त दवाइयों का वितरण,सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत महिलाओं के लिए विशेष सेवाएँ, विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श की सुविधा रहेगी इस शिविर मे स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधा भंगरा (एमबीबीएस, डीजीओ - प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग) डॉ. कुमारी ऐश्वर्या (एमबीबीएस, डीजीओ, डीएनबी, पूर्व वरिष्ठ रेजिडेंट - फोर्टिस, नई दिल्ली; दिल्ली सरकार) शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हीरालाल (एमबीबीएस, डीसीएच, डीएनबी - शिशु रोग विभाग) मे अपनी सेवा देंगे। एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) में सूचीबद्ध है। इस योजना के तहत सभी लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और महिलाओं व बच्चों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की आरोग्यम अस्पताल में हमेशा से ही समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के तहत अस्पताल आम जनता को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि इस शिविर का अधिकतम लाभ उठाएँ और अपने परिवार की महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवाएँ। प्रशासक जया सिंह ने बताया की एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करना है। इस निःशुल्क स्त्री एवं शिशु रोग स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना चाहते हैं। उन्होंने इस शिविर से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल न. 7319942219, 7319942220, 7319942210 पर संपर्क करने का आग्रह किया है।

## यक्ष्मा उन्मूलन अभियान को सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** सौ दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने किया। मौके पर उन्होंने बताया कि शनिवार को यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक मनोज कुमार यादव करेंगे। वहीं प्रशिक्षण के बारे में बताया गया कि सहिया साथी को घर-घर जाकर 60 साल से ऊपर, शुगर, एचआईवी और 5 वर्ष पूर्व खांसी हुए व्यक्ति को डाटा कलेक्ट किया जाना है। उस व्यक्ति को एक्स-रे किया जाएगा जो संभावित रोगी होंगे इसका इलाज किया जाएगा। वहीं एसटीएलएफ विजेंद्र कुमार ने बताया कि आज बरही और पदमा प्रखंड में यक्ष्मा उन्मूलन का प्रशिक्षण दिया गया है। राज्य के हजारीबाग, रामगढ़, दुमका और सिमडेगा में टीवी रोगों से अधिक मौते हुई है, इसलिए इस क्षेत्र में सौ दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अस्पताल प्रभारी डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, डाटा मैनेजर मो मुजाहिद, एसटीएस रवि शंकर, एसटीएलएफ विजेंद्र कुमार, सुधांशु शेखर, प्रमोद श्रीवास्तव सहिया साथी एवं बीपीटी सहित अस्पताल कर्मी उपस्थित थे।

# बरही से कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पहुंचा एनएचआई कार्यालय, सौंपा पत्र

**कहा सड़क निर्माण में सुरक्षा का ख्याल नही रहेगा, तो होगा बड़ा आंदोलन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** बरही से चौपारण तक हो रहें सड़क निर्माण कार्य में निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के द्वारा लगातार मनमानी की जा रही है, सुरक्षा मानकों का अनदेखी किया जा रहा है, निर्माण कार्य में भी काफी देरी हो रही है। इस बाबत राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क निर्माण कंपनी के मनमानी के खिलाफ बरही से कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजाम उद्दीन अंसारी, ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, ओबीसी जिला महासचिव सुनील साहू, कांग्रेस नेता जितेंद्र गिरी परियोजना निदेशक कार्यालय के अधिकारी से मिलकर कार्य को लेकर शिक़ायत करके आन्दोलन की चेतावनी दी। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजाम उद्दीन ने बरही में रोज़ाना जाम से निजात पाने के लिए बरही में ओवर फ्लाई बनाने की मांग की, ताकि रोजाना जाम की समस्या से निजात मिल सकें। कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि लगातार निर्माण कार्य कर रहें कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण में मनमानी देखी जा रही है, जिसमें सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा नियम का उल्लंघन किया जा रहा हैं। कई जगह सड़क वन वे व ग़लत डायवर्शन बना रखा है जिसका कारण रोजाना घटना दुर्घटना होती रहती हैं। अभी तक बड़ी संख्या में लोगों की जान भी गई हैं। इसके साथ ही पूरी सड़क में नियमसंगत कार्य नहीं करके मैन्युअल किया जा रहा है और मटेरियल भी बहुत घटिया प्रयोग किया जा रहा हैं, जिसका कारण कही न कहीं लगातार सड़क फट और टूट रही हैं। जिसकी शिक़ायत ट्वीट के माध्यम से सड़क मंत्री नितिन गडकरी और संबंधी अधिकारी को भी दी गई हैं। वही कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अंतिम में कहा कि इन विषयों पर जल्द सुधार नहीं किया गया तो विभाग के खिलाफ बड़ी आंदोलन करेंगे। कांग्रेस नेता जितेंद्र गिरी ने कहा कि अनुमंडल कार्यालय व डीएवी स्कूल मोड़ पर आमलोगों व बच्चों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करें चुकी हजारों की संख्या छात्र में उस मोड़ इधर से उधर होते हैं इसलिए दोनो तरफ की सड़कों का निर्माण जल्द से जल्द पूरा हो।

## प्रदीप प्रसाद ने राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता विवेक कुमार तिवारी से की मुलाकात, उनकी साहस और वीरता का किया सराहना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने कार्यालय सभागार में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सीआरपीएफ की वैली क्यू ए टी कमांडो टीम के पूर्व सदस्य विवेक कुमार तिवारी से मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक ने उनका फूलों का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके अदम्य साहस व देश सेवा के प्रति योगदान की बहुत-बहुत प्रशंसा की। मुलाकात के दौरान विधायक ने विवेक कुमार तिवारी के कार्यों और उनके संघर्षों के बारे में विस्तार से जाना और उनकी हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

**विवेक कुमार तिवारी कौन हैं?**

विवेक कुमार तिवारी एक वीर और समर्पित सैनिक के रूप में कार्य कर चुके हैं, जिन्होंने अपने साहसिक कार्यों से देश का मान बढ़ाया है। उनके पिता नंद कुमार तिवारी एक सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक हैं। विवेक की शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली और संत कोलम्बा महाविद्यालय, हजारीबाग से हुई है। विवेक ने अपनी यात्रा एनसीसी के माध्यम से शुरू की, जहां उन्होंने ए,बी और सी प्रमाणपत्र प्राप्त किए। 2012 में, उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए एनसीसी की राजपथ परेड में भाग लिया और अपने प्रदर्शन के लिए बिहार के राज्यपाल से नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। 2014 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में नियुक्त होने के बाद, उन्होंने अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का खिताब जीता। उनकी पहली तैनाती 2016 में कश्मीर में हुई, जहां उन्होंने आतंकवादियों से मुकाबला करने वाली सीआरपीएफ की ÷वैली क्यू ए टी कमांडो टीम÷ का हिस्सा बनकर अद्भुत प्रदर्शन किया। अपने अब तक के सेवा काल में विवेक कुमार तिवारी ने अपनी टीम के साथ लगभग 60 से अधिक आतंकवादियों को मुठभेड़ों में मार गिराया है। इन मुठभेड़ों में उन्होंने बार-बार अपने अदम्य साहस, शौर्य और वीरता का प्रदर्शन किया। इसके लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उन्हें सीआरपीएफ डीजी प्रशस्ति डिस्क, आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक, नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए हैं। मुलाकात के दौरान सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि विवेक कुमार तिवारी जैसे वीर सपूत न केवल हमारे जिले बल्कि पूरे देश का गौरव हैं। उनकी वीरता और देश के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं। विधायक ने विवेक तिवारी और उनके परिवार को हरसंभव सहायता और सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विवेक कुमार तिवारी ने सैनिक हित के विभिन्न मुद्दों पर विधायक प्रदीप प्रसाद से विस्तारपूर्वक वार्तालाप की और उनसे इस दिशा में सकारात्मक सहयोग की उम्मीद जताई।

# बीडीओ ने विकास कार्यों के समीक्षा बैठक में विकास की गति को तेज करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड सभागार भवन बड़कागांव में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के नेतृत्व में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में प्रखंड के सभी विभागों में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा रोजगार सेवक की बैठक हुई। जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री/अबुवा आवास योजना, 15वे वित्त आयोग, पंचायत भवन, पंचायत सुदृढ़ीकरण, खाद्य आपूर्ति, कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों की समीक्षा की गयी, साथ ही अपूर्ण एवं लंबित कार्यो को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड आपूर्ति सह सांख्यिकी पदाधिकारी भास्कर राज, प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, बीपीओ हीरो महतो, अरुण कुमार पासवान, मुखिया कविता कुमारी, वासुदेव यादव, उप मुखिया राजदेव, मुखिया गीता कुमारी, लीलावती देवी, सुलेखा कुमारी, पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष खुश नारायण मेहता, पंचायत सचिव अशोक तिवारी, जगन्नाथ यादव, स्वाति कुमारी, अलका कुमारी, रंजू कुमारी, धीरज कुमार, गोपाल कुमार, रोजगार सेवक सुबोध कुमार सिंह, तूफानी महतो, संदीप कुमार, फजल उर रहमान, योगेश्वर रविदास, मुकेश कुमार, शंभू रविदास, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार, सहित सभी विभागों के पर्यवेक्षक, मुखिया पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक सहित प्रखंड कर्मी भी उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यालय में डॉ. भीमराव आम्बेडकर का पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारतीय संविधान के निर्माताओं में प्रमुख डॉ.भीमराव आम्बेडकर की 67 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि दलितों के उद्धारक भारतीय संविधान के निर्माताओं में से प्रमुख डॉ.भीमराव आम्बेडकर ने समाज सुधार और समाज के संगठन के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया था । उनके आधिकार का स्मरण दिलाकर उनमें आत्मविश्वास भरा । अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा दी । स्वाधीन भारत के विकास हेतु मार्गदर्शक सिद्धांत संविधान में प्रस्तुत कर अपना देशप्रेम व्यक्त किया । कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव राज्य सभा के सदस्य धीरज साहु पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचु, राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, पूर्व विधायक राजेन्द्र प्रताप देव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद, प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह, सीपी संतन, सच्चिदानंद चौधरी ने रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव, एआईसीसी के पूर्व सदस्य सह अधिवक्ता सत्येन्द्र नारायण सिंह व राजीव गांधी पंचायती राज के जिला अध्यक्ष उदय साव के शोक संतप्त परिवारों से मिलकर सांत्वना दिया और कहा कि इस संबंध में वरीय पदाधिकारी से मिलकर शीघ्र ही हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की बात कही । सयुंक्त रूप से कहा कि पीड़ित परिवार के साथ इस दुखः की घड़ी कांग्रेस आपलोंगो के साथ खड़ी है । जिला प्रवक्ता निसार खान ने बताया कि कार्यक्रम में जिला के पदाधिकारीगण वरिष्ठ कांग्रेसजन 20 सुत्री 15 सुत्री के सदस्यगण प्रदेश प्रतिनिधिगण प्रखंड अध्यक्षगण प्रकोष्ठ तथा मंच मोर्चा के अध्यक्षगण और कार्यकर्तागण सैकड़ों की संख्या मे उपस्थित थे ।

# रामगढ़ पुलिस ने अपहृत युवक को हजारीबाग से किया बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ अजय कुमार को सूचना मिली कि रामगढ़ बस स्टैण्ड से एक युवक का अपहरण कर पैसों की मांग की जा रही है। पैसा नही देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत युवक की स-कुशल बरामदगी हेतू परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। गठित एसआईटी टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए हजारीबाग लोहसिंघना मैदान के पास पुलिस टीम पहुंची तो मैदान से दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे।



भागते हुए एक व्यक्ति को पुलिस टीम के द्वारा पकड़ा गया। जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम मो0 अशफाक उर्फ राजू उम्र 32 वर्ष पिता मो0 कमरूद्दीन, पता गोदखर रोड, पेलावल थाना कटकम सांडी (पेलावल), जिला हजारीबाग बताया। पकड़ाये व्यक्ति से भागने वाले व्यक्ति के बारे में पुछताछ किया तो उसक नाम तौसिफ जावेद, उम्र 31 वर्ष, पिता जावेद इजहार, पता कल्लु चौक, थाना लोहसिंघना, जिला हजारीबाग बताया।पकड़ाये व्यक्ति से सख्ती से भागने का कारण पुछताछ करने पर





उसके द्वारा बताया गया कि एक युवक अनिल कुमार को रामगढ़ बस स्टैण्ड से अपहरण कर लोहसिंघना मैदान, हजारीबाग में पड़ा कबाड़ बस में रखे हुए है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा कबाड़ बस से अपहृत अनिल कुमार को हाथ बंधे हालत में पाया गया जिसे स-कुशल बरामद किया गया। अपहृत अनिल कुमार को अपहरण करने के आरोप में पकड़ाये व्यक्ति मो0 अशफाक उर्फ राजू को गिरफ्तार किया गया एवं घटनास्थल पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल होंडा साईन मोटरसाईकिल नं0 JH02BD-2981, अपहृत अनिल कुमार का मोबाईल फोन, हाथ बांधने में उपयोग किया गया मफलर को जप्त किया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना कांड सं0 377/ 2024, दिनांक-06.12.2024 धारा-140/ 142/61 भा न्या सं दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।फरार अभियुक्त के विरूद्ध छापामारी की जा रही है।इस छापामारी दल में शामिल परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, पु0नि0 कृष्णा कुमार, पु0नि0 सह थाना प्रभारी रामगढ़ थाना , पु0अ0नि0 सुमंत कुमार राय, पु0अ0नि0 उपेन्द्र कुमार, स0अ0नि0 सुजीत कुमार सिंह, आरक्षी / 23 निकेत कुमार, रामगढ़ थाना रिजर्वगार्ड , आरक्षी / 364 गोराई महतों, रामगढ़ थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# उर्दू शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा प्राप्त करें : रफिकुल्लाह

**⇨ चितरपुर में प्रखंड स्तरीय उर्दू ज्ञान एवम उर्दू लेखन प्रतियोगिता संपन्न**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अंजुमन फरोग ए उर्दू, रामगढ़ जिला इकाई द्वारा जिले में प्रखंड स्तरीय उर्दू प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। शुक्रवार को चितरपुर में प्रखंड स्तरीय उर्दू ज्ञान एवम उर्दू लेखन प्रतियोगिता के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता माउंट एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के निदेशक मो. युसुफ ने की और संचालन अंजुमन फरोग ए उर्दू के चितरपुर प्रखंड समन्वयक मो. रफिकुल्लाह ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर अंजुमन फरोग ए उर्दू झारखण्ड के उतरी छोटानागपुर प्रभारी डॉ शाहनवाज खान उपस्थित थे। डॉ खान ने संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू भाषा पढ़ने लिखने में गर्व महसूस करना चाहिए। इस भाषा



में हमारी तहजीब झलकती है। उर्दू भारत में जन्मी और पली बढ़ी है। इस की सुरक्षा और विकास हम भारतीय नागरिकों विशेष रूप से ऊर्दू भाषियों का कर्तव्य है। अंजुमन फरोग ए उर्दू रामगढ़ जिला समन्वयक मो. हातिम विशिष्ट अतिथि स्वरूप उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा को किसी मजहब से जोड़ना गलत है। उर्दू भारतीय उपमहाद्वीप में बोली जाने वाली प्रमुख भाषा हैं।इसकी उत्त्पति खड़ी बोली से हुई है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मो. रफिकुल्लाह ने कहा कि सर सैयद अहमद खान उर्दू शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने का संदेश दे गए। शिक्षा के महत्व को देखते उन्होंने देश को एक बड़ा विश्वविद्यालय दिया। हम उनके कार्यों नहीं भूल सकते। उर्दू ज्ञान प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप में प्रथम सफक़ फहीम, द्वितीय फारिया फातमा और तृतीय फातमा परवीन तथा जूनियर ग्रुप में प्रथम तस्मिया खानम, द्वितीय हानिया हुसैन, और अम्मार सईद तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नर्गिश खान, महविश अबरार, आईशा हबीब और साइका फलक का विशेष योगदान रहा।

# यह जीत पूरे बड़कागांव विधानसभा की जनता की जीत है : रोशन लाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीटीपीएस स्थित बड़कागांव विधानसभा विधायक आवासीय कार्यालय में एनडीए गठबंधन की चुनाव प्रबंधन सह संचालन समिति एवं मंडल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीन मेहता और संचालन भाजपा युवा नेता सह मुखिया किशोर महतो ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीन दयाल उपाध्याय और भीम राव अंबेडकर जी के तस्वीर पर पुष्पर्पण सह दीपप्रज्जवल्लन कर किया गया सह अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।तत्पश्चात कार्यक्रम में पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से आए एनडीए कार्यकर्ताओं को भी अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। बड़कागांव विधानसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक राधेश्याम अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में कमल का का खिलना जो समाप्त हो गया था वह कमल एनडीए के जुझारू कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से फिर से खिल गया है अब बारी है इस कमल को सींचने की बड़कागांव विधानसभा चुनाव प्रभारी कृष्लय तिवारी ने कहा कि जो जोश और उमंग मुझे बड़कागांव के कार्यकर्ताओं में दिखी वह मुझे कही नही दिखी इसका परिणाम है की हमलोग



अच्छे मार्जिन से क्षेत्र में विजई हुए।मौके पर बड़कागांव विधानसभा विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यह जीत कोई व्यक्तिगत जीत नहीं,यह जीत बड़कागांव विधानसभा के जनता की जीत हैं तथा क्षेत्र के समस्याओं का निराकरण मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में प्रवीन मेहता,वरिष्ठ नेता मुकुटधारी महतो, दिनेश साव,जय नारायण प्रसाद, संजीव बाबला, प्रीतम साव,पंकज गुप्ता, गंगाधर महतो, विश्वरंजन सिन्हा, गणेश करमाली, लक्ष्मीकांत महतो, जानकी मुंडा,बादल कुमार, अमिता सोनी, लक्ष्मी देवी, खुसबू देवी,रिंकू देवी, सपना देवी,राकेश विश्वकर्मा, कमलेश राम, मेवालाल यादव, विनोद सिन्हा,गोपाल महतो, सहित सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पोटंगा के बेरोजगार विस्थापित को आउटसोर्सिंग कंपनी में दिया जाये रोजगार, अन्यथा 12 को न्यू बिरसा का उत्पादन होगा ठप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय स्थित शुक्रवार को विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा के अध्यक्ष सूरज बेसरा के नेतृत्व में बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। वहीं इस मांग पत्र में ग्राम पोटंगा के 12 टोला के बेरोजगार विस्थापित ग्रामीणों को कार्तिक माइनिंग आउटसोर्सिंग कम्पनी में प्राथमिकता के आधार पर झारखंड सरकार के नियमानुसार 75 प्रतिशत रोजगार दिया जाए। एवं न्यू बिरसा परियोजना में चल रहे कार्तिक माइनिंग आउटसोर्सिंग कम्पनी में बाहरी मजदूरों को हटाया जाय। न्यू बिरसा रोड सेल में प्रतिमाह पचास हजार टन कोयला का ऑफर दिया जाए, और प्रतिदिन एक सौ गाड़ी लगाया जाय। जिससे ग्राम पोटंगा के 12 टोला का बेरोजगार विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार मिल सके। वहीं विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा के नेताओं ने लिखित रुप में महाप्रबंधक को कहा सात दिनों के अन्दर आउटसोर्सिंग कंपनी कि ओर से सकारात्मक पहल नही किया गया तो आगामी 12 दिसम्बर को न्यू बिरसा परियोजना के सम्पूर्ण कार्य को ठप कर दिया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाब देही सीसीएल प्रबंधन की होगी। वहीं मांग पत्र सौंपने वालों में विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा के संरक्षक सोनाराम मांझी, अध्यक्ष सूरज बेसरा,सचिव जीतन मुण्डा,कोषाध्यक्ष संजय करमाली, गणेश गंझु,मोहन सोरेन, विश्वनाथ मॉझी,बिनोद हेम्ब्रोम,सन्नी सोरेन, सीताराम मॉझी,झानाराम सोरेन, महावीर मुर्मू,मानाराम टुडू,कमेश्वर मुण्डा आदि लोग मौजूद थे।

*सयाल में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि 69 वी महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया*

# बाबा साहब का जीवन केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे भारतीय समाज के लिये प्रेरणा का स्रोत है : सतेन्द्र यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल उत्तरी पंचायत के अंबेडकर भवन में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। वहीं सर्वप्रथम प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई और एक मिनट का मौन रखा गया। वहीं साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। वहीं इस कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सतेंद्र यादव ने किया। वहीं झामुमो नेता सतेन्द्र यादव ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब के अधूरे सपनों को पूरा करना हम सबों का दायित्व है। यह दिन भारतीय समाज के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने सामाजिक समानता, न्याय और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया। इस दिन,भारतीय संविधान जनक और समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की याद में उनके योगदान और जीवन के आदर्शों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। डॉ.अंबेडकर का जीवन केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे भारतीय समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि वीरेंद्र पासवान, उप मुखिया विमलेश कुमार, खजांची राम,सुचित राम, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह,प्रभु पासवान, रामजी राम, रितेश राम, राजनाथ राम, कुमार अरविंद सिंह, सुरेश मेहता, संजय यादव, जसीम अंसारी, नौशाद आलम आदि लोग मौजूद थे।

# डीएवी बरकाकाना के 52 सदसीय टीम के बच्चे डीएवी नेशनल में भाग लेकर ट्राफी और मेडल के साथ लौटा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना के 52 सदसीय टीम के बच्चे डीएवी नेशनल में भाग लेकर ट्राफी और मेडल के साथ लौटी। इस टीम का सबसे युवा सदस्य आर्यन वर्ग तृतीय का विद्यार्थी है जिसे कराटे में स्वर्ण पदक प्राप्त किया । इस टीम ने मीता गांगुली, कुतुबुद्दीन अंसारी, देवेंद्र कुमार, पूजा कुमारी , रवीना कुमारी शशि पांडे, संजय सोनकर के देखरेख में अविस्मरणीय प्रदर्शन किया । इस अवसर पर बच्चों का स्वागत बैंड के धुन एवं माला पहनकर, मिठाई खिलाकर किया गया।ओवरऑल आठ स्वर्ण पदक, दो रजत पदक, एवं आठ का कांस्य पदक प्राप्त कर डीएवी बरकाकाना के बच्चों ने अंतर चौदह वर्षीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर विजेता घोषित होकर अपना परचम लहराया। डीएवी बरकाकाना के इतिहास में यह सुनहरा अवसर है जब डीएवी के राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में डीएवी बरकाकाना के बच्चों ने एक नया प्रतिमान गढ़ा है।इस अवसर पर नया नगर बरकाकाना के लोगों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों का स्वागत किया। इस अवसर पर आतिशबाजियां की गई। बच्चों के लिए यह यादगार क्षण था। निश्चित रूप से ऐसे स्वागत को देखकर बच्चे इस बात का अगर महसूस करेंगे कि उनके प्रयास के कारण आज विद्यालय परिवार गर्व महसूस कर रहा है।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि यह सम्मान हमारे बच्चों के साथ-साथ हम सभी का है जिनका हर संभव प्रयास होता है कि डीएवी बरकाकाना का परचम हमेशा लहराता रहे।बच्चों के स्वागत के लिए एनसीसी के बच्चे ,सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, एवं विद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा रामगढ़ महाविद्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया और रामगढ़ कॉलेज इकाई का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भीम राव अंबेडकर, स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवलेश सिंह एवं हजारीबाग विभाग के सह संयोजक अंशु पाण्डेय उपस्थित रहे। नवलेश सिंह ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व-व्यक्तित्व के बखान के साथ ही उनके पदचिह्नों का अनुसरण और उनके आदर्शों को आत्मसात कर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। बाबा साहेब ने सदैव जाति-पांति से उठकर देश हित में निर्णय लिया और सभी को जीने का समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करते रहे। अंशु पाण्डेय ने बताया की डॉ भीमराव अंबेडकर सिर्फ संविधान के निर्माता नहीं थे, बल्कि वह सामाजिक उत्थान अर्थशास्त्री, गरीबों के मसीहा व नारी उत्थान के अग्रदूत भी रहे। कार्यक्रम के अंत में रामगढ़ महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें कॉलेज अध्यक्ष प्रीतम प्रजापति, कॉलेज उपाध्यक्ष अर्जुन कुमार,जीत करमाली व रानी कुमारी, कॉलेज मंत्री चित्रा कुमारी, सह मंत्री मोंटी कुमार व अनुष्का भगत, कॉलेज एसएफडी संयोजक लक्ष्मी कुमारी, पवन कुमार व आकाश कश्यप, कॉलेज एस.एफ.एस संयोजक जालंधर प्रजापति,चरण बेदिया व सिया रानी, सोनम कुमारी व विकी वत्स पांडे, कला मंच संयोजक अलीशा कुमारी व पंकज बेदिया, एवं कॉलेज कार्यकारिणी दीपिका कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सोनम कुमारी, सुषमा कुमारी, विकाश कुमार आदि बने।नव दायित्ववान कार्यकर्ताओं को नगर मंत्री नितेश मोदी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद 75 वर्ष से अनवरत छात्रों के हित हेतु कार्य कर रही है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर रोक लगाई जाये : राजेश ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** राष्ट्रीय सनातन समाज के संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार हमला हत्या के विरोध में कल रामगढ़ सनातन समाज के द्वारा आक्रोश मार्च मैं आए सभी हिंदुओं को आभार प्रकट करता हूं बहुत कम समय में इस आंदोलन में लगभग हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष युवा शामिल हुए आक्रोश रैली के बाद सुभाष चुके सेम ऐप धरना दिया गया फिर राष्ट्रपति के नाम पर डीसी के माध्यम से एक प्रतिनिधि मंडल बनाकर ज्ञापन सोपा गया इस आंदोलन के संयोजक राजेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक शत्रुघ्न प्रसाद सा जिला संचालक चंद्र बहादुर सिंह विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश का मंत्री मनोज पोद्दार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह गौतम महतो पीयूष तिवारी रोहित सोनी एवं सैकड़ो युवा उपस्थित है श्री ठाकुर ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार हम इसके घर घोर निंदा करते हैं रामगढ़ में आक्रोश सनातनी युवा महिला पुरुष आज हिंदू एकता का परिचय दिखाया गया राजेश ठाकुर ने बताया कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिया पर रोक लगाया जाए हजारों की संख्या में झारखंड में घुसपैठियों हो चुका है झारखंड सरकार इसको रोकने में भी फल है आज झारखंड वासियों को इसकी आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।

# गिद्दी व रैलीगढ़ा में मृतक के परिजनों से मिले विधायक, मदद का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत रैलीगढ़ा व गिद्दी पंचायत के मृतक के परिजनों से मिलकर हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। विधायक ने गिद्दी पंचायत निवासी पत्रकार अजय वर्मा उर्फ नन्हे वर्मा के माता के निधन पर व रैलीगढ़ा पंचायत निवासी मृतक दीपक सिंह पिता रामानंद सिंह के परिजनों से मिलकर कहा कि इस दुःख की घड़ी में आजसू परिवार आपके साथ खड़ा है। जो भी मदद की जरूरत हो,तो निःसंकोच बताए। हर संभव मदद करेंगे। इस दौरान विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कहा कि क्षेत्र में अमन व शांति बनाये रखने के लिए प्रशासन मुस्तैद रहे। जनता का शासन में पुलिस प्रशासन की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कहा कि आये दिन कोयलांचल में घटना घट रही है, अपराधी बेफिक्र घूम रहे हैं। प्रशासन का डर खत्म सा होता दिख रहा है। क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। अपराध पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है । मौके पर गुड्डू यादव, वकील महतो, बसंत प्रजापति संजीत पटेल प्रमेन्द्र सिंह राजेश सिंह महादेव महली छोटटु चौधरी धमेन्द्र चौधरी सहित काफी संख्या कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद थे।

## भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर का पुण्यतिथि मनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) रामगढ़ जिला के और से भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर का पुण्यतिथि थाना चौक अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी के आदमकद प्रतिमा पे लोजपा जिला अध्यक्ष केवल पासवान, जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता,ने पुष्प,एवं माला अर्पित कर उनके चरणों में नमन किया।लोजपा जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने कहा की भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक जाने-माने वकील थे. उन्होंने न केवल अपने मुवक्किलो के लिए वकालत की बल्कि समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के लोकतंत्रिक मूल्यों की भी वकालत की, इसलिए उनकी गिनती आज भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वकीलों में होती हैं।इस पुण्यतिथि पर मुख्य रूप से उपस्थित लोजपा के पूर्व नगर प्रभारी गणेश पासवान ,पप्पू राम , कुणाल कुमार. अंकित कुमार. सागर कुमार. गौतम कुमार. सीनू कुमार. बंटी कुमार. एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने विधायक योगेंद्र महतो को मंत्री बनाये जाने पर दिया बधाई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड सरकार में गोमिया विधायक योगेंद्र महतो को मंत्री बनाए जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर श्री मंगलेश ने विधायक महतो को गुलदस्ता भेंट कर उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। मंगलेश ने कहा कि महतो को मंत्री बनाए जाने से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और जनता के हित में नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महतो अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने झारखंड सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि योगेंद्र महतो जैसे कर्मठ और जनता के प्रति समर्पित नेता को मंत्री पद की जिम्मेदारी देकर सरकार ने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं को सम्मान दिया है।कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे और सभी ने मंत्री पद की शपथ लेने पर महतो को हार्दिक शुभकामनाएँ दी।



## बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के बताये मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी : राजू यादव

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में शुक्रवार को आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, मुखिया चरका करमाली, विश्वनाथ मांझी,लालो महतो, सुखदेव सोरेन, रवि पावरीया,कानू मरांडी,सीगू मांझी, जतरू बेसरा,दीपक, राधेश्याम बैठा, संजय यादव,मनु टुडू, धर्मदेव करमाली,चन्दू जयसवाल, लालदेव सोरेन आदि लोग मौजूद थे।



## रामगढ़ कॉलेज सांस्कृतिक समिति की हुई बैठक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय सांस्कृतिक समिति की बैठक हुई, जिसमें युवा महोत्सव 2024(झूमर), विनोबा भावे विश्वविद्यालय और जिला स्तरीय युवा महोत्सव (संयुक्त तत्वावधान नेहरू युवा केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना) के संबंध में विचार किया गया ।बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी इवेंट्स को तीन भागों में बांट दिया गया और उन इवेंट्स की जवाबदेही शिक्षकों के पृथक समूह को दी गई। अच्छी तैयारी के साथ टीम अच्छा प्रदर्शन कर सके, इस बात पर मुख्य तौर पर फोकस किया गया। प्राचार्य डॉ. रत्ना पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में आर.वी पी देव, आर. के. उपाध्याय, डॉ. बक्शी ओमप्रकाश सिंह, डॉ. कामना राय, डॉ. प्रीति कमल. प्रो. रोज उरांव, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. बलवंती मिंज, डॉ. मालिनी डीन,प्रो विजेता, सरजू महतो और सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ अनामिका उपस्थित रहीं।



## लैंगिक समानता हेतू जागरूकता अभियान चलाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नई चेतना 3.0 लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जेंडर अभियान दिनांक 25 नवंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक संचालित है। इसी क्रम में शुक्रवार को अभियान के अंतर्गत जेएसएलपीएस की जेंडर सीआरपी द्वारा मांडू प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा एवं बड़कीटुंडी में लैंगिक समानता हेतू बच्चों व ग्रामीणों के जागरूक किया गया। मौके पर जेंडर शपथ कराया गया जिससे लड़के और लड़की में भेदभाव को रोका जा सके। साथ ही लैंगिक हिंसा से संबधित सांप सीढ़ी के खेल के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करना पर चर्चा किया गया।



## रामगढ़ कॉलेज एन एस एस ने अंबेदकर जयंती मनाया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कॉलेज,राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों ने मिलकर अंबेदकर जयंती मनाया। प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अंबेदकर ने संविधान के द्वारा हमें ऐसे? मौलिक अधिकार दिये है जो हमें आजादी देता है अभिव्यक्ति की, समानता और भाईचारा की। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ आर.वी. देव ने भी अंबेदकर पर अपने विचार व्यक्त किये और उनके जीवन संघर्षो को रखा। विभागाध्यक्ष डॉ.आर.के. उपाध्याय ने भी संविधान निर्माता के रूप में उनकी भूमिका को अतुल्यनीय बताया,और कहा कि प्रतिभा गरीबी और संघर्ष में भी उभरकर ऊपर आती है ।कई विद्यार्थियों ने इस संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किये , उनमें रोशनी, राजू और चिंकी का वक्तव्य बहुत सराहनीय रहा। स्वागत संबोधन राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना ,इकाई दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर अनामिका ने किया।बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया जगत का वर्तमान समय में महत्वपूर्ण योगदान है : रमेश कुमार

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के मीडिया प्रभारियों की बैठक जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो के नेतृत्व में रामगढ़ न्यू बस स्टैंड स्थित ब्रिगेडियर पार्क में बैठक रखी गई ! बैठक का संचालन नवाडीह पंचायत मीडिया प्रभारी विजय कुमार ने किया ! इस बैठक में रामगढ़ जिला के पंचायत मीडिया प्रभारी, प्रखंड मीडिया प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए । सभी लोगों ने मीडिया से संबंधित जानकारी साझा की , तथा मीडिया को उत्तम तरीके से संचालित की जाए । तमाम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई । पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा लोगों की हर एक सुख दुख में जनता के साथ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा हमेशा खड़ी रहेगी ! जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया जगत का भी अपनी पहचान है ! मीडिया को इग्नोर करके कोई भी व्यक्ति, पार्टी, संस्थान आदि चीज आगे नही बढ़ सकती है ! मीडिया ही पहचान दिलाने में एक अहम भूमिका होती है । आज सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एक प्रचार प्रसार का उत्तम स्रोत माना जाता है । आज के समय में कोई भी व्यक्ति लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को इग्नोर नहीं कर सकते हैं ।

# जमीन विवाद में पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुई झड़प, तीन राउंड हवाई फायरिंग





➡ **पुलिस के द्वारा कथित रूप से एक युवक की पिटाई से घायल होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना प्रभारी मदन कुमार को रोक कर रखा**

➡ **आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर एनएच 80 पर करीब डेढ़ घंटे तक रखा आवागमन बाधित**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर डेरा में शुक्रवार को पूर्वाह्न नौ बजे करीब जमीन विवाद की जांच करने पहुंची मुफस्सिल थाना पुलिस व ग्रामीणों के बीच झड़प हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से स्थानीय युवक पप्पू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया है। पप्पू को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया है। जबकि मुफस्सिल थाना पुलिस का आरोप है कि ग्रामीण के पिटाई से उनके थाना में तैनात हवलदार चुड़का हेम्ब्रम व सिपाही क्रिस्टल ओमेगा तिर्की घायल हुए हैं। उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। आरोप है कि ग्रामीण ने एक जवान सरजू मुर्मू के मोबाइल को छीनकर पटकर तोड़ दिया। मेधा डेयरी की एक वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त किया गया है। वहीं स्थिति को काबू करने के लिए मुफस्सिल थाना पुलिस को तीन राउंड फायरिंग करनी पड़ी। आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 80 मुख्य सड़क को बांस बल्ला लगाकर करीब डेढ़ घंटे तक जाम कर दिया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ घंटे के लिए मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार को रोके रखा। हालांकि बाद में मौके पर पहुंचे एसडीपीओ किशोर तिर्की, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, सीओ बासुकीनाथ टुडू, प्रभारी नगर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज दूबे ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराया और मुफस्सिल थाना प्रभारी को वहां से निकालकर थाना भेजा। सड़क जाम को खत्म कराया। इससे पूर्व आत्मरक्षा में एक जवान के द्वारा तीन राउंड फायरिंग करने की चर्चा है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। फिलहाल गांव में भारी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इधर, एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि जमीन संबंधित विवाद की जांच के लिए पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग उग्र होकर पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया है। हवाई फायरिंग करने की बात गलत है। अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की पिटाई से एक व्यक्ति के घायल होने के आरोप की जांच की जाएगी। पूरे मामले की गहनता से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**क्या है मामला :-** शोभनपुर डेरा मौजा में दो बीघा की एक जमीन है। इस जमान पर दावा? करने वाले ग्रामीण गौतम कुमार यादव ने बताया कि शोभनपुर डेरा में उनके पूर्वजों के नाम दो बीघा ज़मीन है। उस जमीन पर जय कुमार दूबे दावा करते हैं। उनके दादा ने मंदिर बनाने के नाम पर कुछ जमीन दी थी। लेकिन जय दूबे पूरी जमीन को अपने कब्जे कर रखा है। उनसे कागजात मांगी जाती है तो कहते हैं कि उनके पूर्वजों ने उन्हें यह जमीन दान में दी है। कितनी जमीन दान में दी गई है, कागजात दिखाने को कहा जाता है। लेकिन आजतक कागजात नहीं दिखाया जाता है। इसपर मुफस्सिल थाना पुलिस ने बेवजह पप्पू यादव को खदेड़कर पीटा और लहुलुहान कर दिया। उन लोगों ने थाना प्रभारी पर बड़ी रकम लेकर एक पक्षीय कार्रवाई के तहत पप्पू यादव को पिटने का आरोप लगा रहे हैं। उधर, मुफस्सिल थाना पुलिस का कहना है कि बीते गुरुवार को शोभनपुर डेरा के 55 वर्षीय जय कुमार दूबे ने आवेदन देकर बताया था कि बीते बुधवार की शाम साढ़े पांच बजे वे अपनी जमीन में जोत आवाद कर रहे थे। यह जमीन उनके घर के पीछे है। जमीन का पूरा कागजात उनके पास है तथा इसका केवाला भी उनके पास है। अपने जमीन पर जोत आवाद कर रहा था कि उस समय पप्पू यादव उर्फ लव यादव पिता दुर्गा यादव, राजेश यादव पिता राम अवतार यादव दोनों शोभनपुर डेरा के रहने वाले हैं आए और जोत आवाद करने से मना करने लगे। मुझे तथा मेरी पत्नी को गाली गलौज करने लगे। वे लोग मेरे साथ हाथापाई भी किया और वे लोग अपने कमर से देसी कट्टा निकाल कर हम लोगों के ऊपर तान दिया तथा कहने लगे कि जमीन को तुम लोग छोड़ दो नहीं तो तुम लोगों को जान से मार देंगे। उन्होंने बताया कि दोनों ने पूर्व में भी हम लोगों के साथ मारपीट भी किया था। दोनों हमलोगों को बार-बार जान से मारने की धमकी देता रहता है। इसपर थाना पुलिस मामले की जांच करने पहुंची। वहां पप्पू यादव भी पहुंचा था। पप्पू यादव की स्थिति संदिग्ध दिखने पर वे उनकी कमर की तलाशी लेने के लिए बढ़े तो वे भागने लगा और करीब डेढ़ किलोमीटर उसे खदेड़ा तो वह आगे जाकर गिर गया। उसे उठाकर लाने लगे तो पप्पू यादव के भाई, रिश्तेदार व गांव? के लोग वहां पहुंचकर पुलिस पदाधिकारी व जवान से मारपीट करने लगे और जबरन उन लोगों को रोककर रखा गया।

**जाम में घंटों फंसी रही दर्जनों वाहन :-** शोभनपुर डेरा में एनएच जाम में घंटों दर्जनों वाहन दोनों तरफ फंसी रही। इस वजह से सड़क के दोनों छोर में वाहनों की लम्बी कतार लग गई थी। करीब डेढ़ घंटे बाद एसडीपीओ किशोर तिर्की के मौके पर पहुंचने पर उन्होंने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर एनएच से जाम हटवाया और आवागमन को दोबारा चालू कराया गया।

## बंदरों के आतंक से लोग परेशान, झेलना पड़ रहा नुकसान

**अमड़ापाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लगभग एक दर्जन पहाड़िया गांवों में बंदरों के आतंक से बरबटी, बाजड़ा, मकई और अरहर जैसे अनाज को नुकसान हो रहा है। सुनील पहाड़िया, जगन्नाथ पहाड़िया, रमेश पहाड़िया, रामा पहाड़िया, सिरिला सोरेन, जोहन मुर्मू, अनिल पहाड़िया, राजू पहाड़िया, धर्मा पहाड़िया, धर्मदेव पहाड़िया, धर्मेंद्र पहाड़िया, सीताराम पहाड़िया, दिलीप पहाड़िया सहित गौरपाड़ा, तालझारी, सजनीपाड़ा, चनापाड़ा, चाबी, मडगामा, सिंगारसी, मोरिया, पकलो पहाड़िया टोला के गांव अन्य पहाड़िया गांव को लोगों ने बताया कि इस समय हम लोग अपने खेतों में बड़ी मात्रा में अरहर, बाजरा मकई बरबटी आदि लगाते हैं। लेकिन गांवों में बंदरों की टोली अनाजों को नष्ट कर रहे हैं।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये हुनरमंद होना जरूरी : रितु पांडेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** फेस संस्था की ओर से संचालित बालिका शिक्षक केंद्रों की पूर्व छात्राओं के लिए अंजना प्लस-टू विद्यालय में शुक्रवार को कौशल विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फेस की सचिव रितु पांडेय, कार्यक्रम पदाधिकारी उज्जवल साह तथा परियोजना समन्वयक मो. महबूब आलम मौजूद थे। आयोजित कार्यशाला में फेस संस्था के द्वारा संचालित बालिका शिक्षण केंद्र की पूर्व छात्राओं को शामिल किया गया। अंजना क्लस्टर में संचालित पांच केंद्रों से 15-15 छात्राओं यानी कुल 75 छात्राओं के साथ कार्यशाला में उनके कौशल विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। फेस की सचिव रितु पांडेय ने कहा कि सुखमय जीवन के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। इसके लिए हुनरमंद होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश और समाज में हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। महिलाएं हर क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका निभा रही है। देश के बड़े-बड़े संस्थानों में महिलाएं अहम जिम्मेवारी निभा रही है। केंद्र और तमाम राज्य सरकारें भी महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। महिलाओं के लिए विशेष तौर पर योजनाएं भी चला रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए उन्हें हुनरमंद होना जरूरी है। अगर आपके अंदर हुनर है, तो आप कहीं भी खुद को स्थापित कर सकती हैं। महिलाएं हुनर के बल पर पुरुषों के साथ-साथ हर क्षेत्र में काम कर रही है। फेस की संस्था रितु पांडेय ने कहा कि महिलाओं के बगैर देश या समाज का विकास संभव ही नहीं है। आज कहीं भी चले जाइए, महिलाओं को बड़े-बड़े पदों पर काम करते मिल जाएंगे। अगर आपको भी आगे बढ़ना है तो इसके लिए हुनरमंद होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि फेस संस्था की हमेशा कोशिश रही है कि महिलाओं को आगे लेकर जाएं। महिलाओं को समाज में अलग पहचान दिलाएं। इसके लिए शिक्षण संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा बीच-बीच में महिलाओं के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

## ईस्टमैन ने भारत में सबसे बड़ी इन्वर्टर बैटरी रेंज किया लॉन्च




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पॉवर सॉल्यूशंस के मुख्य प्रदाता, ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने आज अपने इन्वर्टर बैटरी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 170+ स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) के साथ ईस्टमैन ब्रांड के अंतर्गत 100 से ज्यादा और एडीडीओ (ADDO) ब्रांड के अंतर्गत 70 से ज्यादा नए मॉडल पेश किए। इस विस्तार के साथ ईस्टमैन इन्वर्टर बैटरी बाजार में सबसे बड़ा पोर्टफोलियो पेश करने वाली कंपनी बन गई है, जो पॉवर की हर जरूरत को पूरा करने के लिए समाधान प्रदान कर रही है। इसके विस्तृत पोर्टफोलियो में अब 100h से लेकर भारत में पहली बार पेश किए गए 400h तक के उत्पाद शामिल हैं। ये उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक और उद्योग जगत के हर प्रयोग के लिए ऊर्जा समाधान प्रदान करेंगे।ईस्टमैन अपनी पूरी रेंज के लिए उद्योग में अग्रणी वॉरंटी के साथ भारतीय इन्वर्टर बैटरी बाजार में विश्वसनीयता का नया मानक स्थापित कर रहा है। ग्राहकों को 3 महीने से लेकर 240 महीने (20 साल) तक की लंबी वॉरंटी प्रदान करके ईस्टमैन अपने उत्पादों की गुणवत्ता में अटूट विश्वास प्रमाणित कर रहा है। ईस्टमैन की उच्च क्षमता की प्रीमियम सीरीज़ में इनोवेटिव 400h की बैटरी और 250h से लेकर 400h तक के मॉडल शामिल हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**
**(E -MAIL ID – midloh632@gamil.com)**

पत्रांक ................../ लोहरदगा, दिनांक................../

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक – 788 दिनांक – 04.12.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/01 DB/SLI/2024-25 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 341136 Lohardaga(2024-25).D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of work | Construction of Jogna Solar L.I Scheme at Vill – Jogna, Block – Senha, Distt. – Lohardaga. |

अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 341394 (Lohardaga)24-25*D



**झारखण्ड सरकार**
**अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा**
**गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**ई0–निविदा सूचना**
**(अति अल्पकालीन निविदा)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, सिमडेगा। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी एवं दुध आदि के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0निविदा का आमत्रण। प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2025 से 31.03.2025 तक |
| 3. | निविदा प्रपत्र मूल्य (Non refundable) online स्वीकार की जायेगी। | ₹5000.00(पाँच हजार) मात्र(त्रैमासिक एवं वार्षिक अवधि हेतु अलग– अलग) |
| 4. | Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि–09.12.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 20.12.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि–09.12.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 20.12.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample)जमा करने की तिथि | तिथि–20.12.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/- से अधीक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि–20.12.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि– 21.12.2024 को मध्याह्न 12.00 बजे मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता, सिमडेगा की उपस्थिति में। |

नोटः– 1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त /स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Hepline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

–ह0–
प्रभारी अधीक्षक,
मंडल कारा, सिमडेगा।

PR.NO.341343 Simdega(24-25):D



**पूर्व मध्य रेल**

**वेल्डिंग का कार्य के लिए ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं. ELS_401_WELDING_24-25_02 हेतु खुला ई.निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है। **1. कार्य का नाम तथा स्थान :** विद्युत लोको शेड, गोमो में 02 (दो) साल के लिए वेल्डिंग का कार्य स्थानः विद्युत लोको शेड, गोमो, **2. कार्य का अनुमानित लागत :** 69,80,099.40/– रू. (उनहत्तर लाख अस्सी हजार निन्यानवे रूपये चालीस पैसे मात्र), **3. अग्रधन राशि :** 1,39,600.00/– रू. (एक लाख उनतालीस हजार छः सौ रूपये मात्र), **4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय :** 12/12/2024 से 26/12/2024 को 11:30 बजे निविदा बंद होने तक। **5. वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है :** आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट **www.ireps.gov.in**। निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुअल निविदा प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। **सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति :** विद्युत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

**वरीय मंडल विद्युत अभियंता**
**टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेल, गोमो**

पीआर/01654/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/24–25/40



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd.Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi -834002,JH
Phone: 0651-2400804/ Website: www.jusnl.in
OFFICE OF THE
GENERAL MANAGER TRANSMISSION ZONE – IV, MEDININAGAR
(Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ Email: gmtzdal@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Due to some unavoidable circumstances and reasons, Tender invited vide **e-NIT No. 243/PR/JUSNL/2024-25** is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

**PR No. 338238**

Sd/-
**General Manager**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

Pr 341359 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –12/2024-25**

1.विज्ञापन दाता का नाम : **कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।**
2.परिमान विपत्र की बिक्री की तिथि : 12.12.2024 से 13.12.2024 तक कार्यालय अवधि में।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 13.12.2024 (अपराहन 03.00 बजे तक)
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 13.12.2024 (अपराहन 03.30 बजे तक)
5.परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : **i. मुख्य अभियंता (या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड, राँची, इंजिनीयरिंग हास्टल, न0-02, धुर्वा, राँची।**
**ii. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग।**
**iii. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, चतरा।**
6.निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थानः **क्रमांक 5 पर वर्णित स्थान।**
7.कार्य विवरणी :–

| क्र0. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सिमरिया–टण्डवा पथ के सेरेंगदाग बाजार के 20वें कि0मी0 में पथ के दोनो तरफ 500m पक्की RCC नाली निर्माण कार्य। | 49.50 | 5000=00 | 1,00,000=00 | 02 (दो) मांह |

निविदा की शर्तें **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट :– परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ भी सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि का आंकलन मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल,चतरा

PR 341325 (Road)24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 37/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 13.12.2024 (अपराह्न 1.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 14.12.2024 को 1.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 16.12.2024 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीणनियोजन कार्यक्रम, राँची

| SI. No | Name of Scheme | Estimated Amount | Earnest Money | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुढमू प्रखण्ड अन्तर्गत उमेडण्डा तालाब का सौन्दर्यीकरण (पेवर्स ब्लॉक, सीढी और लाईट की व्यवस्था) | 24,42,500.00 | 49,000.00 | 5000.00 | 3 Month | कार्य के अनुरूप |

नोट :– 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1, रॉंची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रॉंची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगे।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची राँची

PR 341381 NREP(24-25)D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग),**
**झारखण्ड रांची**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग**

**"पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"**

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड रांची के 23 रा0(वि0) दिनांक 31.07.2024 के आलोक में **वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2025–26** की अवधि में **कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 50 दुधारू गाय/भैंस की योजना** हेतु हजारीबाग जिला के इच्छुक ग्रामीण स्तर पर व्यक्तिगत लद्यु उद्यमि/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालक/सखी मण्डलों को जीविकोपार्जन एवं स्वरोजगार के सशक्त साधन के रूप में स्थापित करना तथा राज्य को दूध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकारी अनुदान–सह–बैंक ऋण/लाभुक अंशदान (सामान्य जाति के लिये 25% अनुदान तथा अनुसुचित जाति/अनसूचित जनजाति के लिए 33.33% अनुदान) पर योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर आमंत्रित किया जाता है। :–

| क्र0 | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | उपयोजना | लक्ष्य | सबसिडी (25%) | बैंक ऋण (65%) | लाभुक अंशदान (10%) | अभियुक्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 50 गाय/भैंस की कामधेनु डेयरी फॉर्मिंग योजना | 39,76,250/- | OSP (25%) | 05 | 9,94,063/- | 25,84,562/- | 3,97,625/- | |
| | | | OSP (33.33%) दुग्ध सहकारिता समिति | 01 | सबसिडी (33.33%) | बैंक ऋण (56.67%) | लाभुक अंशदान (10%) | |
| | | | | | 13,25,285/- | 33,53,340/- | 3,97,625/- | |

**चयन हेतु अहर्त्ताए एवं प्रक्रिया :–**

➢ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोंपरांत दिया जाएगा।
➢जिले में झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्यक्षेत्र में चिन्हित दुग्ध पथों के इर्द–गिर्द इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा।
➢पशुपालक झारखण्ड राज्य के हजारीबाग जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
➢इस योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन में ग्राम पंचायत की अनुशंसा प्राप्त किया जायेगा।
➢योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का अंतिम चयन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
➢इस योजना अन्तर्गत बैंक ऋण की राशि के लिये लाभुकों के द्वारा नियमानुसार बैंक से ऋण प्राप्त किया जायेगा।
➢इस योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि की निकासी ऋण प्रदायी बैंक से प्राप्त क्लेम बिल के आधार पर की जायेगी तथा इसका भुगतान संबंधित बैंक को की जायेगी। अनुदान की राशि Back ended subsidy होगी।
➢06 माह के अंतराल पर दो चरणों में उन्नत नस्ल की दुधारू गाय/भैंस उपलब्ध करायी जायेगी।

**नोट** :– उपरोक्त योजना का आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते है। पूर्ण रूप से भरे हुए फोटोयुक्त आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता एवं भूमि स्वामित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग में स्वयं आकर सम्पर्क करेंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 341355 (Animal Husbandry)24-25*D

# उपायुक्त ने किया समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा के सामाजिक कार्यकर्त्ता के रिक्त पद पर नियुक्त एवं मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रयोजना योजना के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त महोदय ने जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ करने की बात कहीं। उन्होंने कहा सरकार की जो भी नियमवाली है उसके अनुरूप ही नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करें। अभ्यर्थी के द्वारा दावा आपत्ति जताई गई, जिस पर जिला स्थापना विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त कर एवं नियुक्ति समिति के माध्यम से जांच कर आवश्यक निर्णय लेने की बात कहीं। मिशन वात्सल्य के तहत कठिन परिस्थितियों में बच्चों की समग्र देखभाल, सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों, कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों और सड़कों पर जीवनयापन करने वाले बच्चों का संरक्षण किया जाता है। ऐसे बच्चों को मिशन वात्सल्य के तहत सहायता पहुंचाई जाती है। जिसका उपायुक्त महोदय द्वारा समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने लाभ मुहैया कराई जा रही बच्चों का घर जाकर प्रोपर मॉनिटरिंग करते रहने की बात कहीं। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए - सह-जिला कल्याण पदाधिकारी सरोज तिर्की, समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाईक सहित अन्य उपस्थित थे।

# ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल लोहरदगा में कराटे क्लासेस का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रियाडा के पीछे स्थित ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल लोहरदगा में आज से कराटे क्लासेस का शुभारंभ किया गया। कराटे क्लास शुरू होने से पूर्व विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने बच्चों को बताया कराटे जैसे खेल हमारे जीवन में कई तरह से महत्व पूर्ण भूमिका निभाते हैं यह हमारे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में मदद करता है यह हमें स्वस्थ रखता है और दिमाग की क्षमता को बढ़ाता एवं टीमवर्क करने का मौका देता है। यह स्थिरता, धैर्य, ध्यान और टीम कौशल विकसित करने में मदद करता है यह दबी हुई ऊर्जा और कुंठाओं को बाहर निकलने का एक स्वस्थ तरीका है तथा यह ध्यान और शैक्षणिक एकाग्रता में भी सुधार करता है एवं अनुशासन एवं समय प्रबंधन की भावना पैदा करता है। साथ ही साथ यह भी बताया की कराटे के माध्यम से बच्चे अपना आत्मरक्षा कर सकते हैं जिससे उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कराटे श्रवण साहू ब्लैक बेल्ट 6 वीं डॉन (जापान) 5 वीं डॉन कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन (KIO), नेशनल जज एवं नेशनल कोच के द्वारा विद्यालय के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कराटे क्लासेस का शुभारंभ होने पर विद्यालय के सभी बच्चों में उत्साह देखने को मिला सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक कराटे का अभ्यास किया।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर जिला एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारीयों ने किया मल्यार्पण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर आज शुक्रवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय समीप स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया। इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक नीलम सुषमा सारेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज समेत अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों ने भी माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# केंद्र सरकार को हठधर्मिता छोड़, किसानों से करनी चाहिये वार्ता : सुखदेव भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि पिछली बार की तरह ही किसान एमएसपी के लिए विरोध कर रहे हैं। इस बार वह भूमि अधिग्रहण कानून जिसमें चार गुना रैयतो को मुआवजा देने से संबंधित प्रावधान है एवं अन्य मुद्दे है। जो किसान को खेत में होना चाहिए वह आज सड़कों पर हैकेंद्र सरकार को हठधर्मिता त्याग कर अविलंब किसान हित में किसानों के प्रतिनिधिमंडल से उनकी समस्याओं का निदान करने के लिए वार्ता करना चाहिए। अन्नदाता के मामले में केंद्र सरकार को संवेदनशील होना होगा।

# विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा चुनाव जितने के बाद प्रखंड अध्यक्षों के साथ की बैठक, जीत की दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के आवास में शुक्रवार को सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्षों की बैठक हुई। मौके पर विधायक ने विधानसभा जीत पर सभी प्रखंड अध्यक्षों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं ने काफी मेहनत किया। कार्यकर्ताओं के मेहनत के दम पर ही कांग्रेस को लगभग दस हजार के अंत से जीत मिली। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षकों को अपने अपने क्षेत्र की जनता का ईमानदारी के साथ सेवा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथ जनता ने उन्हें वोट दिया है, उस उम्मीद में खरा उतरने के लिए अभी से ही सभी कार्यकर्ता लग जाएं। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी अपने विचार रखे। साथ ही चुनाव में जीत की सभी को बधाई दी। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन ( अक्षण), सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की, कुरडेग कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष तेलेस्फोर टोप्पो, पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, केरसई प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष केरसई बालासीयुष खेस, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, वरीय सह विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह उर्फ मारवाड़ी सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, 20 सूत्री सदस्य मनोहर प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद आदि मौजूद थे।

# किसानो को अपने खेतों में मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाये रखने हेतु केंचुआ व गोबर खाद का प्रयोग आवश्यक करें : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय सभागार में 05 दिसंबर गुरुवार को विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा किसानों के बीच मिट्टी जांच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छंदा भटाचार्य ने कहा आज जिस प्रकार खेतो में रसायनिक खाद्य का उपयोग हो रहा आने वाले दिनों में मिट्टी का उर्वरा शक्ति कम हो जाएगी जिसके कारण पैदवारी में भी काफी प्रभाव पड़ेगा। किसानों को अपने खेतों में अधिक से अधिक केचुवा खाध, गोबर खाद्य का उपयोग आवश्यक है। बीटीएम ज्ञान साहू ने उपस्थित जनसेवा, पंचायत सचिव, मुखिया वार्ड सदस्य एवं किसानों को मिट्टी जांच के लिए खेती से मिट्टी उठाने का विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामसहाय टाना भगत ने किसानों को समय-समय पर मिट्टी जांच कराते रहने के लिए अपील किया। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली, सुमन उरांव, पूर्व मुखिया करमचंद भगत, जनसेवक विनय उरांव, रीना उरांव एटीएम अनुराधा कुमारी एवं कृषक मित्र आदि उपस्थित थे।

# पुत्र के लापता की सूचना पर सेन्हा थाना में सनहा दर्ज




**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पारही बसार टोली निवासी भिखारी उराँव की पत्नी मुनिया देवी ने पुत्र के गुमशुदा का सूचना थाना को करते सकुशल बरामद करने का पुलिस प्रशासन से किया अनुरोध मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के पारही बसार टोली निवासी भिखरी उराँव के 15 वर्षीय पुत्र अक्षय उराँव 3 दिसम्बर 2024 को समय 4 बजे अपने घर में टियूशन जाने की बात बोल कर निकला जो देर शाम तक नही लौटने पर उसकी मां मुनिया देवी छानबीन करने लगी लेकिन कही पता नही चला और समय बीतते ही अपने सगे सम्बंधी एवं पुत्र के दोस्तों से पूछताछ किया परंतु अक्षय उराँव का पता नही चला। तो माँ ने सेन्हा थाना में सनहा दर्ज करने का अर्जी लगते हुए पुलिस प्रशासन से सकुशल बरामद करने का अनुरोध किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी जानकारी देते हुए बताया कि अक्षय उराँव के गुमशुदा का आवेदन प्राप्त हुआ जिसपर पुलिस प्रशासन द्वारा अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया। फिलहाल सभी बिंदुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है।

# अघन पंचमी के मौके पर आयोजित होने वाली दो दिवसीय जतरा महोत्सव आज से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में अघन पंचमी के मौके पर आयोजित होने वाली प्राचीन ऐतिहासिक दो दिवसीय जतरा मेला का शनिवार से शुरुआत होगी। दिन के 11:00 बजे मेले का उद्घाटन के पश्चात मेले का शुरुआत होगी जहां पर बिजली झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन बच्चों के लिए वाटर नाव, जंपिंग, मिकी माउस, सहित खिलौने, मिठाई बर्तन, कपड़े सहित अलग-अलग प्रकार के दूर-दूर से झारखंड के अलग-अलग जगह से आए हुए दुकान सज कर तैयार हो गई है। समिति के अध्यक्ष कुबेर कैथवार ने बताया कि रविवार को भी भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा ।वहीं रविवार रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड के बड़े कलाकारों का आमंत्रित किया गया। उन्होंने जिले वासियों को इस पारंपरिक ऐतिहासिक प्राचीन मेले में आने की अपील की है।

# आयुष्मान भारत के तहत 49 विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दुतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी के तत्वाधान में आयुष्मान भारत के तहत 49 विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दुतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन 06.12. 2024 दिन शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्राचार्य सह जिला शिक्षा पदाधिकारी चतरा दिनेश कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में सेंटर फॉर कैटलाईजीगं चेज ष्ट3 के प्रतिनिधि दीपक कुमार एवं पवन कुमार गुप्ता के अतिरिक्त जिला साधनसेवियों ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। इसके अंतर्गत होने वाले गतिविधियों के बारे में भी प्रकाश डालते हुए वर्त्तमान सन्दर्भ में किशोरावस्था से जुड़े संवेदनशील मुद्दे पर प्रकाश डाला गया। संस्थान के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अमृता सिंहा ने सत्र में सभी आरोग्य दूतों को विद्यालय स्तर तक कार्यक्रम को लागू करने में उनकी महत्ती भूमिका की चर्चा की। प्रत्येक विद्यालय से एक पुरुष और एक महिला शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लिए जिसमें किशोर किशोरयों में होने वाले शारीरिक मानसिक समाजिक व जीवन कौशल संबंधी जानकारी देकर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प उन्होंने लिया। इस से पूर्व में सभी विद्यालय के दो आरोग्य दूत का प्रशिक्षण करवाया जा चुका था फिर JCERT के निर्देश के अनुसार उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से दो अतिरिक्त आरोग्य दूत का चयन कर उनका प्रशिक्षण करवाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में बाल विवाह, स्वास्थ्य जीवन शैली, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा इंटरनेट और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, दहेज प्रथा, मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा, महावारी एवं प्रजनन स्वास्थ्य विषय पर प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा लघु नाटिका जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षक शोभित तिर्की, अशोक भगत, अवधेश प्रसाद यादव, अरुण कुमार दास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डायट के संकाय सदस्यगण रवि शंकर कुमार, श्याम बिहारी महतो, विजय बैठा, महबूब आलम एवं ललिता कुमारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने में अपना योगदान दिया।

# सुदिव्य कुमार सोनू को झारखंड सरकार में मंत्री बनाये जाने पर विश्वकर्मा समाज ने दी बधाई

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हमारे लौहवंशी समाज के सुदिव्य कुमार सोनू को झारखंड सरकार में मंत्री बनाये जाने पर लोहरदगा विश्वकर्मा समाज हर्ष व्यक्त करता है तथा सुदिव्य जी को बधाई व शुभकामनाएं देकर उनके नेतृत्व में झारखंड प्रदेश तथा विश्वकर्मा समाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। मौके पर लोहरदगा ज़िला विश्वकर्मा समाज (लौहवंशी) के अध्यक्ष दीपक कर्मकार ने अस्पताल ब्लड बैंक को HDFC द्वारा आयोज़ित कैंप में अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 1 यूनिट रक्त दान किया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष दीपक कर्मकार, सचिव अमरेश विश्वकर्मा तथा वरुण विश्वकर्मा, जगदीश विश्वकर्मा, उषा विश्वकर्मा, सृष्टि, दृष्टि, रुचिर मृगेंद्र, दिनेश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष भीम विश्वकर्मा के अलावे पूरे विश्वकर्मा समाज ने दी।

# राशनकार्ड में अनियमितता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं : चन्द्रदेव प्रसाद



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों व गांवों में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा राशनकार्ड का ईकेवाईसी किया जा रहा है। जिसे कार्ड धारकों को अपने अपने डीलरों से करना अतिआवश्यक है।यह कार्य डीलरों द्वारा निशुल्क रूप से किया जाना है। बावजूद प्रखंड के कुछ डीलरों द्वारा उक्त कार्य में अनिमितता बरतते हुए इकेवायसी को लेकर डीलर कार्डधारकों से अवैध रुप से वसूली करने की सूचना प्राप्त हो रही है।जिसे लेकर बीडीओ चन्द्रदेव प्रसाद ने प्रखंड क्षेत्र के कार्डधारकों से अपील कर कहा कि राशनकार्ड इकेवायसी डीलरों द्वारा निःशुलक किया जाना है।बावजूद किसी डीलर द्वारा वसूली की जाती है तो लिखित रूप से कार्यालय को शिकायत करें। ताकि दोषी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई किया जा सके।वहीं प्रखंड के तमाम डीलरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अगर किसी कार्ड धारक के द्वारा राशन कार्ड ईकेवाईसी के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत प्राप्त हुई तो संबंधित डीलर के विरुद्ध विधि सम्मत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# समावेशी शिक्षा के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, लोहरदगा के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीओ मंजू कुमारी, बीआरपी सीमा शर्मा, त्रिसंध्या प्रजापति, सीआरपी जीतेंद्र मित्तल, रिसोर्स शिक्षक शीलवंती मिंज और तकनीशियन धीरज पटेल के द्वारा किया गया। बीआरपी सीमा शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षकेत्तर गतिविधियों में भी पारंगत करना और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखता है। उक्त खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड लोहरदगा के विभिन्न विद्यालयों के 30 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया जिसमें 50 मीटर दौड़, कविता प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, बैलून फुलाव, पेंटिंग प्रतियोगिता, सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, बिस्किट रेस, म्यूजिकल चेयर आदि का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। 50 मीटर दौड़ में आयुषी लकड़ा, प्रथम, ज्योति उरांव द्वितीय और सतमी उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में ज्योति उरांव प्रथम, सतमी उरांव द्वितीय और तन्मय उरांव तृतीय स्थान प्राप्त की। कविता प्रतियोगिता में तारामणि तिग्गा सृष्टि कुमारी, धृति साहू आदि ने भाग लिया। इसी तरह गीत प्रतियोगिता में प्रथम धृति साहू द्वितीय शिवानी कुमारी, तृतीय सृष्टि कुमारी ने स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार अन्य स्पर्धाओं में भी प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीमा शर्मा, बीआरपी, लोहरदगा, त्रिसंध्या प्रजापति, बीआरपी लोहरदगा, जीतेंद्र मित्तल, सीआरपी, लोहरदगा, धीरज पटेल, थैरेपिस्ट, शीलवंती मिंज, रिसोर्स शिक्षक और अन्य ने आवश्यक सहयोग किया।

# अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने किया टॉपर्स के साथ अभिभावको का सम्मान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में डी एल एड सत्र 2022.24 में शीर्ष दस स्थान प्राप्त करने वाले और राज्य के लगभग सत्तर कॉलेज के सात हजार प्रशिक्षुओ के मध्य शीर्ष छठे स्थान पर अविराम की राहत प्रवीन रहीं और क्रमश महाविद्यालय में प्रथम से शीर्ष दस तक राहत, प्रियंका, प्रियंका टोप्पो, सना, रजनी, स्नेहा, रौनक, नेहा रिचा के साथ उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।सचिव इंद्रजीत कुमार और सभी अभिभावकों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, स्वागत गीत पर शानदार प्रस्तुति कुसुम, सुधा, नीलीफुल के समूह द्वारा दी गई, आफताब आलम द्वारा स्वागत उद्बोधन कर सभी का स्वागत किया तत्पश्चात सचिव इंद्रजीत कुमार ने अपने ऊर्जस्वी। उद्बोधन में कहा कि अविराम अपनी टीम जिसमे प्रशिक्षु और अभिभावक अभिन्न अंग है उनके कारण आज लोहरदगा में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है, अभी बहुत परिश्रम शिक्षा के क्षेत्र में किया जाना है आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज लॉ कॉलेज समेत कई रोजगार परक पाठ्यक्रमों की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है। अभिभावकों में सम्मान ग्रहण करने वालो में कोलेबिरा से पूरन टोप्पो, लोहरदगा से अलका, निराज्र, किरन, हाज़ी सिकंदर अंसारी, कार्तिक महतो, समजन अंसारी, चैनपुर से प्रियंका टोप्पो आदि रहे जिन्होंने अपने अविराम के साथ अपने अनुभवों को सुखद बताया और कहा कि यहा जिस अनुशासन के साथ शिक्षा दी जाती है वह अनुकरणीय है। प्राध्यापिका ममता टोप्पो और प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा अपने उद्बोधन में सभी का आभार व्यक्त किया गया।सभी प्रशिक्षु और अभिभावकों के सम्मान में सुस्वादु लंच का आयोजन भी कराया गया जिसके पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।इस अवसर पर पंकज, पवन, रेणुका, मनु, कुंदन, शिव, चिनीबास, शशि, प्यारी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चलते चलते एक नजर

### महाकुम्भ के दौरान संगम तट पर आकाश से होगी पुष्प वर्षा



**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महाकुम्भ को यादगार बनाने के लिए हर सम्भव कोशिश कर रही है। श्रद्धालुओं के लिए यह महाकुम्भ एक शानदार अनुभव हो, इसके लिए स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा सभी चीजों का खास ध्यान रखा जा रहा है। महाकुम्भ की भव्यता और दिव्यता को आयाम देने के लिए श्रद्धालुओं पर हर बार की तरह इस बार भी आकाश से पुष्प वर्षा किए जाने की योजना पर भी काम हो रहा है।उल्लेखनीय है कि योगी सरकार इससे पहले भी कुम्भ, माघ मेला समेत कई धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करती रही है। इस परम्परा का महाकुम्भ के दौरान भी पालन किए जाने की योजना है।मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कई धार्मिक आयोजनों के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं, साधु और संतों पर पुष्प वर्षा की जाती रही है। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप महाकुम्भ में भी इस परम्परा का निर्वहन किया जाएगा।

### अग्नि दुर्घटना से बचाव की जानकारी दी गई



**धमतरी :** जिला अस्पताल में दमकल विभाग की टीम ने जिला अस्पताल परिसर में विभिन्न अग्निशमन यंत्रों का प्रदर्शन कर डाक्टर्स व स्टाफ को अग्नि दुर्घटना से बचाव की आज जानकारी दी। रायपुर व झांसी के अस्पतालों में बोते दिनों हुई अग्नि दुर्घटना को देखते हुए दमकल विभाग द्वारा सुरक्षा व बचाव के लिए फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच व डेमो दिखाया जा रहा है। विशेषज्ञों ने बताया कि जैसी आग होती है, वैसा ही आग से बचाव का तरीका होता है। पेट्रोल में लगी आग को पानी से नहीं बुझाते।जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी गीतेश पवार, दिलीपनिषाद, देवेंद्र साहू व भरत ठाकुर अग्निशमन यंत्रों के साथ फायर ब्रिगेड के वाहन से जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल परिसर में फायर फाइटरों ने डाक्टर्स, स्टाफ नर्स व स्टाफ के सामने अग्निशमन यंत्रों प्रदर्शन कर उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्रों को इमरजेंसी में इस्तेमाल करने के तरीके बताए। कर्मचारियों ने डेमो के दौरान आग जलाकर विभिन्न फायर सेफ्टी यंत्रों का उपयोग कर बुझाकर दिखाया। वहीं मौजूद डाक्टर्स व स्टाफ ने उपकरणों से आग को बुझाया।

# प्रमंडल स्तरीय राजस्व संग्रहण की बैठक हुई आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** प्रमंडलीय सभागार में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए इसमें तत्काल सुधार लाने तथा हर हाल में लक्ष्य प्राप्ति करने के निर्देश दिए। बैठक में परिवहन, नीलाम पत्र, खनन, उत्पाद एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा की गई। जिसमें बारी-बारी से विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की स्थिति की समीक्ष की गई तथा अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि प्रमंडल एवं जिले स्तर पर पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व सभी जिला अपने- अपने विभागो का राजस्व वसूली बढ़ाने एवं राजस्व संग्रहण में सुधार लाने का कार्य तेजी से करें। सभी एक्शन प्लान तैयार कर लें। आयुक्त ने कहा कि राजस्व संग्रहण की मॉनिटरिंग प्रमंडल स्तर से की जाएगी। सभी विभाग हर माह



संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे।
जिला परिवहन पदाधिकारियों को अपने-अपने जिला में वाहनों की जांच कर वसूली करने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान चलाकर ओवरलोडिंग वाहनों एवं छोटे वाहनों के परमिट की सघन जांच करने का निर्देश दिया।उन्होंने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी अवैध माइनिंग हो तत्काल रोक लगाएं। समय समय पर छापेमारी करें और आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सभी खदानों का सेक्शन मेजरमेंट कराएं। आयुक्त ने कहा कि कई घाटों से अवैध बालू उठाव किया जा रहा है। अवैध बालू का उठाव पूर्ण रूप से बंद हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाया जाए। चोरी छिपे अवैध बालू का उठाव करते हुए पकड़े जाने पर संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में उत्पाद विभाग कि समीक्षा के दौरान आयुक्त ने शराब का अवैध व्यापार रोकने के लिए छापेमारी, एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बिक्री पर रोक के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
नीलाम पत्र की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि नीलाम पत्र पदाधिकारी अपने कार्य में रुचि दिखाते हुए कार्य को तेजी से करें। नीलाम पत्र में लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने का कार्य करना सुनिश्चित करें। नीलाम पत्र पदाधिकारी अपने स्तर से नीलाम पत्र में दायर लंबित मामले का अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।आयुक्त ने बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारीयों को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार हरिवंश पंडित, अवर सचिव नरेश गुप्ता सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य सभा में कैश मिलने पर सिंघवी ने दी सफाई, कहा- इस मुद्दे का किया जा रहा है राजनीतिकरण

**नई दिल्ली:** राज्यसभा में शुक्रवार का दिन काफी हंगामेदार रहा। शुक्रवार को राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में जानकारी दी कि सीट नंबर 222 के नीचे नोटों की गड्डी मिली है। यह सीट तेलंगाना से राज्यसभा सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की है। इसको लेकर सदन में कांग्रेस सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। इन आरोपों पर अभिषेक मनु सिंघवी ने वीडियो जारी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को वे केवल तीन मिनट के लिए सदन में मौजूद रहे। उन्होंने कहा, पहली बार ऐसा सुनने में आया, मैं जब भी राज्यसभा जाता हूं तो एक 500 रुपये का नोट साथ लेकर जाता हूं।

# केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से कटवाने का आरोप

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा गुपचुप तरीके से वोटर्स का नाम हटवाने का प्रयास कर रही है। केजरीवाल ने दावा किया कि शाहदरा विधानसभा में पिछले एक महीने में भाजपा ने लगभग 11,018 वोटर्स के नाम मतदाता सूची कटवाने के लिए आवेदन दिए हैं, और यह सिलसिला अभी भी जारी है।
केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने लेटरहेड पर वोट कटवाने के लिए आवेदन दिया है। पिछले 1.5 महीनों में उन्होंने



11,018 लोगों के वोट कटवाने का आवेदन दिया है। इन आवेदनों में कहा गया है कि ये लोग या तो कहीं और चले गए हैं या उनकी मौत हो गई है। हमने 500 वोटर्स की रैंडम जांच की, जिनमें से 372 लोग अपने पते पर ही रह रहे थे। इसका मतलब है कि उनकी 75 प्रतिशत लिस्ट गड़बड़ है।केजरीवाल ने यह भी कहा कि यदि एक विधानसभा क्षेत्र से 6 प्रतिशत वोट कटते हैं, तो चुनाव कराने का कोई मतलब नहीं है। वर्तमान में शाहदरा विधानसभा में कुल 186,000 वोटर्स हैं और भाजपा ने इनमें से लगभग 11,000 वोट कटवाने के लिए आवेदन दिए हैं। केजरीवाल ने चिंता व्यक्त की कि अभी और कितने आवेदन आएंगे, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।उन्होंने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिन लोगों के वोट कटवाने के आवेदन आए हैं, उनकी सूची आयोग की वेबसाइट पर नहीं है। उन्होंने कहा कि वहां केवल 487 आवेदन दिख रहे हैं जबकि चुनाव आयोग ने इन पर कार्रवाई कर ली है।केजरीवाल ने कहा कि 14 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की ओर से जनकपुरी से लगभग 6,000, संगम विहार से 5,000 और आरके पुरम से 4,000 वोटर्स को हटाने के आवेदन मिले हैं। हालांकि, भाजपा की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया अभी तक नहीं आई है।

# दो पिकअप पर लदे 34 पशु बरामद

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण :** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पशु तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सुगौली थाना पुलिस ने दो पिकअप पर लदे 34 पशुओ के साथ तीन पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि सूचना मिली की एनएच-28 मोतिहारी-बेतिया मार्ग पर पिकअप गाड़ी में लदे पशु को तस्करी हेतु ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद त्वतरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी सदर-02 के नेतृत्व में गठित टीम ने वाहन जांच शुरू किया। इसी दौरान पुलिस वाहन को देखकर पशु तस्कर भागने का प्रयास करने लगे,लेकिन सशस्त्र बलो ने खदेड़कर



सुगौली थानाक्षेत्र के बंगरा ओवर ब्रिज एवं पश्चिम चम्पारण, बेतिया श्रीपुर सीमा पर दोनो पिकअप को पकड़ लिया।जिस पर भैंस 17 भैस एवं 17 पाड़ा कुल 34 पशु को बरामद किया गया एवं पिकअप गाड़ी के चालक एवं उपचालक सहित तीन पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।पूछताछ के दौरान इन लोगो ने बताया कि बरामद सभी पशुओ को नेपाल लेकर जा रहे थे।जहां गढी माई मेला में बलि के लिए अच्छे दाम पर बिक्री करनी थी।

# धर्मेंद्र प्रधान 11 दिसंबर को करेंगे स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का उद्घाटन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का 7वां संस्करण 11 दिसंबर को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअली इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एसआईएच एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य छात्रों को हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करना है और इस प्रकार उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है। पिछले संस्करणों की तरह, छात्र दल मंत्रालयों, विभागों और उद्योगों द्वारा दिए गए समस्या कथनों पर काम करेंगे या 17 विषयों में से किसी के विरुद्ध छात्र नवाचार श्रेणी में अपना विचार प्रस्तुत करेंगे।एसआईएच



2024 के लिए 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योगों द्वारा 250 से अधिक समस्या विवरण प्रस्तुत किए गए हैं। इस वर्ष संस्थान स्तर पर आंतरिक हैकथॉन में 240 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई है, जो एसआईएच 2023 में 900 से बढ़कर एसआईएच 2024 में 2247 से अधिक हो गई है, जिससे यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण है। संस्थान स्तर पर एसआईएच 2024 में 86000 से अधिक टीमों ने भाग लिया है और लगभग 49,000 छात्र टीमों (प्रत्येक में 6 छात्र और 2 संरक्षक शामिल हैं) को राष्ट्रीय स्तर के दौर के लिए इन संस्थानों द्वारा अनुशंसित किया गया है। एसआईएच का ग्रैंड फिनाले विभिन्न मंत्रालयों, सरकारी विभागों के अधिकारियों और छात्रों, शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों के बीच खुली बातचीत के लिए एक मैदान के रूप में भी कार्य करता है।

# गरीब कामगारों के लिए गेम चेंजर बनेगी पीएम विश्वकर्मा योजना : जीतन मांझी



**एजेंसी**

**नई टिहरी :** केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना गरीब और वंचित वर्ग के कामगारों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है। इस योजना के तहत अब छोटे उद्यमियों को बिना किसी बैंक गारंटी के स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए विभागीय पोर्टल ÷उद्यम÷ पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। उन्होंने बताया कि अब तक देशभर में पांच करोड़ से अधिक कामगार इस पोर्टल पर पंजीकरण कर चुके हैं। केन्द्रीय मंत्री मांझी शुक्रवार को टीएचडीसी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री मांझी ने कहा कि वह निजी दौरे पर उत्तराखंड आए थे ताकि विभागीय योजनाओं की जानकारी ले सकें। उन्होंने बताया कि उनके गठबंधन दल भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल और अन्य लोगों ने यहां की समस्याएं साझा कीं। मांझी ने यह भी कहा कि एमएसएमई विभाग पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, और खादी ग्रामोद्योग तथा उद्योग विभागों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि एमएसएमई विभाग से वर्तमान में 23 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है और भारत की जीडीपी में इसका योगदान करीब 31 प्रतिशत है। पहाड़ी क्षेत्रों में बांस आधारित उद्योग, जंगली फल, अगरबत्ती, धूपबत्ती और अन्य उत्पादों में स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस योजना को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से विभागीय योजनाओं पर चर्चा करने की भी बात कही। इसके बाद मंत्री ने परिजनों के साथ टिहरी बांध और झील का भ्रमण किया और बोटिंग का आनंद लिया। मंत्री के टिहरी पहुंचने पर जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, जिला महामंत्री उदय रावत और अन्य पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया।

### सीरिया और दक्षिण कोरिया के घटनाक्रम पर हमारी नजरः विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली :** भारत ने सीरिया के उत्तरी शहरों में विरोधियों से संघर्ष और दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लगाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भारत स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने उत्तरी सीरिया में संघर्ष बढ़ने के हालिया घटनाक्रम पर ध्यान दिया है। हम स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। इस समय 90 भारतीय सीरिया में है और इसमें संयुक्त राष्ट्र संगठन में काम करने वाले भारतीय भी शामिल हैं। हमारा दूतावास उनके साथ करीबी संपर्क बनाए हुए है और उनकी सुरक्षा और बचाव के लिए काम कर रहा है। दक्षिण कोरिया पर प्रवक्ता ने कहा कि भारत के दक्षिण कोरिया के साथ मजबूत आर्थिक एवं राजनीतिक संबंध है। हालिया घटनाक्रम से वहां रह रहे भारतीयों और हमारे हितों पर प्रभाव पड़ सकता है। हम लगातार स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक
जनता को **सोशल मीडिया** पर
प्रसारित **शीर्ष प्रबंधन** द्वारा
वित्तीय सलाह देने वाले फर्जी
**(डीपफेक) वीडियो**
के प्रति सतर्क करता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में यह आया है कि सोशल मीडिया पर गवर्नर के फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें रिज़र्व बैंक द्वारा कतिपय निवेश योजनाओं को शुरू करने या उनको समर्थन प्रदान करने का दावा किया गया है। इन वीडियो में लोगों को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने का प्रयास किया गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक यह स्पष्ट करता है कि उसके अधिकारी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं हैं और न ही उनका समर्थन करते हैं तथा ये वीडियो फर्जी हैं। रिज़र्व बैंक वित्तीय निवेश संबंधी ऐसी कोई सलाह नहीं देता है।

अतएव, जन सामान्य को सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसे फर्जी (डीपफेक) वीडियो और उनका शिकार होने से बचने के लिए सतर्क किया जाता है।

आरबीआई वेबसाइट पर जाने के लिए यहां स्कैन करें।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in